ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 04.09.2023 | वर्ष 10, अंक 242

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

**सुविचार**

जितना आप अपनी जिन्दगी से प्यार करोगे जिन्दगी भी वापिस आपको उतना ही प्यार करेगी..

## क्विक न्यूज

### सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को रविवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हलके बुखार के बाद भर्ती कराया गया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हाल ही में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई गई थीं। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में सोनिया गांधी डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी हालात सामान्य है।

### एक करोड़ का हीरा लूटकर भागे, अरेस्ट

**सूरत :** गुजरात में सूरत के सरथाणा में श्यामधाम मंदिर के पास रविवार सुबह चार लोग गुजरात आंगड़िया फर्म से एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत के हीरे और अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने चारों को कुछ घंटे के अंदर ही नवसारी-वलसाड हाइवे पर कार समेत दबोच लिया। वलसाड एलसीबी ने कहा है कि हीरे और अन्य सामान बरामद कर लिया गया है। गुजरात आंगड़िया फर्म एक कर्मचारी ने बताया कि शहर से बाहर हीरे और कुछ सामान का पार्सल भेजा जाना था। सामान को पार्सल करने के लिए कार में रखा जा रहा था। तभी हथियारबंद बदमाश आ गए। बंदूक का भय दिखाकर लूटपाट की और कार से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि घटना से पूर्व रेकी होने की आशंका है।

### मायावती ने झारखंड के कार्यकर्ताओं से कहा- गठबंधन के भरोसे न रहें, अपने पैरों पर खड़े होने की जरूरत

**लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बाद रविवार को पार्टी की झारखंड इकाई के पदाधिकारियों के साथ लखनऊ में बैठक की। मायावती ने लोकसभा के आगामी चुनाव के मद्देनजर पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि गठबंधन के भरोसे न रहें। अपने पैरों पर खुद खड़े होने की जरूरत है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि झारखंड में पार्टी संगठन की मजबूती और हर स्तर पर जनाधार को बढ़ाने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के चयन आदि को लेकर भी चर्चा की गई। मायावती ने कहा कि झारखंड आदिवासी बाहुल्य राज्य है और यहां कर्मठ, ईमानदार एवं मिशनरी लोगों को आगे करके पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाया जाए।

### लेवी के 5 लाख रुपए के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

**छतरपुर (पलामू) :** छतरपुर पुलिस ने पांच लाख रुपए एवं नक्सली चिट्ठी के साथ दो भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि राजकेश्वर यादव उर्फ बिनोद यादव पिता स्व0 सरयू यादव ग्राम- खेन्द्राखूर्द थाना छतरपुर एवं हरिहर यादव पिता कैलाश यादव ग्राम- गोरियाथान थाना हुसैनाबाद को पकड़ा गया। उनके मोटरसाईकिल के डिक्की को चेक करने पर भाकपा माओवादियों द्वारा लेवी का उगाही किया हुआ पांच लाख रूपया बरामद किया गया।

### धनबाद में ट्रक और टैंकर के बीच जोरदार भिड़ंत में दो की मौत

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाडीह मोड के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक एवं टैंकर के बीच भीषण टक्कर में कोयले के ढेर में दबकर दो लोगों की मौत हो गई। राहत कार्य में एक जेसीबी को लगाया गया है। स्थानीय गोविन्दपुर थाने की पुलिस और एनएचएआई के कर्मियों के अलावा स्थानीय लोग रेस्क्यू कार्य में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार डिवाइडर में गलत कटिंग की वजह से आए दिन यहां सड़क दुर्घटना होती रहती है। इन दोनों सड़कों का निर्माण का कार्य भी चल रहा है, जिस वजह से सड़क निर्माण की सामग्री यत्र-तत्र डंप है। आवश्यक सूचना पट्ट भी नहीं लगाए गए हैं। इस संबंध में गोविंदपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि टक्कर में ट्रक से गिरे कोयले के ढेर से दो लोगों का शव बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में पैदल चल रहा व्यक्ति और एक बाइक सवार शिकार हुआ है।

### डुमरी विधानसभा उपचुनाव, खत्म हुआ चुनाव प्रचार

# इंडिया व एनडीए ने झोंकी ताकत

**जेएमएम प्रत्याशी के पक्ष में सीएम हेमंत सोरेन ने किया रोड शो**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेरमो :** बेरमो विधान सभा में सभी प्रत्याशियों द्वारा अंतिम दम लगाया जा रहा है. रविवार को यहां चुनाव प्रचार खत्म हो गया. इण्डिया प्रत्याशी बेबी देवी की जीत के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रचार के अंतिम दिन ताकत झोंक दी. रविवार को सीएम ने डुमरी में रोड शो किया. इनके साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफीजुल अंसारी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री आलमगीर आलम भी थे. यह शो झारखंड कॉमर्स कॉलेज से शुरू हुआ जो चिरैया मोड़ से कुलगो, कुलगो से सीमराडीह मोड़, डुमरी बाजार, इसरी बाजार, रांगामाटी होते हुए निमियाघाट तक पहुंचा. यहां से सीएम हेमंत सोरेन वापस झारखंड कॉमर्स कॉलेज पहुंचे. इस रोड शो के दौरान काले रंग के ओपेन थार पर मुख्यमंत्री सवार थे. मुख्यमंत्री के अलावा हफीजुल अंसारी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री आलमगीर आलम सवार थे. इसी वाहन के अगले सीट पर इण्डिया प्रत्याशी बेबी देवी बैठी थी. इस शो के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करते दिखे. कहीं कहीं सीएम मुस्कराते हुए हाथ हिलाते दिखे. दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के इस रोड शो में सैकड़ों की संख्या में बाइक पर सवार होकर लोग भी पहुंचे. इस दौरान कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, विधायक सुदिव्य कुमार, जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक जेपी वर्मा, जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस नेता सतीश केडिया, राजू महतो समेत झामुमो, कांग्रेस, भाकपा माले के कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे. इधर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में भी भाजपा व आजसू के दिग्गज अपने प्रत्याशी के पक्ष में जमकर पसीना बहाया।

### एनडीए प्रत्याशी की जीत तय : मरांडी

**रांची :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डुमरी उप चुनाव में जनता बदलाव का मन बना चुकी है। ऐसे में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में लोग हेमंत सोरेन सरकार में कानून व्यवस्था के बद से बदतर होते हालत से त्रस्त हैं। डुमरी की जनता भी इसे महसूस कर चुकी है। बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डुमरी सहित अन्य जगहों पर पुलिस टूल्स के तौर पर काम कर रही है। सत्ता पक्ष के दलों में हार की आशंका है। यही वजह है कि झामुमो के दलाल हताशा में अवैध कार्यों को करने में लगे हैं।मरांडी ने कहा कि नावाडीह में ही भाजपा के एक वर्कर निर्मल महतो का एक स्कूल है। डुमरी उप चुनाव के लिए भाजपा के कुछ वर्कर इसमें ठहरे थे। पुलिस कई बार रात में झामुमो के लोगों के साथ आकर जांच के नाम पर तंग करती रही। यह हेमंत सरकार की हताशा को दिखाता है। बाबूलाल ने कहा कि एक गांव के संथाली टोला में जब वे गये तो संथाली भाषा में स्थानीय लोगों ने बताया कि झामुमो के लोगों ने उन्हें धमकी दी है कि यदि एनडीए प्रत्याशी को वोट दिया तो उनको राशन देना बंद कर दिया जाएगा। लोकतंत्र में यह धमकी ठीक नहीं। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह डुमरी में भयमुक्त और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा और मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

## संसद के विशेष सत्र की रणनीति बनाने में जुटा विपक्ष



*** कांग्रेस चीफ खरगे ने अपने घर पर बुलाई इंडिया गठबंधन की बड़ी बैठक**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार की ओर से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के बाद विपक्ष रणनीति बनाने में जुटा है.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने 5 सितंबर मंगलवार को अपने घर पर विपक्षी दलों की बैठक बुलाई है. 5 सितंबर की शाम 8 बजे से राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन में दलों के नेताओं की बैठक होगी.

बैठक के बाद खरगे के घर पर ही डिनर का भी आयोजन किया गया है.केंद्र सरकार ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए 31 अगस्त (गुरुवार) को संसद का विशेष बुलाए जाने के बारे में जानकारी दी थी. 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है जिसमें 5 बैठकें होनी है. केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद देशभर में राजनीति गरमा गई है. इस मद्दे को लेकर पक्ष-विपक्ष का एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. हालांकि संसद के इस विशेष सत्र में किस मद्दे पर चर्चा होगी इसे लेकर अलग-अलग अनुमान लगाए जा रहे हैं. केंद्र सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए 8 सदस्यीय समीति का गठन किया है. पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया था.

केंद्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद को कमेटी में शामिल किया गया है. हालांकि वन नेशन, वन इलेक्शन कमेटी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम शामिल नहीं होने की वजह से कांग्रेस के साथ-साथ विपक्ष के कई नताओं ने भी नाराजगी जाहिर किया.

इसके बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी इस समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया.

## 9-10 सितंबर को 300 से अधिक गाड़ियों का परिचालन होगा प्रभावित



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्टीय राजधानी दिल्ली में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन की वजह से 300 से अधिक रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। इन ट्रेनों की सूची उत्तर रेलवे ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा की है। इन ट्रेनों में इंटरसिटी और एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल हैं। उत्तर रेलवे इन अपनी पोस्ट में कहा है कि दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाले इस शिखर सम्मेलन के कारण इन गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

उत्तर रेलवे की इस आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा गया है कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जारी परामर्श के मद्देनजर इन ट्रेन को आठ से 11 सितंबर के बीच या तो रद्द कर दिया गया है या फिर इनके मार्ग या गंतव्य स्थान में परिवर्तन किया गया है। यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए जम्मूतवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, तेजस राजधानी हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, वाराणसी-नई दिल्ली एक्सप्रेस सहित 70 ट्रेन के रुकने के लिए अतिरिक्त स्टेशन निर्धारित किए गए हैं। 36 ट्रेन के प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन को बदला गया।

साथ ही जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान तीन ट्रेन दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकेंगी।

## विश्व की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा भारत : पीएम मोदी

*** जी 20 में हमारे दृष्टिकोण को दुनिया भविष्य के रोडमैप के रूप में देख रही है**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** जी 20 की अध्यक्षता के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे कई सकारात्मक प्रभाव हुए हैं और उसमें से कुछ मेरे दिल के बहुत करीब हैं.प्रधानमंत्री ने कहा,जी20 में हमारे शब्दों और दृष्टिकोण को दुनिया न कि केवल विचारों के रूप में बल्कि भविष्य के रोडमैप के रूप में देख रही है.दुनिया का जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण अब मानव-केंद्रित में बदल रहा है और भारत उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है. श्रीनगर और अरुणाचल में जी 20 बैठक पर चीन और पाकिस्तान की आपत्ति को खारिज करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश के हर हिस्से में बैठक कर सकते हैं. एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कहा कि गैर-जिम्मेदार वित्तीय नीतियों और लोक लुभावने वादों से तुरंत राजनीतिक फ़ायदे मिल सकते हैं, लेकिन भविष्य में इसकी आर्थिक और सामाजिक क़ीमत चुकानी पड़ती हैं. इसमें नुक़सान ग़रीबों का होता है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता ने तथाकथित तीसरी दुनिया के देशों में भी विश्वास के बीज बोए. उन्होंने कहा, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी की थीम वसुधैव कुटुंबकम सिर्फ नारा नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार से प्राप्त व्यापक दर्शन है. निकट भविष्य में भारत विश्व की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा.उन्होंने कहा कि एक दशक से भी कम समय में भारत ने रिकॉर्ड छलांग लगाते हुए पांचवा स्थान हासिल किया था. जी 20 का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जी 20 में अफ्रीका हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी की आवाजें सुने बिना दुनिया की कोई भी भविष्य की योजना सफल नहीं हो सकती. उन्होंने कहा,दुनिया के सामने मंहगाई की प्रमुख समस्या, हमारी जी 20 अध्यक्षता ने यह मान्यता दी कि एक देश में मुद्रास्फीति विरोधी नीतियां दूसरों को नुकसान नहीं पहुंचाती हैं.कभी एक बड़े बाजार के रूप में देखा जाने वाला भारत अब वैश्विक चुनौतियों के समाधान का हिस्सा है.सभी क्षेत्रों में लिए गए जी 20 मंत्रिस्तरीय निर्णय दुनिया के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे.

**साइबर अपराध चिंता का विषय**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर चिंता जताई है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध, सामाजिक और भू-राजनीतिक तनाव उत्पन्न कर सकते हैं। एक इंटरव्यू में साइबर अपराध से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं और डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का फायदा उठा रहे हैं।

## भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के लिए तीन दिन दिल्ली में मंथन करेंगे कमांडर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से भारतीय नौसेना के कमांडर 04 से 06 सितंबर तक दिल्ली में विचार मंथन करेंगे। नौसेना कमांडर हथियारों और सेंसर के प्रदर्शन तथा भारतीय नौसेना के प्लेटफार्मों की तैयारी की समीक्षा भी करेंगे। 2023 में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की तलाश करेगा। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट भी नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार 2023 के नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 04 से 06 सितंबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह सम्मेलन शीर्ष स्तर का द्विवार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें नौसेना कमांडर महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर विचार-विमर्श करेंगे। हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार की अध्यक्षता में भारतीय नौसेना का वरिष्ठ नेतृत्व प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करेगा। पिछले छह महीनों के दौरान की गई गतिविधियों के साथ सम्मेलन में आगामी महीनों में अपनाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।सम्मेलन के दौरान रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट




नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन देश के समग्र आर्थिक विकास के लिए आवश्यक सुरक्षित समुद्री वातावरण के विकास की दिशा में कई अंतर-मंत्रालयी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ नौसेना कमांडरों की संस्थागत बातचीत का अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन में एनएसए, भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना के प्रमुखों के साथ त्रि-सेवा तालमेल के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के साथ ही समुद्री बलों की तैयारी का आकलन किया जाएगा।नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि पिछले छह महीनों के दौरान तीव्र परिचालन गति देखी गई है, क्योंकि भारतीय नौसेना का अभियान अटलांटिक से प्रशांत महासागर तक फैला हुआ है। भारतीय नौसेना के जहाजों ने ऑपरेशन कावेरी के हिस्से के रूप में सूडान से भारतीय नागरिकों की निकासी की थी और ऑपरेशन करुणा के दौरान चक्रवात मोचा के बाद म्यांमार में राहत एवं बचाव कार्य चलाया था। यह फोरम नौसेना की परिचालन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करेगा, जिसमें नौसेना के हथियारों, सेंसर के प्रदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कमांडर 2047 तक पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने की दृष्टि के अनुरूप मेक इन इंडिया के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ाने पर नौसेना परियोजनाओं की भी समीक्षा करेंगे। सम्मेलन के मौके पर नौसेना के स्वदेशीकरण, नवाचार और तकनीकी पहल का प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई गई है। साथ ही भारतीय नौसेना में पुरानी प्रथाओं की पहचान करने और उन्हें हटाने की दिशा में हुई प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना हिन्द महासागर और उसके बाहर अनिश्चित भू-रणनीतिक स्थितियों के कारण उभरने वाली सभी समुद्री सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

### देश के सभी राज्यों पर हमला है एक देश-एक चुनाव : राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को देश में लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के विचार के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना है कि एक राष्ट्, एक चुनाव का विचार भारत पर हमला है, जो उनके अनुसार राज्यों का संघ है।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**संक्षिप्त खबरें**

### प्रखंड के सभी सहायक अध्यापक सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में काला बिल्ला लगाकर विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आहवाहन पर आगामी 5 सितम्बर को प्रखंड के सभी सहायक अध्यापक सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में काला बिल्ला लगाकर विरोध जताएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुये एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार चुनाव के समय किये वायदे को पूरा करने में विफल रही है। पूर्व की सरकार की तरह यह सरकार भी सहायक अध्यापकों को छलने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सहायक अध्यापक उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। उन्होंने प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों से आगामी 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के दिन काला बिल्ला लगाकर विरोध जताने की अपील किया है।

## पुलिस ने नकली नोट के साथ चार लोगो को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने नकली नोट के कारोबार करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया की दिनांक 02.09.23 को करीब 11.00 बजे दिन में वरीय पदाधिकारी को जाली नोटो का कारोबार करने वाले गिरोह का कचहरी ओभर ब्रीज के पास एकजुट होने एवं जाली नोट का लेन-देन करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए एक टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों के द्वारा कार्रवाई करते हुए कचहरी ओभर ब्रीज के पास से चार व्यक्तियों को नकली भारतीय नोट का लेन-देन करते पकड़ा गया तथा उनके पास से 500 रूपये का कुल 58 पीस नोट बरामद किया गया है। बरामदगी पश्चात इन नोटों के नकली होने से संबंधित प्रमाण भारतीय स्टेट बैंक, कचहरी शाखा के प्रबंधक के द्वारा दिए जाने के उपरांत मामले में शहर थाना कांड संख्या - 381 / 2023 दि0-02.09.23 धारा-489 (ए)/ 489 (बी) / 489 भा0द0वि0 का दर्ज किया गया तथा चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है।

## शॉर्ट सर्किट से बोलेरो में लगी आग जलकर हुआ राख चालक हुआ जख्मी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत चतरा चौपारण मुख्य रोड में बेलगाछ के समीप एक बोलेरो में चलते-चलते शॉर्ट सर्किट के वजह से आग लग गई। जिससे बोलेरो पूरी तरह जल के राख हो गया। किसी भी प्रकार की मौका आग बुझाने के लिए नहीं मिल पाया। बताते चले की गाड़ी चतरा से चौपारण जा रही थी। गाड़ी का नंबर जेएच 02 बी एम 4247 बताया जा रहा है।एवं गाड़ी चालक का नाम सुभाष दांगी बताया जा रहा है। चालक आग की लपेट में पढ़ने से जख्मी हो गया। जिसको राहगीरों एवं ग्रामीणों के तत्परता से बेहतरीन इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। घटना स्थल पर सूचना मिलती ही गिद्धौर थाना के एस आई विजय गुप्ता पहुंचे। एवं जांच पड़ताल किया।

## मझिगावां के विशाल कुमार तीन दिनों से लापता



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के मझिगावां निवासी लक्ष्मण प्रसाद के पुत्र विशाल कुमार उर्फ राजकपूर कुमार 25 वर्ष तीन दिनों से लापता है। विशाल के बड़े भाई नीतीश कुमार ने चैनपुर थाना में गुमशुदगी का आवेदन देकर कहा है कि मेरा भाई विशाल कुमार 30 अगस्त को रात में लगभग 10 बजे घर से खाना खा कर गांव में घूमने के लिए निकला था। लेकिन वह रात में घर नहीं आया। उसी रात से उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। मेरा भाई विशाल कुमार हाफ पैंट और टी शर्ट में घर से निकला था। उन्होंने कहा कि विशाल कही भी दिखे तो इसकी सूचना दे।

## दुर्गा सोरेन सेना की बैठक 6 को

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर दुर्गा सोरेन सेना की बैठक 6 सितंबर को जिलाध्यक्ष धनेश्वर गंझू की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी महासचिव संतोष नायक ने दी। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन सेना कार्यकर्ताओं की बैठक शहर के पुराना धर्मशाला में होगी। बैठक में केंद्रीय पदाधिकारी से लेकर पंचायत पदाधिकारी तक उपस्थित रहेंगे।

## ब्रेन ब्रिज किंडर प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने रविवार को मेदिनीनगर के दो नंबर टाउन स्थित 'ब्रेन ब्रिज किंडर' प्ले स्कूल में दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष इंदरसिंह नामधारी ने कहा कि,प्ले स्कूल के बच्चों को खेल के साथ शिक्षा देने से बच्चों का मानसिक विकास होगा प्ले स्कूल का अर्थ ही है बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षित करना। इंदरसिंह नामधारी ने कहा की मेदिनीनगर जैसे शहर में बच्चों के लिए प्ले स्कूल स्थापित करना प्रबंधन का एक बेहतर प्रयास है। बच्चो की पढ़ाई के लिए ट्रेनर के साथ- साथ विभिन्न उपकरणों से भी स्कूल को सुसज्जित किया गया है।भविष्य में यह प्ले स्कूल आगे बढ़ते रहे मेरी शुभकामना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के आकाश रंजन तथा नवल शुक्ला ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रेन ब्रिज किंडर प्ले स्कूल अपने आप में शहर का पहला ऐसा प्ले स्कूल है जो पूरी तरीके से एक्टिविटी पर बेस्ड है साथ यहां अनूठे तरीके से छोटे बच्चों को खेलङ्कखेल में रोचक तरीके से पढ़ाया जाएगा 10 तारीख तक एडमिशन लेने वाले छात्रों को वार्षिक शुल्क में पूरी छूट दी जाएगी इसलिए अभिभावकों से अपील है कि वह जल्द से जल्द अपने बच्चे सुरक्षित कर लें क्योंकि यह सीमित हैं मौके पर पांकी विस के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह,परशुराम सेना के सदस्य,वैद्यनाथ उपाध्याय विद्यालय परिवार के विकास कुमार,रौशन कुमार,चिंटू कुमार, विद्यालय की अनेक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सतनाम जप, सत्यानु शरण पाठ व नारी नीति का पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी राजकुमार ने कहा कि सत्संग जगत में दो सितम्बर का विशेष महत्व है. उन्होंने कहा कि दो सितंबर 1946 को श्री श्री ठाकुर जीअपने कुछ शिष्यों के साथ देवघर आये थे। इसके बाद उन्होंने सत्संग नगर का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष दो सितंबर कोआगमनी दिवस के रूप में मनाया जाता है.उन्होंने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम में सभी देवी देवताओं का वास होता है.जगत के कल्याण के लिये समय समय पर मानव रूप में पुरुषोत्तम आते हैं.सत्संगी माला देवी ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी अवतारी मानव हैं। उनके द्वारा प्रदत्त नाम का अनवरत जाप करना चाहिये.कलियुग के लिये ईश्वर का नाम ही एक आधार है.इस नाम का स्मरण करने से ही मानव का कल्याण सम्भव है। ऋ त्विक धृतिसुन्दर लाल ने भी सत्संग व नाम की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुये उसके प्रभाव का वर्णन किया। आगामी 5 नवम्बर को श्री श्री ठाकुर जी के उत्सव को सफल बनाने के लिये तथा उस पर होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा किया। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, श्रीकांत लाल, आयुष कुमार,ि शवम कुमार, पीयूष कुमार, रीना जायसवाल, संध्या देवी, निर्मला जायसवाल, प्रभा देवी,प्रमिला देवी, आकांक्षा, रानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार तीन लोगों को भेजा गया जेल



**सेन्हा-लोहरदगा प्रभात मंत्र संवाददाता):** गौवंशीय पशु तस्करी मामला में आठ लोगो के विरुद्ध किया गया प्राथमिकी दर्ज वही तीन गिरफ्तार आरोपीयों को सेन्हा पुलिस जांचोपरांत भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के इचरी टेंगरिया के रास्ते होते हुए गौवंशीय पशु तस्करी का गुप्त सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कारवाई के दौरान झलजमीरा डीपा टोली के समीप 36 पशु के साथ तीन संलिप्त आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया था। जबकि पांच अज्ञात आरोपीयों के विरुद्ध अग्रतर कारवाई पुलिस का जारी है। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि गौवंशीय पशु तस्करी आरोपी के विरुद्ध कारवाई करते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 115/23 दर्ज कर गौ बध के नियत से ले जाने के आरोप पर 12(1)(2) के तहत गौवंशीय अधिनिय 2005 के आलोक में तीन आरोपी जफरुद्दीन अंसारी पिता स्वर्गीय करीम अंसारी,मंसूर अंसारी पिता सफरुद्दीन अंसारी दोनो झालजमीरा निवासी एवं मकबूल अंसारी पिता मन्ताज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जबकि पांच अज्ञात आरोपी फरार हो गये जिसके विरुद्ध पुलिसया कारवाई जारी है।

## जी ई एल चर्च पंडरीपानी ढोढरीबहार चर्च में धूमधाम के साथ मनाया गया कादो पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** जी ई एल चर्च पंडरीपानी ढोढरीबहार चर्च में धूमधाम के साथ रविवार को कादो पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं झायपा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे। जहां पर उपस्थित लोगों को कादोपर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री ने कहा यह पर्व धान रोपनी के पश्चात मनाया जाता है जिसमें परमपिता परमेश्वर को धन्यवाद दी जाती है क्योंकि खेती-बाड़ी के दौरान जीव जंतु सहित कई प्रकार की चीज खेत में जाने अनजाने में भूल वश उनकी मौत हो जाती है और इसी को क्षमा मांगने के उद्देश्य से मनाया जाता है हम सभी अच्छी फसल की कामना करते हैं ताकि आने वाले दिनों में फसल अच्छी हो और इस क्षेत्र का वातावरण और क्षेत्र में खुशियां बनी रहे। मौके पर ललित समद अनिल बरला आसियान बागे, सुदीप लुगुन ओलिवर लुगुन, रसाल खलखो आदि उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले रसोइया संघ की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले प्रखंड के रसोइया की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनिता देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक को संबोधित करते हुये संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक व संरक्षक तैयब अंसारी ने कहा कि देश के सभी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को नियमितीकरण करते हुये बीस हजार रुपये मासिक मानदेय भुगतान किया जाना चाहिये. उन्होंने कहा कि उम्र के आधार पर कार्यरत रसोइयों को निष्कासित किये जाने पर 5लाख रुपये ग्रेच्युटी के रूप में नकद भुगतान व दस हजार रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था देश के सभी प्रदेशो में लागू होना चाहिये। रसोइयों व सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये, जिससे वे अपने समस्त परिवार का इलाज सभी अस्पतालों में मुफ्त करा सकें.उन्होंने कहा कि रसोइयों से 11 माह कार्य कराकर 10 माह का मानदेय दिया जाता है, जबकि उन्हें 12 माह का मानदेय मिलना चाहिये. उन्होंने कहा कि कार्यरत रसोइयों को 90 दिन का मातृत्व अवकाश, 14 दिन आकस्मिक अवकाश, मेडिकल सुबिधा, स्वास्थ्य बीमा, ड्रेस तथा मृत्यु के बाद उनके ही परिवार को वरीयता क्रम में रिक्त पदों पर नियुक्त किया जाना चाहिये.उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा रसोइयों के लिये नियमावली बनाकर रसोइयों को चतुर्थ श्रेणी का दर्जा देते हुये सभी सरकारी सुबिधा उपलब्ध कराने की मांग किया। झारखण्ड प्रदेश संरक्षक व प्रभारी बखोरी राम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नियमावली बनाकर छात्र संख्या के आधार पर रसोइयों का चयन किया जाना चाहिये। जिलाध्यक्ष अनिता देवी ने प्रदेश सरकार से जिले के सभी विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर रसोइयों नियुक्ति तत्काल नही होने पर जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन करने को कहा.समाज सेवी सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव माणिक राम ने कहा कि रसोइयों के मान सम्मान व उनका हक दिलाने के लिये हमेशा ततपर रहूंगा। समय पर न्यूनतम मानदेय दिलवाने का भी काम किया जायेगा। मौके पर भवनाथपुर प्रखंड संरक्षक अनिल कुमार यादव, जिला संरक्षक उदय यादव, कामेश्वर प्रजापति, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी उषा देवी, ज्ञानी देवी, केतार प्रखंड अध्यक्ष सीतामणी देवी, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी, खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी, चंद्रावती देवी, समुंद्री देवी, प्रमिला देवी, राजकुमारी कुँवर, देवंती देवी, कलावती देवी, सरस्वती देवी, मालती देवी, सबिता देवी, गीता देवी, कुंदती कुँवर, अनिता देवी, चिंता देवी, शर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में रसोइया उपस्थित थे। बैठक का संचालन उषा देवी ने किया।

## गणेश लोहरा के निधन पर कांग्रेस पार्टी को लगा गहरा सदमा : सुखदेव भगत

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेशरार प्रखंड अन्तगर्त ग्राम सांगोडीह के कांग्रेसी नेता गणेश लोहरा का देर रात निधन हो गया। गणेश लोहरा सागोडीह बुथ अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके है साथ ही साथ सुदुर वर्ती क्षेत्र मे रहकर पूरी निष्ठा से समर्पित भाव से कार्य करते रहे है। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी को गहरा सदमा लगा है। कांग्रेस पार्टी पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत के द्वारा शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा की इस दुख की घड़ी मे कांग्रेस पार्टी उनके परिवार के साथ है। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, महासचिव पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, सचिव कुणाल अभिषेक, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, मनोज सोन तिर्की, फूलदेव उरांव, मनोज भगत, लाल विकास नाथ शाहदेव, विजय चौहान, ताहिर अंसारी, संजीव मुखर्जी, मनीष शर्मा, शाहजहां अंसारी, राजू टाना भगत इत्यादि शामिल है।

### अवैध घोषित पारा शिक्षकों की हुई बैठक

## सड़क से न्यायालय तक लड़कर पारा शिक्षक अपनी वैधता साबित करेंगे : राजेश मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर हाई स्कूल के प्रांगण में 3 सितंबर को छतरपुर एवं नोडिहा बाजार के 502 पारा शिक्षकों को सरकार द्वारा अवैध घोषित किए जाने पर अवैध कहे जाने वाले पारा शिक्षकों की एक बैठक का आयोजन हुआ बैठक की अध्यक्षता एकीकृत मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने किया ,संचालन अवैध पारा शिक्षक कोर कमेटी के सचिन बैजनाथ जी ने किया तथा इस बैठक में कोर कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा पारा शिक्षक 17 सालों से काम करते रहने के बावजूद सरकार द्वारा मनमानी तरीके से अवैध घोषित किया है सड़क से न्यायालय तक लड़ाई लड़कर अपनी वैधता हम साबित करेंगे। कमेटी के सचिव बैजनाथ जी ने कहा कि हमें संगठित रहना है एक मंच पर नौडीहा और छतरपुर एकीकृत रहेंगे और मिलकर हम लोग लड़ेंगे, मुख्य अतिथि सक्रिय सदस्य सिंटू कुमार सिंह ने कहा जिस प्रकार से पूर्व सरकार रघुवर दास को सत्ता से बाहर किया है ठीक उसी प्रकार यह सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए अगर 502 पारा शिक्षकों को अवैध से वैद की श्रेणी में नहीं घोषित करती है तो चरण वध तरीके से पूरे झारखंड में आंदोलन होगी। वही, सभा के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने कहा जब रघुवर सरकार को उखाड़ कर पारा शिक्षक फेंक सकते हैं तो फिर हेमंत सोरेन की वर्तमान सरकार को 2024 में परिणाम के लिए तैयार रहे। इस बैठक में नौडीहा प्रखंड से दिलीप कुमार सिंह आजाद कुमार मुकेश कुमार अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा छतरपुर प्रखंड कोर कमेटी से प्रेम शर्मा उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सदैव सिंह जफरुद्दीन राजेश मिश्रा, अरुण कुमार सिंह राजेश जायसवाल वाकिंदर राम सैकड़ो की संख्या में पारा शिक्षक उपस्थित थे।

## क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष बने नंदन कुमार सिंह व उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड के क्षत्रिय जागृति मंच के बैनर तले रविवार के नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह के आवास मे क्षत्रिय समाज की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता नंदन कुमार सिंह और सफल संचालन तिलक कुमार सिंह ने किया। बैठक मे सर्व सहमति से क्षत्रिय जागृति मंच इकाई नौड़ीहा बाजार के अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटू सिंह, उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह-अजित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गुड्डु सिंह, मीडिया प्रभारी रौशन कुमार सिंह, बिट्टू सिंह, लल्लू सिंह एवं संगठन के संरक्षक रामाशीष कुमार के अलावा प्रत्येक गांव के पांच पांच सदस्य का चयन किया गया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नेता सह पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद पलामू के श्री बिनोद कुमार सिंह और नव निर्वाचित अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह व लक्ष्मी बाई और भारत माता के प्रतिमा पर मालायार्पण का कार्यक्रम किया गया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भी हमारे समाज कुछ लोग रास्ते से भटक गये है वैसे लोगों को संगठन मे जोड़ने का काम किया जायेगा। वही पर नव निर्वाचित अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह ने कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुए कहा समाज ने मुझे मान सम्मान दिया है उसे मै निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेंगे और सर्व सहमति से जो मुझे ताजपोशी किया है उसे हमेशा सम्मान करेंगे। इस बैठक मे भूषण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, प्रो संजय कुमार सिंह, चंद्र भूषण कुमार सिंह, मंटू कुमार सिंह, पप्पू सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, विनय कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा स्कूल के छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया

**रांची** : गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आज तीन सितंबर, रविवार को ठाकुरगांव के खजूर टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के बीच टिफिन बॉक्स,उपकरण बॉक्स और वाटर बोतल का निःशुल्क वितरण किया गया. यह कार्यक्रम ठाकुरगांव थाना में थाना प्रभारी श्री कृष्ण कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया.समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि कार्यक्रम की जानकारी मिलते ही सभी बच्चे थाना परिसर पहुंच कतारबद्ध एवं अनुशासित होकर खड़े हो गए, जहां जत्था के सदस्यों ने उन्हें पढ़ाई की जरूरत के सामान उपलब्ध कराए. सामान पाते ही सभी बच्चों के चेहरे खुशी से चहक उठे एवं जत्थे के सदस्यों का ताली बजाकर अभिवादन किया. उपस्थित हुए बच्चों की संख्या सौ के आसपास थी. आज के इस वितरण कार्यक्रम में थाना के मुंशी अरुण कुमार,हेमंत यादव,सूरज झंडई, गीतांशु तेहरी, विनीत खत्री,आयुष पपनेजा, वंश डावरा, सन्नी पपनेजा, हर्ष सरदाना, रोनित अरोड़ा एवं गीतांशु गांधी को भागीदारी रही.

### परिवार निर्माण-पुस्तक कैटेगरी स्वाध्याय ग्रुप में समीक्षात्मक विचार-विमर्श हुए

**रांची** : गायत्री युग साहित्य पुस्तक स्वाध्याय पाठ-संवाद मंडल एवं संचालन मंडल प्रतिनिधित्व में आज आनलाइन समीक्षात्मक विचार-विमर्श हुए।स्वाध्याय मंडल संचालन प्रतिनिधि ने इस विषय पर स्वाध्याय पाठक सह श्रोतागणों से परिवार निर्माण संबंधित कैटेगरी पुस्तकों पर संवाद किए।आगामी मुम्बई अश्वमेधीय महायज्ञ आयोजन में भागीदार यज्ञ-होताओं व आगन्तुकों,ग्राहकों को पुस्तक स्टाल- प्रदर्शनी आयोजन में लाभान्वित होने के बाबत राय-विमर्श किया गया।

## बैंकों में है चालीस हजार रिक्त पद : सुनील कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई की 19वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन 03 सितंबर 2023 को राँची स्थित गुरुनानक उच्च माध्यमिक स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। जिसमें झारखंड राज्य के सूदूर क्षेत्रों से लगभग 1512 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभा दो सत्रों में आयोजित हुई। प्रातःकालीन सत्र में पूरानी इकाई को भंग कर हाल ही में 2023-26 के लिए इकाई के विभिन्न पदों के लिए हुए चुनाव के परिणाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर श्री अजित कुमार द्वारा की गई। कॉमरेड सुनील लकड़ा पुनः सर्वसम्मति से इकाई के महासचिव निर्वाचित हुए। कॉमरेड अमित कुमार अध्यक्ष, कॉमरेड प्रकाश उरांव कोषाध्यक्ष, बेंजामिन मुर्मू उपाध्यक्ष, मनीष नारायण उप महासचिव, वरूण कुमार सहायक कोषाध्यक्ष तथा राज कुमार ऑर्गनाइजिंग सेक्रेट्री निर्वाचित हुए। कुल 35 सदस्य इकाई के विभिन्न पदों के लिए सर्वमत से निर्वाचित हुए, जिनका कार्यकाल 2026 तक रहेगा।




**दूसरे सत्र की शुरुआत :** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एशोसिएशन के महासचिव कॉमरेड सुनील कुमार ने कहा कि 12वें द्विपक्षीय समझौते संबंधी सरकार से वार्तालाप जारी है। 5 कार्य दिवसीय मांग को संगठन द्वारा पूर जोर तरीके से उठाया जा रहा है जिसका लाभ आने वाले समय में दिखेगा। निजीकरण की नीति को हर किसी के लिए नुकसान बताते हुए उन्होंने सरकारी बैंकों को देश का मजबूत स्तंभ और बैंकर्स को आर्थिक सिपाही बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि फेडरेशन द्वारा शुरू की गई वर्क लाईफ बैलेंस की मुहिम अब धीरे-धीरे पूरे बैंकिंग जगत में अपनाई और सराही जा रही है। चालीस हजार पद रिक्त पड़े हैं इसे भरने की जरूरत है। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एशोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड नीलेश पवार ने कहा कि जन धन खाते खोलने से लेकर, स्वनिधि ऋण, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया सभी तरह के सरकारी योजनाओं को राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से ही आम-जन तक पहुंचाया जा रहा है लेकिन उस अनुपात में बैंकों में भर्ती नहीं की जा रही है। बैंक पर दबाव और बैंक के स्टाफ सदस्यों पर तनाव बढ़ता जा रहा है। फेडरेशन के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष और झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने भगवान बिरसा की भूमि झारखंड की राँची में फेडरेशन के राष्ट्रीय नेताओं का आभार प्रकट किया और राज्य के सूदूर क्षेत्रों से आए अधिकारियों को संगठित और एकत्रित रहने का आवाहन किया। मौके पर फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष स्वेतांग त्रिवेदी, एआईबीओसी के झारखंड राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश उरांव, फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड राज्य के महासचिव कॉमरेड अरूण जॉन प्रबाल ने संबोधित किया।कार्यक्रम का मंच संचालन नवनिर्वाचित उप महासचिव मनीष नारायण और झरना कोंगारी ने किया और विधिवत रूप से धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष बेंजामिन मुर्मू ने किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** मौके पर बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ झारखंड राज्य इकाई के चेयरमैन राज कुमार श्रीवास्तव, महासचिव सुनील लकड़ा, अध्यक्ष अमित कुमार, विजय वाधवा, प्रकाश उरांव, मनीष नारायण, वरूण कुमार, राज कुमार, हरीश सिंह, सत्य प्रकाश, अमर कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, साहिल सिंह, गौरीशंकर शाही, ज्योत्सना बाड़ा, मो. अली हसन, अनंजय कुमार, सुरेश भगत, जयप्रकाश सोरेंग, नवीन टोप्पो, भरत लाल ठाकुर, अजय कुजूर, मनीष मिंज, अरूण कुमार, मनीष कुमार, शैलेंद्र सिंह, मिथिलेश कुमार, राजेश यादव, रंजन जयसवाल, प्रभाकर जयसवाल समेत अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 पर येलो टीम ने जमाया कब्जा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल कोर्ट में खेली जा रही मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 का खिताबी मुकाबले में टीम येलो ने टीम ग्रीन को हराकर चैंपियन बना। फाइनल मुकाबले को टीम येलो ने 25-11, 25-17 के अंतर से जीता। फाइनल मैच की समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि डीजी प्रशांत सिंह और विशिष्ट अतिथि रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशासक डॉ रामाशंकर सिंह व रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉक्टर सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। अतिथियों व प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देनेवाले रेफरियों को द रांची प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इससे पहले लीग मैच में टीम रेड ने टीम ब्लू को 25-17, 25-12 से हराया और प्रतियोगिता के आखिरी लीग मैच ÷प्री फाइनल÷ में टीम येलो ने टीम ग्रीन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 22-25, 15-6 से हराया। मौके पर थे रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष पिंटू दुबे , संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गिरी , परवेज़ कुरैशी, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, पूर्व कषाध्यक्ष जयशंकर,अमित दास ,चंचल भट्टाचार्य ,सहित संदीप नाग,आनंद मोहन, मनीष चंदन,चंदन भट्टाचार्य , आमोद, संदीप मिश्रा , शबा अहमद, राजेश तिवारी , प्रदीप सहित कई पत्रकार गण उपस्थित थे।

## झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को दिया जायेगा कैश अवार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड का लाभ दिया जाना है। इसके लिए खेल निदेशालय, झारखंड के निर्देश के बाद सभी जिलों में इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से पांच सितम्बर तक आवेदन मंगाए जा रहे हैं। रांची सहित दूसरे जिलों में भी इस संबंध में सूचना जारी की गयी है।रांची डीएसओ के स्तर से जारी सूचना के आधार पर कहा गया है कि जिले के वैसे प्रशिक्षक, जिन्होंने मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों या टीम को उपलब्धि दिलाई हो और अबतक अवॉर्ड के लिए आवेदन नहीं दिया हो, वे पांच सितम्बर को दोपहर दो बजे तक डीएसओ कार्यालय में आवेदन दें। आवेदन का फॉर्मेट खेल निदेशालय की वेबसाइट से लिया जा सकता है। खेल निदेशालय की ओर से भी खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड के लिए पांच सितम्बर तक आवेदन करने को कहा गया है। इसके अनुसार झारखंड के वैसे खेल प्रशिक्षक जिन्होंने 10 जून 2022 के बाद भारतीय ओलंपिक संघ से या अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों, टीम को उपलब्धि दिलाई हो, वे कैश अवॉर्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अपने आवेदन संबंधित जिले में डीएसओ कार्यालय से संपर्क करना होगा।

## मारपीट की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किया एयरपोर्ट रोड जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच मारपीट की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार सुबह एयरपोर्ट रोड जाम कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क पर बांस बल्ली और ईट-पत्थर रख दिया है। सड़क जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझा-बुझाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के स्टेट हैंगर के समीप शनिवार शाम इलाज का पैसा देने की बात को लेकर दो दुकानदार अंकित साहू और सुभाष तिर्की आपस में भिड़ गय। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान एक दुकानदार के समर्थन में आये



ग्रामीणों ने दूसरे दुकान पर पथराव किया। मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस से ही ग्रामीण उलझ गये। उन्होंने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। मामला बढ़ता देख डोरंडा और जगन्नाथपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा। इसके बाद मामला शांत हुआ। इसी घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम किया है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद ने बताया कि लोगों को समझा बूझकर जाम हटवा दिया गया है। लगभग 20 मिनट जैसा सड़क जाम रहा सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और सड़क जाम को क्लियर कर लिया गया।

## रांची में राणी सती मंडल ने धूमधाम से मनाया 42वां वार्षिकोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री राणी सती मंडल रांची का 42वां वार्षिकोत्सव मारवाड़ी भवन में श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण माहौल में धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री राणी सती के दरबार का भव्य श्रृंगार कोलकाता से आए कुशल कारीगरों एवं शिल्पकारों ने किया।

महोत्सव का शुभारंभ सुबह सात बजे पंडित श्याम भारद्वाज ने मंत्रोच्चारण के साथ किया। गणेश पूजन के मुख्य यजमान विनीता-विशाल सिंघानिया थे। तत्पश्चात संस्था के वरिष्ठ सदस्य सांवरमल बुधिया, बालकृष्ण परशुरामपुरिया सोहनलाल बंसल ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान से पूजन कर पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद कोलकाता के निशा सोनी एवं मोनू मोर के नेतृत्व में मंगल पाठ-भजन कीर्तन किया गया। मंगल पाठ में 501 महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर सती के जीवन चरित्र पर मंगल पाठ की। सती ने पांच देवताओं के साथ महल से बाहर आकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। समाजसेवी कमल मोर एवं राजेश अग्रवाल ने चुनड़ी ओढ़ाकर श्रृंगार किया। सवामणी एवं छप्पन भोग का भोग लगाया गया। तीन हजार से भी अधिक भक्तों ने भोग ग्रहण किया। हनुमान मंडल के भजन गायकों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक निशा सोनी एवं मोनू मोर ने भजनों की झड़ी लगा दी।

## न्यायायुक्त ने होटवार जेल और रिमांड होम का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** रांची व्यवहार न्यायालय के न्यायायुक्त अरुण कुमार राय ने रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार और रिमांड होम डुमरदगा का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में विशेष विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। न्यायायुक्त ने रिमांड होम डुमरदगा में बाल बंदियों की समस्याएं सुनीं। होटवार जेल में न्यायायुक्त ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपनी बात रखने का पूर्ण




अधिकार है। न्यायालय से संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। इस दौरान न्यायायुक्त ने बंदियों की समस्याएं सुनीं तथा महिला बंदियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दोष सिद्ध बंदी जिन्होंने अभी तक अपील नहीं की है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर जेल से अपील कर सकते हैं। इनकी बातों को विधिक सेवा प्राधिकार अपने अधिवक्ता के जरिये अपीलीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि जो बंदी बेल बांड की शर्तें पूरी नहीं कर पा रहे हैं, वे शर्तों में परिवर्तन के लिए भी आवेदन दे सकते हैं। एक बंदी ने जेल अपील और तीन बंदियों ने बेल शर्तों पर परिवर्तन के लिए न्यायायुक्त के समक्ष आवेदन दिया। न्यायायुक्त ने उस आवेदन पर डालसा को आगे की कार्रवाई करने निर्देश दिया।

## इस्मा का एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स इस्मा के मेन डोजो वाईएमसीए कांटाटोली रांची प्रांगण में वाईट बेल्ट से ब्राऊन बेल्ट तक के कराटे कारों के लिए एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सेंसाई कमल किशोर कच्छप, सेंसाई अनिल शर्मा, सेंसाई इबरार अंसारी,ने स्टांस,हैंड बेसिक,किक बेसिक, कम्बीनेशन की जांच किया।सेंसाई गुलाम जावेद,सेंसाई जाकिर हुसैन, सेंसाई



लालचंद लोहार ने काता,कुमिते,इप्पोन कुमिते,सनबॉन कुमिते,कि तकनीकी जांच किया।जिसमें पिला बेल्ट में एंजल मिंज, नारंगी बेल्ट में अध्या शर्मा, विक्की मुण्डां,हरा बेल्ट में अनीरुद्ध दास,अयान अली,यशिका,नीला बेल्ट में हरमेश कुजूर, अंकित कुमार महतो,बैंगनी बेल्ट में शावक्षी सम्पत,भूरा बेल्ट 4 में आरजू अली,भूरा बेल्ट 3 में सुमैल अली,शामीन अली,कौसर अली को कड़ी परीक्षा के बाद उत्तीर्ण घोषित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक सहित इस्मा के लीगल एडवाइजर शूभनारायण दत्ता उपस्थित थे।

## आजीवन कारावास की कैदी की मौत, आरज होगा पोस्टमार्टम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी सोमा उरांव(62) की इलाज के दौरान रविवार को रिम्स में मौत हो गई। सोमा इटकी थाना क्षेत्र के रानी खटंगा का रहने वाला था। सोमा उरांव को इलाज के लिए सात अगस्त को रिम्स में भर्ती किया गया। वह हैपेटाइटीस बी बीमारी से पीड़ित था। उसे रिम्स के मेडिसीन विभाग के आइसीसीयू में भरती कराया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक के आग्रह पर रिम्स प्रबंधन ने कैदी के वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा है।

मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कैदी का परिजनों का फर्दबयान लिया गया लेकिन शाम हो जाने के कारण रविवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सोमवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## आजसू प्रमुख सुदेश महतो छह सितंबर को गुरुजनों को करेंगे सम्मानित

**रांचीः** गूंज परिवार की ओर से सिल्ली स्टेडियम परिसर में छह सितंबर को गुरुजनों के लिए शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। आजसू प्रमुख सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो सम्मान समारोह में सिल्ली विधानसभा के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। सिल्ली विधानसभा में शिक्षा को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुदेश कुमार महतो लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## तीन अहम बिल लटकना चाह रहे हैं राज्यपाल : विनोद पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य समन्वय समिति के सदस्य राज्यपाल से मिलने रविवार को राजभवन पहुंचे. लेकिन उन्हें राजभवन के अंदर जाने नहीं दिया गया. समिति के सदस्यों ने राजभवन और राज्यपाल की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए गेट पर तैनात सुरक्षा सेल के एक संतरी को मांग पत्र रिसीव कराया और वहां से चले गये. प्रतिनिधमंडल में राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, योगेंद्र महतो और फागू बेसरा आदि शामिल थे.पत्रकारों से बातचीत करते हुए समिति के सदस्य व झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजभवन पर हमला



किया. उन्होंने कहा कि इसके पहले भी राजभवन से समय मांगा गया था, लेकिन नहीं दिया गया था. इस बार विधिवत रूप से 1 सितंबर को राजभवन को पत्र लिखकर 3 सितंबर का समय मांगा गया था, लेकिन न तो समय मिला और न ही कोई सूचना दी गयी. इससे साफ है कि राजभवन और राज्यपाल किसी विशेष दल या व्यक्ति विशेष के दबाव में आकर काम कर रहे हैं. विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि जब भी कोई बिल विधानसभा से पास कर उसे राजभवन भेजा जाता है. और अगर राज्यपाल उसे वापस करते हैं तो उसकी सूचना उन्हें देनी पड़ती है, ताकि सरकार उसमें संशोधन कर फिर से उसे विधानसभा में पारित कराये. उसके बाद बिल को राजभवन भेजा जा सके. पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार के तीन महत्वपूर्ण बिल लौटाने के मामले में राजभवन ने ऐसा नहीं किया. आरोप लगाया कि राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन किया है. लगता है कि राज्यपाल किसी के इशारे पर तीन अहम बिल को लटकाना चाह रहे हैं. कहा कि वे दल विशेष के इशारे पर काम रहे हैं. राज्यपाल नहीं चाहते कि स्थानीय और नियोजन नीति बने और ओबीसी का आरक्षण बढ़े. पांडेय ने कहा कि 1932 खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति, एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण दायरा बढ़ाने व मॉब लिचिंग बिल राज्य की जनता के हित से जुड़ा है. यह झारखंड वासियों की प्रतिष्ठा का प्रश्न है. स्थानीय नीति अलग राज्य की लड़ाई में मुख्य मुद्दा रही थी. इसके बाद भी तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने बिना संदेश के ही इसे लौटा दिया था. नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया.

## रसोई गैस की कीमत 2014 से बढ़ कर अब दोगुनी हो गई : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में कांग्रेस भवन, मारवाड़ी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम एवं उनके समर्थकों का स्वागत माला पहनाकर करते हुए पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, शिव कुमार भगत एवं डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लूट एनडीए के डीएनए में मौजूद है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर, गरीबों को और गरीब बना रही है। चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता के दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दो सौ रुपये कम कर दी। रसोई गैस की कीमत



2014 से लगातार बड़ी है और पिछले 9 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। पिछले 2 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आंखें खुल जाएंगी। एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ायी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है, उन्होंने जनता की जेब से 8,33,640.76 रुपए से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारी उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी सरकार ने 68,702.76 रुपए से अधिक लूट ली। उन्होंने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए की कटौती को एक राजनीतिक स्टंट बताया है।

## डीएसपी राजेंद्र दुबे से ईडी चार को करेगी पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साहिबगंज में हुए एक हजार के करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में ईडी डीएसपी राजेंद्र दुबे से सोमवार को पूछताछ करेगी। इससे पूर्व ईडी ने बीते 21 अगस्त को डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजकर चार सितम्बर को ईडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के




डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले दुबे से बीते नौ दिसंबर 2022 को ईडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

## बचरा में चल रहे महायज्ञ के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञशाला की परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचकर यज्ञशाला की परिक्रमा की।इधर महायज्ञ के दूसरे दिन बाहर से आए हुए यज्ञाचार्य सहित पुजारी के द्वारा कई प्रकार के अनुष्ठान को संपन्न कराया गया।महायज्ञ को लेकर पूरे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है।वही प्रत्येक दिन संध्या में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागवत कथा सुनने को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के बचरा, राय,डकरा,खलारी,किचटो, बेंती,बिलारी, कल्याणपुर, बचरा बस्ती,राय कोलियरी, सहित अन्य जगहों के श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे हैं।

## राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यकारिणी की बैठक साहू भवन, झुमरीतिलैया में रविवार को राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन युवा जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने किया। बैठक में पार्टी संगठन और राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जबकि संगठन के आगामी गतिविधि को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि राजद की जनाधार लगातार बढ़ रही है। कोडरमा में राजद गांव-गांव तक अपना विचारधारा पहुंचा रही है। कोडरमा में राजद की बढ़ती लोकप्रियता से साम्प्रदायिक शक्तियों में खलबली मची है। राजद के बढ़ते जनाधार से केंद्र की सत्ताधारी दल के नेता बौखलाहट में राजद को पहचानने से इंकार कर रहे। जबकि उनकी पहचान ही राजद से बनी है। श्री यादव ने कहा कि देश मे महंगाई,बेरोजगारी और तानाशाही चरम पर है। देश मे नागपुर की विचारधारा थोपी जा रही। जाति-धर्म के नाम पर गंगा-यमुनी सभ्यता को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा।राजद आपसी प्रेम और सौहार्द को तोड़ने वालों को सत्ता से दूर करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव, प्रदेश महासचिव रोहित मेहता, प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर, जिला प्रधान महासचिव सरफराज खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरफुद्दीन अंसारी,मरकच्चो प्रमुख विजय सिंह,दलित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संजय दास,महिला जिलाध्यक्ष अमरजीत कौर ने कहा कि कोडरमा धरतीपुत्र स्व रमेश प्रसाद यादव का सींचा गया राजनीतिक जमीन है। यहां सामन्तवादियों के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी गयी है।स्व रमेश प्रसाद यादव ने घर घर मे लालटेन की रौशनी से सामाजिक क्रांति लाई है। उनकी विरासत को यूँही जाया नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोडरमा की भूमि में आपसी भाईचारगी और सौहार्द बिगाड़ने वालो के लिए कोई जगह नही है। राजद मजबूती के साथ सभी वर्गों को साथ लेकर लालू प्रसाद यादव के हांथो को मजबूत बनाएगी। बैठक में डॉक्टर समशूल हक़, दलित आंदोलन के अग्रज नेता दुर्गा राम ने राजद पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मो मुबारक,मनोज यादव,परवेज खान, छात्र जिलाध्यक्ष जैकी यादव, संतोष यादव,राजेश यादव, राम बच्चन यादव,रघुनाथ दास, बसंत यादव, प्रवीण यादव, नगर अध्यक्ष मो नसीम, नीरज कुमार,सचिन्द्र राणा, बिनोद साव, मो असलम, थानु दास, अशोक राजवंशी,खलील अंसारी,सहदेव यादव, समेत कई लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन विजय यादव ने किया।

## संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए नीरा यादव के नेतृत्व में समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):**आगामी 8 सितंबर को चन्द्रावती स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के बगल डोमचांच मैदान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का जनसभा आहूत की गई है । इसी के निमित्त कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव पंचायत स्तरीय एवं मंडल स्तरीय क्षेत्रों में प्रवास कर एवं बैठक कर युद्ध स्तर पर संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील कर रही है। इसी को लेकर कोडरमा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों, पंचायत प्रभारी, पंचायत संयोजक एवं सह संयोजको के साथ तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक कोडरमा विधायक आवास पर रविवार को संपन्न हुई । बैठक की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दिन दयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । बैठक की अध्यक्षता भाजपा कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं कार्यक्रम संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बीरेंद्र यादव ने किया. बैठक में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने एक एक कर मंडल के सभी पदाधिकारियों से संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु वृत्त लेते हुए तैयारी का जायजा लिया. जबकि जिला मंत्री बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव ने भी सम्बोधित किया । लोगों को कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए व्यवस्था व सुविधाओं पर विचार किया गया । नीरा यादव ने संबोधन में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल जी का कोडरमा की धरती पर पहला आगमन है इसलिए इनका स्वागत जोरदार तरीके से होनी चाहिए साथ ही उन्होंने बाबूलाल जी की झारखंड के प्रति किए गए योगदान का वर्णन किया । बैठक में निर्णय लिया गया कि संकल्प यात्रा में आयोजित आहूत जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण के साथ साथ काफी संख्या में आमजनों के आने की संभावनाएं हैं। वहीं विधायक डॉ यादव ने सघन दौरा झुमरी तिलैया के वार्ड 28 मोरियावां एवं वार्ड आठ मडुवाटांड में भी बैठक की. बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव, शिवलाल सिंह,विजय सिंह,संजीव यादव,बैजनाथ यादव,सुरेंद्र राजवंशी, दीपनारायण सिंह,महेश यादव,काशी पंडित, सदानंद यादव, रमेश यादव,राजकुमार यादव, सुनील मंडल,राजेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, रमेश यादव,मिथलेश सिंह, शीला देवी, मुकेश मंडल, बिनोद साव, सूरज रजक,मनोज यादव, प्रकाश पांडे,भगवान दास साहू, संजय शर्मा, संतोष राणा, विजय दास, शंकर शर्मा, मंटू कुमार, प्रमोद श्रीवास्तव, महेंद्र ठाकुर,अजय यादव, संजय यादव,उमेश यादव आदि उपस्थित थे ।

## कोडरमा डिस्ट्रिक होटल एसोसिएशन के नए सत्र के पदाधिकारी का हुआ चयन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शगुन बैंक्केट एंड होटल में होटल एसोसिएशन की माशिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उपदेश एसोसिएशन के नए सत्र के लिए पदाधिकारी गन का चुनाव करना था। हर साल एसोसिएशन के नए सत्र में नए पदाधिकारी गन का चुनाव किया जाता है जिससे एसोसिएशन में नई ऊर्जा का संचालन होता है और होटलों को सुचारु रूप से चलने के लिए सरकारी एवं एसोसिएशन द्वारा निर्धारित नियमों का भी विश्लेषण किया जाता है।एसोसिएशन के सभी सदस्यों की सहमति से कोडरमा डिस्ट्रिक्ट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष के पद पर उमा शंकर प्रसाद होटल एम आर के संचालक का चयन किया गया, सचिव के पद पर सुधीर सिंह , होटल द युवराज के संचालक का चयन किया गया तथा कोषाध्यक्ष के पद के लिए शशि कुमार, होटल पी जी के संचालक का चयन किया गया।संगठन को मज़बूत बनाने के लिए भी कई बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। और भविष्य में समाज के प्रति एसोसिएशन के द्वारा सामाजिक कार्यों को भी करने का निश्चय किया गया। बैठक में नवनीत बर्नवाल, राकेश जैन, राहुल मोदी, आशीष छाबरा, अभिषेक कुमार, गौरव चौधरी, उमा शंकर प्रसाद, अरुण सूद, विनय सिंह, सुधीर सिंह, राहुल यादव, देवेश भगत, मनीष सूद, शशि कुमार एवं पल्लव कुमार मौजूद थे।

# नाबालिग उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** इस बात को सभी समझते हैं कि यातायात नियमों की अनदेखी जानलेवा है। इसमें जान भी जा सकती है। फिर भी लोग नियमों को तोड़ते हैं और अपनी फूल जैसी जिंदगी को खो देते हैं। करीब - करीब हर सड़क दुर्घटना के पीछे यातायात नियमों का उल्लंघन बड़ी वजह के रूप में सामने आती है। सड़कों पर वाहन चलाते समय चालक न तो दाएं देखते हैं और नहीं बाएं। जल्दबाजी में अधिकांशतः गलत दिशा में टर्न लेते हैं और हादसों को दावत देते हैं। सबसे खतरनाक स्थिति नाबालिग वाहन चालकों ने पैदा कर रखी है। लगभग हर मार्ग में नाबालिग तेजी से बाइक चलाते, अनियंत्रित चार पहिया वाहन मिल जाते हैं। ये कब किसे और कहां ठोकर मार देंगे यह अनुमान लगाना मुश्किल है। स्थिति यह है कि ऐसे बाइक चालक को देख राहगीर पहले ही रोड किनारे खड़े हो जाते हैं। नशे की हालत में वाहन चलाने, बिना हेलमेट के दोपहिया व बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने और सड़क पर बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से हादसे का डर बना रहता है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सब कुछ देखते हुए भी प्रशासन खामोश है।प्रशासन नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने के लिए कोई भी पहल करता नजर नहीं आ रहा है। मरकच्चो बरियाडीह मुख्य मार्ग की सडक़ों पर नाबालिग वाहन चालकों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। यातायात विभाग की अनदेखी से अभिभावक भी बच्चों को बाइक की चाबी देने में जरा भी संजीदगी नहीं दिखा रहे है। वहीं दोपहिया वाहन पर तीन-तीन, चार-चार लोग भी धड़ल्ले से बैठकर यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं।प्रखंड के विभिन्न गांवों,कस्बों,टोलों मुहल्लों सहित मुख्य मार्ग पर भी अक्सर नाबालिग फर्राटे से दोपहिया वाहन दौड़ाते देखे जा सकते हैं। इन नाबालिगों को न तो यातायात नियमों की जानकारी होती है और न ही दुर्घटना होने का भय। ये जितनी तेजी से वाहन चला सकते हैं उतनी तेजी से चलाते गुजर जाते हैं। काफी रफ्तार से इन्हें वाहन चलाता देख लोग सहम जाते हैं और दुर्घटना होने की आशंका से कांप भी जाते हैं नाबालिग वाहन चालकों पर कार्यवाही नही होती है। इसमें माता-पिता की भी विशेष भूमिका होती है कि वो अपने बच्चों को तय उम्र से पहले वाहन की चाबियां पकड़ाते है और नाबालिग चालक अपनी और दूसरों की जान से खिलवाड़ करते है। लोगों का कहना है कि नाबालिगों के तेज गति से वाहन चलाने के लिए उनके अभिभावक भी जिम्मेदार है।कई विद्यालयों में पढने वाले नाबालिग छात्र-छात्राएं अक्सर दोपहिया वाहन से विद्यालय आते-जाते हैं। लोगों का कहना है कि विद्यालय प्रशासन को भी ऐसे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को उन्हें वाहन न चलाने देने की सलाह देनी चाहिए। नाबालिग केवल बाइक या कार चलाते देखे जाते हैं। कई नाबालिगों को तो अक्सर ट्रैक्टर चलाते देखा जाता है।कई बार ये अनुभवहीन चालक दुर्घटना का कारण भी बनते हैं। लोगों का कहना है कि नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने के लिए अभी तक कोई सख्त कानून नहीं बनाया गया है। इसी का फायदा उठाकर नाबालिग वाहन चलाते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड़ बाजारटांड़ मे ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता विजय महतो और संचालन रचित गंझु ने किया। बैठक में स्थानीय विस्थापित ट्रक मालिकों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2021 मे तय किये गये भाड़ा का नगद भुगतान करने, पिपरवार और अशोक क्षेत्र के सभी विस्थापित ट्रक ऑनरो का एक समान सीरियल से ट्रक परिचालन करने,फॉर्मेट कांटा स्लिप बांटने के लिए अशोक एवं पिपरवार क्षेत्र के सभी कांटा घरों का फॉर्मेट एक जगह से सीरियल नंबरों से ट्रकों का कांटा प्रचलन के लिए एक जगह से स्लिप देने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सभी ट्रक मालिकों को एकजुट होने की अपील की गई।बैठक में रामबालक गंझु, अर्जुन महतो,सरवन कुमार महतो, अजय कुमार, देवनाथ कुमार सहित कई ट्रक मालिक मौजूद थे।

## पिपरवार मे कोयला कर्मियों के वेतन और एरियर में त्रुटि होने का कामगारों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में कार्यरत कोयला कामगारों के मंथली वेतन और एरिया में त्रुटि होने पर कोयला कामगारों ने जमकर काम किया।साथ ही मनमानी तरीके से काटे गए इनकम टैक्स का भी पुरजोर विरोध किया गया।रविवार की सुबह सीसीएल कर्मियो ने पिपरवार परियोजना मे प्रथम पाली में इसके खिलाफ विरोध करते हुए करीब दो घंटे तक काम को बन्द करा दिया।सूचना पाकर मौके पर सभी यूनियन के क्षेत्रीय पहुंचकर मजदूरों को शांत कराया और प्रबंधन से वार्ता कर काम चालू कराया।मजदूर एवं यूनियन के नेताओ ने कहा कि इस वर्ष एरिया के भुगतान में काफी गड़बड़ी हुई है।इसलिए फिर से इसमे सुधार कर बिल बनाया जाए और 15 दिन के अंदर एरिया का भुगतान किया जाए।प्रबंधन ने बातों को स्वीकार करते हुए 15 दिन के अंदर सुधार कर भुगतान करने का आश्वासन दिया,जिसके बाद काम चालू हुआ।वार्ता में प्रबंधन की ओर से खान प्रबंधक एसके सिंह,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,हेमचंद महतो,सीटू के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी,आरसीएमएयू के क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह,अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना,एसके चौधरी, संजीव चन्द्रा,सुमन मिश्रा, मंसूर आलम, शहाबुद्दीन,जयपाल दास शाहिद काफी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे।

# रेलवे से जुड़ी समस्या निदान को लेकर रांची डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली/मुरी :** रेलवे से जुड़ी कई समस्याओं के निदान को ले सांसद संजय सेठ के पहल पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के नेतृत्व में, बिसरिया पंचायत मुखिया जितनी देवी, पंचायत समिति सदस्य मनोहर महतो एवं युवा कमिटी संघ के तापस महतो ने रविवार को रांची मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा से रांची में मुलाकात की। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीने पहले ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ को रेलवे से जुड़ी समस्या से अवगत कराया था जिसके तुरंत बाद ही सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं चेयरमैन को पत्र लिखा था।कल सांसद क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिल्ली पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने पुनः उक्त समस्या से अवगत कराया उन्होंने अगले दिन ही डीआरएम से मिलाने की बात कही। इसी क्रम में दूसरे दिन भाजपा नेता विनय महतो धीरज व बिसरिया पंचायत के ग्रामीणों के साथ रांची पहुंचे और रेलवे से जुड़ी कई समस्याओं के निदान को ले डीआरएम से चर्चा की और मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि मुरी से बिसरिया गांव जाने वाली सड़क काफी जर्जर है स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उक्त सड़क के निर्माण हेतु विभागीय पहल की जाए,सिल्ली स्थित आर?ओबी निर्माण के बाद दोनों ओर एप्रोच रोड अधूरा है जिसका अविलंब निर्माण किया जाए वहीं आरओबी के ऊपर बड़ा जानलेवा गड्ढा हो गया है जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना की हो सकती है इसका भी अविलंब सुदृढ़ीकरण किया जाए, सिल्ली स्टेशन पर हटिया- पटना (इस्लामपुर) ट्रेन का पुर्व की भांति ठहराव तथा मुरी -बरकाकाना लाईन पर बांसारूली गांव के समीप सबवे निर्माण आदि कई बिंदुओं पर सकारात्मक बात हुई। डीआरएम ने उपरोक्त सभी बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया है कि जल्द सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखण्ड कंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, कार्तिक चंद्र महतो की अध्यक्षता मे रविवार को सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय मे पंचायत कमिटी की गठन एवं कंग्रेस पार्टी बी एल ए बनवाने के बिषय मे एक अवश्यक बैठक की गई। बैठक का संचालन नागेश्वर महतो ने किया। इस बैठक मे मुख्य रुप से रांची जिला ग्रामीण कंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला महासचिव गुलजार अहमद, रामगढ़ जिला महासचिव कुमार रंजीत उपस्थित थे। इस मौके पर सिल्ली प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मो.मंजुर मोमीन, मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, मंडल अध्यक्ष पूर्वी भुतनाथ मंडल वरिष्ठ कंग्रेस नेता सुरेश गोंझु, दुर्गा चरण यादव, योगेन्द्र कोइरी, रामेश्वर महतो, प्रकाश मुंडा बलराम महतो, निताई महतो, सदानंद सोनार, सुखदेव मुंडा, रुपेश वेदिया, सरफुल अंसारी, तापस पोद्दार, लालू राम कोइरी गोपाल मुंडा, रविन प्रमाणिक, कमल सिंह मुंडा, काशीराम पातर, मो.विलाल, मुख्तार आलम, समेत कंग्रेस कमिटी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेड़ो में 23 सितम्बर को करम पूर्व संध्या मनाया जाएगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** महादानी परिसर स्थित झखरा कुम्बा में करम पूर्व संध्या मनाए जाने को लेकर रविवार को सरना समिति की बैठक की गई। अनिल उरांव की अध्यक्षता में बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जहां सरना समिति बेड़ो के अनिल उरांव बताया कि आगामी 23 सितम्बर दिन शनिवार को सरना स्थल महादानी मैदान रंग मंच में करम पूर्व संध्या का आयोजन किया जाएगा। जहां सरना समाज के लोग पूरे पारम्परिक वेश भूषा, नृत्य गीत के साथ करम पूर्व संध्या में अपने अपने खोड़हा दल के साथ प्रस्तुति देंगे।

## युवक को लगी करंट

**सतगावां :** थाना क्षेत्र के समलडीह पंचायत अंतर्गत नारायडीह गांव में रविवार की सुबह करीब 10 बजे करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सौरभ कुमार उम्र 15 वर्ष पिता नवीन प्रसाद यादव अपने घर के ही बगल में खेत में शौच करने गया था। इसी दौरान खेत में लगे ट्रांसफार्मर का तार के चपेट में आ गया जिसमें सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसको इलाज के लिए आनन-फानन में परिजनों व ग्रामीणों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# किसानों को जीविकोपार्जन के लिए शत-प्रतिशत अनुदान पर मिला सूकर व बकरी, दो दर्जन जानवरों ने तोड़ा दम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के बल्थराव में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा शत-प्रतिशत अनुदान पर सूकर और बकरी का वितरण तो किया गया, परंतु दो माह के अंदर कई जानवरों ने अचानक दम तोड़ दिया. बल्थराव में बीते फरबरी-मार्च के महीने में सूकर छह किसानों के बीच पांच-पांच और बकरी चार किसानो में पांच-पांच वितरण किया गया. परंतु एक से दो महीने बाद सूकर और बकरी को सर्दी-खांसी के बाद दो दर्जन जानवरों ने दम तोड़ दिया.जिसमें राजो मुंडा का चार सूकर, छोटन मुंडा का एक, गुजरा पाहन का दो और सुलेखा मुंडा व संजीत मुंडा का पांचों सूकर मर गए. इसके अलावा बाबूलाल पाहन का कुल पांच बकरी में दो एवं सरस्वती देवी का पांच बकरी जो सभी मर गए. इसके अलावा छोटू पाहन को 50 प्रतिशत के अनुदान पर पांच बकरी मिला था, जिसमें दो मर गए. सरकारी अनुदान पर मिले इन पशुओं की मौत की सूचना बल्थराव के किसान छोटू पाहन द्वारा कल्याण विभाग को दिया गया. उन्होंने बताया कि इतने दिन के बावजूद भी विभाग द्वारा कोई सूद लेने नहीं पहुंचा. जबकि यह योजना पशुपालकों को बढ़ावा देने व प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय को दोगुना करने हेतू सरकार द्वारा शत-प्रतिशत अनुदान पर सूकर और बकरी दिया गया था.ऐसे में एक के बाद एक जानवर की अचानक मौत हो गया. ग्रामीणों ने बताया कि पशुपालक का कोई सुनता नहीं है. जानकारों को माने तो जब भी कोई अनुदान पर सरकारी विभागों द्वारा जानवरों को दिया जाता है तो उसकी गाइडलाइंस को भी समझाना विभाग की जिम्मेवारी बनता है.ग्रामीण परेशान है कि बिभाग को जानकारी होने के वाद भी कोई पहल नही हुआ.आज तक विभाग के द्वारा इस घटना का कोई सूद नही लिया जिसके कारण ग्रमीणों में विभाग के प्रति काफी रोष है.

### दिया जाएगा मुआवजा : गोपालराम

इस पूरे मामलें को लेकर कल्याण विभाग के गोपालराम दास ने कहा कि बल्थराव के किसानों का जो भी जानवर मरे हैं. उसके लिए पशुपालन पदाधिकारी से लिखवाकर इन्सुरेंस पेपर के साथ किसान जमा करें.सभी पशुपालकों को विभाग मुआवजा देगी

## रसोईया संयोजिका यूनियन की बैठक में कमिटी का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में महेन्द्र तुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में रसोईया की समस्याओं पर चर्चा की गई. मौके पर मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई के कारण गरीबों का जीना मुश्किल हो गया है. सरकारी स्कूलों में सैकड़ों बच्चों का खाना बनाने वाली रसोईया बहनें, जिन्हें मात्र दो हजार मेहनताना अथवा मानदेय मिलता है. दूसरी तरफ इनका छह महीने का मानदेय भी बकाया है. इन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दिया जा रहा है. तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के साथ पिछले वर्ष कई मांगों पर समझौता हुआ था. जिसमें पारा टीचर के तर्ज पर रसोईया एवं संयोजिका का सेवा शर्त नियमावली बनाकर स्थाई करने, आंगनबाड़ी सहायिका के तर्ज पर रसोईया को मानदेय देने, 5 लाख का निशुल्क बीमा कराने, 60 साल में सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लागू करने और काम के दरमियान चोट लगने अथवा जल जाने पर समुचित इलाज की व्यवस्था करने की भी बात हुई थी. यह समझौता अप्रैल 2023 से लागू होना था, लेकिन वार्ता के एक साल बाद भी इसे लागू नहीं किया गया. इसलिए अब जिला से लेकर राज्य स्तर तक सीटू के नेतृत्व में आंदोलन तेज किया जाएगा. सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा मजदूरों के अधिकार को कुचलकर चार लेबर कोड में बदलकर, काम के घंटे आठ की जगह बारह घंटे किया जा रहा है. इसलिए सभी मेहनतकशों को एक होना होगा. बैठक में रसोईया संयोजिका यूनियन का पुनर्गठन किया गया और नौ सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया.

# रोहणी खदान विस्तारीकरण को लेकर विस्थापितों के साथ हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोहिणी प्रबंधन ने रोहणी खदान के विस्तारीकरण को लेकर विस्थापितो के साथ बैठक किया.बैठक में ढुब एव पेटपेट के विस्थापित मौजूद थे.बैठक में परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने परियोजना विस्तारीकरण को लेकर विस्थापितो से उनकी समस्याओं से अवगत हुए.परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि रोहिणी प्रबंधन विस्थापितो की हर समस्या के समाधान के प्रति तत्पर है.उन्होंने कहा कि परियोजना विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन तेजी से कार्य कर रही है.घरों का एस्टीमेट तैयार हो गया है इसे अब एनके एरिया एव मुख्यालय स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा.वही विस्थापितो को पुनर्वास सहित सभी सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा.पुनर्वास के लिए आरआर साइट पर काम चल रहा है.और परियोजना कार्यालय के सामने की ढुब बस्ती एव पेटपेट के लोग उस पुनर्वास स्थल पर बसने को तैयार है.वही परियोजना कार्यालय के पीछे रहने वाले ढुब बस्ती के कुछ ग्रामीणो ने कहा कि बे लोग ओबी स्थल पर बने पुनर्वास स्थल पर नही जाएंगे.उन्हें कोई दूसरा जगह दिया जाय.पीओ ने कहा कि वे पुर्नवास स्थल के लिए दूसरा विकल्प भी देखेंगे.साथ ही सभी विस्थापितो से अपना अपना कागजात जल्द से जल्द जमा करने का आग्रह किया है.बैठक में खान प्रबंधक दीपक कुमार, अनुराग मिंज,सतपाल सिंह तथा विस्थापितो की ओर से मुकद्दर कुमार, लहसन भोगता, अमृत भोगता, रिझु गंझू,राजेंद्र भोगता, शिवनाथ भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा,छोटन भोगता, सुरेंद्र गंझू, बीफा गंझु, मुरारी मेहता, रवि भोगता, मुन्ना गंझू,गरजा भोगता, लेदवा भोगता, एतवारिया देवी,सोमरी देवी,मुनिया देवी सहित कई ग्रामीण विस्थापित मौजूद थे.

## संपादकीय

# केंद्र में मध्यावधि चुनाव

**क्या** आम चुनाव अपने तय समय से पहले दिसंबर-जनवरी में कराए जा सकते हैं? यह एक महत्त्वपूर्ण सवाल है, क्योंकि पूरे देश को नया जनादेश देना है। हालांकि सरकार और भाजपा के भीतरी संकेत ऐसे नहीं हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी कई बार दोहरा चुके हैं कि वह जनादेश का सम्मान करते हैं, लिहाजा वह पूरी अवधि तक प्रशासन में रहेंगे और चुनाव तय वक्त पर ही कराए जाएंगे, लेकिन विपक्ष के बड़े नेताओं नीतीश कुमार और ममता बनर्जी ने मध्यावधि चुनाव की आशंका जताई है। दोनों क्रमशः बिहार और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री हैं। खुफिया सूचनाएं उन तक भी पहुंचती हैं। दोनों नेताओं ने 'इंडिया' गठबंधन को जल्द ही एकजुट करने और साझा रणनीति तय करने के आग्रह किए हैं। ममता बनर्जी का इतना दावा भी है कि चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने हेलीकॉप्टर भी बुक कर लिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की रणनीति हो सकती है कि विपक्षी गठबंधन आकार भी न लेने पाए और चुनावों का शंखनाद कर दिया जाए। विपक्षी नेताओं की दलीलें हैं कि जिस तरह मोदी सरकार ने रसोई गैस का सिलेंडर 200 रुपए सस्ता किया है और 'उज्ज्वला योजना' वालों को 400 रुपए सस्ता सिलेंडर मिलेगा। इसी के साथ यह भी घोषणा की गई है कि 75 लाख महिलाओं को 'उज्ज्वला योजना' के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन और भरा गैस सिलेंडर भी दिए जाएंगे। इससे लाभार्थियों की कुल संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह मोदी सरकार का ही दावा है। इन घोषणाओं को 'राखी का तोहफा' प्रचारित किया जा रहा है। बहरहाल भारत में रसोई गैस का सिलेंडर इस्तेमाल करने वालों की कुल संख्या 33 करोड़ से कुछ अधिक है, लिहाजा 'उज्ज्वला' के लाभार्थियों की संख्या बेहद महत्त्वपूर्ण है। इसके अलावा, भाजपा नेतृत्व ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में पराजित सीटों पर अभी से उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। वे चुनाव प्रचार में भी जुट गए हैं। दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि भाजपा नेतृत्व ने अपने पार्टी काडर को अलर्ट भी कर दिया है और बूथ स्तर के असंख्य कार्यकर्ताओं को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित कर रहे हैं। उनसे फोन पर भी संवाद किए जा रहे हैं। दरअसल यह भाजपा की पुरानी रणनीति रही है कि वह चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहती है। इनसे मध्यावधि चुनाव के आसार स्पष्ट नहीं होते, लेकिन सबसे महत्त्वपूर्ण सूचना यह है कि जनवरी में मकर संक्रान्ति के आसपास प्रधानमंत्री मोदी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर के एक हिस्से का उद्घाटन करना है। यहीं राम लला की मूर्तियां स्थापित की जानी हैं, लिहाजा वे प्राणवंत मानी जाएंगी। भाजपा इस संवेदनशील और आस्थामय मुद्दे को व्यापक स्तर पर भुनाना चाहेगी, लिहाजा चुनाव अप्रैल-मई के तय वक्त पर ही होंगे। दरअसल 'इंडिया' गठबंधन अभी तक एक निश्चित आकार और ताकत ग्रहण नहीं कर सका है। मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को 'इंडिया' की बैठकें होनी हैं। देखते हैं कि गठबंधन का अध्यक्ष, संयोजक तय होने के साथ-साथ सचिवालय और सीटों के बंटवारे का शुरुआती फैसला होता है अथवा नहीं। गठबंधन का साझा न्यूनतम कार्यक्रम भी बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री पद का चेहरा फिलहाल तो तय नहीं होगा, क्योंकि अपने-अपने प्रभाव के क्षेत्रों में प्रधानमंत्री पद के लिए अपने-अपने नेता के शोर मचाए जा रहे हैं। संभव है कि नीतीश और ममता चुनाव का हव्वा खड़ा कर दबाव देने की कोशिश कर रहे हों, ताकि तमाम निर्णय जल्द हो जाएं और 'इंडिया' का साझा चुनाव प्रचार आरंभ किया जा सके। बहरहाल कारण कुछ भी हों, लेकिन राजनीतिक गलियारों में एक बहस छिड़ गई है कि क्या मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं। ऐसे चुनाव कोई अभूतपूर्व और अप्रत्याशित नहीं होते, क्योंकि 1971, 1980, 1984, 1991, 1998, 1999 और 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री विभिन्न कारणों से मध्यावधि चुनाव करा चुके हैं। उनकी जीत भी हुई और उनके दल पराजित भी हुए। बहरहाल मौजूदा परिदृश्य बिल्कुल भिन्न है। हम सरकार के निर्णय पर निगाहें रखे रहेंगे। जहां तक विपक्षी गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों का सवाल है, इस विषय में अभी वहां एकता नहीं हो पाई है। कोई कह रहा है कि अरविंद केजरीवाल को पीएम बनाना चाहिए, कोई राहुल गांधी को बनाना चाहता है, तो कोई ममता अथवा नीतीश का नाम भी ले रहा है।

विपक्षी नेताओं की दलीलें हैं कि जिस तरह मोदी सरकार ने रसोई गैस का सिलेंडर 200 रुपए सस्ता किया है और 'उज्ज्वला योजना' वालों को 400 रुपए सस्ता सिलेंडर मिलेगा। इसी के साथ यह भी घोषणा की गई है कि 75 लाख महिलाओं को 'उज्ज्वला योजना' के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन और भरा गैस सिलेंडर भी दिए जाएंगे। इससे लाभार्थियों की कुल संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह मोदी सरकार का ही दावा है। इन घोषणाओं को 'राखी का तोहफा' प्रचारित किया जा रहा है। बहरहाल भारत में रसोई गैस का सिलेंडर इस्तेमाल करने वालों की कुल संख्या 33 करोड़ से कुछ अधिक है, लिहाजा 'उज्ज्वला' के लाभार्थियों की संख्या बेहद महत्त्वपूर्ण है। इसके अलावा, भाजपा नेतृत्व ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में पराजित सीटों पर अभी से उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। वे चुनाव प्रचार में भी जुट गए हैं। दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि भाजपा नेतृत्व ने अपने पार्टी काडर को अलर्ट भी कर दिया है और बूथ स्तर के असंख्य कार्यकर्ताओं को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित कर रहे हैं।

## कुछ अलग

# दोषी है आंगन का पेड़

**इन** पेड़ों के पक्ष में बहुत कुछ है, लेकिन ऐसे फैसलों की जद में आम हिमाचली के जीवन की मुश्किलें समझी नहीं जातीं। आपदा से राहत ढूंढ रहा हिमाचल ऐसी सख्तियां परवान चढ़ा रहा है, जो सामान्य लोगों के लिए किसी आफत से कम नहीं। अहम फैसलों में कई स्टोन क्रशर बंद कर दिए गए हैं। पर्यावरणीय लिहाज से ऐसे फैसलों की गूंज से सकारात्मक शाबाशियां मिल जाएं, लेकिन क्या विज्ञान की दृष्टि से यह सामाजिक न्याय की एकमात्र छड़ी है। कुछ इसी तरह पर्यावरण संरक्षण का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा करने के लिए छह प्रजातियों के पेड़ कटान पर रोक लगा दी है। अब आपके घर का आम वन विभाग की टोकरी में होगा, तो त्रियांबल, तुनी, पदम व रीठा भी घर के मालिकाना हक से कहीं अधिक जंगलात की अनुमतियों की पैदाइश करेगा। पर्यावरण संबंधी और भी कई फैसले हिमाचल की जीवनशैली में नश्तर की तरह खड़े रहते हैं, लेकिन इनसान से पेड़ों का रिश्ता घटा क्यों, इसकी चर्चा नहीं होती। किसी ने आज तक यह विश£षण नहीं किया कि हिमाचल के नागरिकों को वन संरक्षण के बदले मिलता क्या है। आज से पचास साल पहले की वास्तुकला को देखें, तो हिमाचल उस स्तर तक लकड़ी का इस्तेमाल कर ही नहीं सकता। हम मजबूरन ऐसी इमारतें बना रहे हैं जिनकी बनावट में कम से कम लकड़ी का प्रयोग और अधिकतम स्टील, प्लास्टिक या एलयूमीनियम को खपाया जा रहा है। कभी धज्जी निर्माण शैली से घर बनते थे, लेकिन आज चाहकर भी कोई इसे अपना नहीं सकता। क्या हिमाचल की भौगोलिक परिस्थिति में परंपरागत नींव के पत्थर आज की स्थिति में उपलब्ध हो सकते हैं। पहले खड्ड या दरियाओं को छान कर भवन निर्माण की सामग्री उपलब्ध हो जाती थी, लेकिन आज घर का निर्माण एक ऐसी गणना है, जो हिमाचल के बूते पूरी नहीं होती। बेशक हम सत्तर फीसदी जमीन पर जंगल उगाते हैं, लेकिन घर की छांव के लिए बाजार में उपलब्ध आयातित इमारती लकड़ी या वैकल्पिक सामग्री का इस्तेमाल करना हमारी मजबूरी है। बस्तियों में जंगल घुस सकता है, लेकिन बस्ती को जंगल की तरफ देखने की मनाही है। हिमाचल में घर बनाना एक अपराध की तरह विभिन्न विभागों के चक्कर काट रहा है। ऐसा कोई विभाग नहीं, जो जनता की मांग पर ऐसी भूमि की शिनाख्त कर सके। शहरी विकास विभाग या इसकी किसी एजेंसी ने मांग के आधार पर कोई नया शहर नहीं बसाया। करीब एक दशक पूर्व हिमुडा ने आवासीय मांग पर घर का सपना दिखाया, लेकिन पचहत्तर हजार के करीब आए आवेदन आज भी भ्रमित हैं। राजस्व रिकार्ड में टुकड़ों में बंटी जमीन का सौदा हो जाए, तो निर्माण की पैमाइश में बिजली या पेयजल की आपूर्ति के लिए युद्धरत माहौल कोर्ट कचहरी में बूढ़ा कर देता है। क्या कभी अंदाजा लगाया कि अपना घरौंदा बनाने की ख्वाहिश ने कितने लोगों को कानूनों की जिरह में फंसा दिया है। इस पर तुर्रा यह कि अगर कोई पुश्तैनी टुकड़ा मिल भी जाए, तो 16 प्रजातियों के पेड़ इतनी निगरानी तो कर ही लेंगे कि किसी का घर एक जन्म में पूरा न हो। बेशक आपदा के वर्तमान दौर ने बहुत कुछ छीन लिया, लेकिन क्या हम हिमाचली जनता की मांग और आपूर्ति में वन विभाग को न्यायाधीश बना कर न्याय कर रहे हैं।


## भारत दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग की है

# चांद पर पानी की मौजूदगी अंतरिक्ष मिशनों के लिए साबित होगी वरदान

सुनील कुमार महला

धरती तो धरती आज मनुष्य चांद पर लगातार पानी तलाश रहा है ताकि चांद पर भी भविष्य में पृथ्वी ग्रह की भांति ही जीवन संभव हो सके। हाल फिलहाल, पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-3 मिशन से पहले जब भारत ने चंद्रयान-1 भेजा था, उस समय भारत ने यह जानकारी हासिल कर ली थी कि चांद पर पानी हो सकता है। वास्तव में चंद्रयान मिशन-1 के दौरान चंद्रयान ने चांद पर बर्फ होने की बात कही थी, और उसके बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी इसके आधार पर चांद पर पानी होने की पुष्टि की थी। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा चंद्रयान-1 मिशन को वर्ष 22 अक्टूबर वर्ष 2008 में लांच किया था।

**पानी** इस जीव-जगत व वनस्पति जगत की प्रथम और मूलभूत आवश्यकता है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है और यही कारण है कि कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' धरती तो धरती आज मनुष्य चांद पर लगातार पानी तलाश रहा है ताकि चांद पर भी भविष्य में पृथ्वी ग्रह की भांति ही जीवन संभव हो सके। हाल फिलहाल, पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-3 मिशन से पहले जब भारत ने चंद्रयान-1 भेजा था, उस समय भारत ने यह जानकारी हासिल कर ली थी कि चांद पर पानी हो सकता है। वास्तव में चंद्रयान मिशन -1 के दौरान चंद्रयान ने चांद पर बर्फ होने की बात कही थी, और उसके बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी इसके आधार पर चांद पर पानी होने की पुष्टि की थी। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा चंद्रयान-1 मिशन को वर्ष 22 अक्टूबर वर्ष 2008 में लांच किया था। वास्तव में, चन्द्रयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वारा चंद्रमा की तरफ कूच करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष यान था। यह एक मानवरहित मिशन था तथा यह 30 अगस्त, 2009 तक सक्रिय रहा था। हाल ही में भारत के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 को उतारकर दुनिया को यह दिखा दिया कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में उसका कोई सानी नहीं है। यह हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, लग्न व निष्ठा का परिचायक है जिन्होंने बहुत कम लागत में चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपने यान को उतार कर विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सच तो यह है कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान जगत में एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इतना ही नहीं, भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर जाने को लेकर उत्सुक पूरी दुनिया की अंतरिक्ष एजेंसियों को भी पछाड़ दिया। पाठकों को यह जानना रूचिकर होगा कि चंद्रयान- 3 की कुल लागत लगभग 615 करोड़ रुपये है। इसमें लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल की लागत लगभग 215 करोड़ रुपये है। लॉन्च की लागत 365 करोड़ रुपये होने का अनुमान जताया गया था। जबकि, दुनिया के अन्य चंद्रमिशनों से इसकी तुलना की जाए तो रूसी अंतरिक्ष यान लूना-25 की कीमत लगभग 1,600 करोड़ रुपये है, जो कि भारत के चांद मिशन से कहीं ज्यादा है, बावजूद इसके रूस का मिशन फेल भी हो गया। वर्तमान में भारत दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग की है। यह भी उल्लेखनीय है कि चांद पर उतरने वाला भारत विश्व का चौथा देश है। जानकारी देना चाहूंगा कि इस सूची में अमरीका, चीन



और सोवियत संघ शामिल हैं। अब भारत भी इसमें शामिल हो चुका है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि वैज्ञानिकों की चांद के दक्षिणी ध्रुव में ही इतनी रूचि क्यों है जबकि वहां पहुंचना किसी हरक्यूलियन टास्क से कम नहीं है ? तो इस संबंध में पाठकों को बताना चाहूंगा कि वैज्ञानिक यह बात जानते हैं कि इस क्षेत्र में (चांद के दक्षिणी ध्रुव पर) बर्फ के रूप में पानी की मौजूदगी है। बीबीसी की एक रिपोर्ट कहती है कि 14 वर्षों से चंद्रमा का परिक्रमा कर रहे नासा के अंतरिक्ष यान लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर की ओर से इकट्ठा किए गए डेटा से पता चलता है कि स्थायी रूप से छाया वाले कुछ बड़े गड्ढों में वॉटर आइस (पानी की बर्फ) मौजूद है, जो संभावित रूप से जीवन को बनाए रख सकती है। यह भी एक तथ्य है कि वैक्यूम के कारण चांद पर पानी ठोस या वाष्प के रूप में मौजूद है। वैज्ञानिकों का यह मानना है कि सूर्य की रेडिएशन से अछूता जमा हुआ पानी लाखों वर्षों से ठंडे ध्रवीय क्षेत्रों में जमा हो गया होगा, जिससे सतह पर या उसके पास बर्फ जमा हो गई होगी। वैसे, यह भी एक तथ्य है कि वायुमंडल बनाने के लिए चंद्रमा के पास पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रे डेम में ग्रहीय भूविज्ञान के प्रोफेसर क्लाइव नील कहते हैं कि अभी यह सिद्ध होना बाकी है कि पानी की बर्फ पहुंच में है या खनन करके उस तक पहुंचा जा सकता है, दूसरे शब्दों में क्या वहां पानी के ऐसे भंडार हैं, जिन्हें आर्थिक रूप से निकाला जा सकता है? बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि पानी जीवन के लिए आवश्यक तत्व है। पानी के अन्य उपयोग भी हैं। उदाहरण के लिए, यह यान के विभिन्न उपकरणों के लिए एक शीतलक के रूप में कार्य कर सकता है और यहां तक कि रॉकेट ईंधन भी प्रदान कर सकता है। दरअसल, पानी के अणुओं को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन परमाणुओं में तोड़ा जा सकता है और दोनों का इस्तेमाल रॉकेट दागने के लिए प्रणोदक के रूप में किया जा सकता है। चांद पर उपलब्ध पानी (बर्फ की सिल्लियों के रूप में) मंगल ग्रह पर जाने वाले यानों के काम आ सकता है, क्यों कि चांद को भविष्य में एक अंतरिक्ष अड्डे के रूप में विकसित किया जा सकता है। वैज्ञानिक यह भी मानते हैं कि चंद्रमा पर इतने गहरे गड्ढे भी हैं, जहां अरबों वर्षों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है और इन क्षेत्रों में तापमान आश्चर्यजनक रूप से माइनस 248 डिग्री सेल्सियस (-414 फारेनहाइट) तक गिर जाता है। यहां चंद्रमा की सतह को गर्म करने वाला कोई वातावरण नहीं है। चंद्रमा की इस पूरी तरह अज्ञात दुनिया में किसी भी इंसान ने कदम नहीं रखा है और नासा के मुताबिक, चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव रहस्य, विज्ञान और उत्सुकता से भरा है। हाल फिलहाल चांद पर पानी की मौजूदगी के बारे में विश्व के विकसित देश बहुत ही ज्यादा उत्सुक हैं। आज यूरोप, रूस और अमरीका और चीन की अंतरिक्ष एजेंसियां चांद पर पहुंचना चाहती हैं क्योंकि चांद पर पृथ्वी की भांति एक कॉलोनी बनाने की संभावना दिखती है और आने वाले समय में मंगल पर जाने के लिए भी चांद एक अहम स्थान या स्टेशन के रूप में विकसित हो सकता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1960 के दशक में चांद पर अमरीकी यान अपोलो के उतरने से पहले ही वैज्ञानिकों ने संभावना जाहिर कर दी थी कि चांद पर पानी हो सकता है, लेकिन 1960-70 के दशक में अपोलो अभियान के जरिए चांद से मिट्टी के जो नमूने लाए गए थे, वे सब सूखे थे और उनमें पानी नहीं था। इसके बाद, वर्ष 2008 में ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने उन नमूनों का आधुनिक तकनीक से दुबारा गहन विश्लेषण और अध्ययन किया तो यह पाया गया कि उसमें हाइड्रोजन की मौजूदगी थी। वास्तव में यह हाइड्रोजन ज्वालामुखी की राख में चमकदार शीशों के भीतर मिली थी। इसके बाद भारत ने वर्ष 2008-09 में चांद पर पानी की मौजूदगी बताई। वर्ष 2009 में नासा ने भी एक अन्य अभियान चांद पर भेजा जो चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नहीं उतरा, लेकिन उसने ऊपर से तस्वीरें ले लीं और उस अभियान ने चांद की सतह के नीचे बर्फ का पता लगाया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 1998 में नासा का लुनार प्रॉस्पेक्टर भी चांद का चक्कर लगाते हुए दक्षिणी ध्रुव पर छाया में छिपे गड्ढों में बर्फ की जानकारी जुटा चुका था। हाल फिलहाल चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतर सफलतापूर्वक लैंड कर गया है, अब उम्मीद जताई जा सकती है कि चंद्रयान पानी के बारे में और भी सबूत खोज सकता है। यदि भारत इस बार फिर चांद पर पानी को लेकर कोई खुलासा करता है तो दुनिया भारत की इस रिसर्च का निश्चित रूप से अनुशरण करेगा, क्यों कि चांद को अब एक कालोनी के रूप में विकसित करने की ओर संपूर्ण विश्व की नजरें हैं।

# चिकित्सा विज्ञान की खूबियां-खामियां

हमारे चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी असफलता यह है कि यह भावनात्मक घावों को समझने और ठीक कर पाने में पूरी तरह से असफल है। दावा चाहे कुछ भी किया जाए, कोई भी प्रणाली सिर्फ शरीर के इलाज तक ही सीमित है। कोई भी प्रणाली मन का पूरा और सही-सही इलाज कर पाने में पूरी तरह से विफल है और उसके लिए आध्यात्मिक उपचार के अलावा और कोई साधन है ही नहीं। अब समय आ गया है कि हम अपने ज्ञान के अहंकार को छोडक़र आध्यात्मिक उपचार का महत्त्व समझें, और जहां जरूरत हो इसका उपयोग करके रोगी को सम्यक सेहत का उपहार दें।

**आधुनिक** समय में चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति की है और तकनीक तथा अनुभव के मेल से चिकित्सा जगत से जुड़े लोग लाखों-करोड़ों मरीजों को जीवनदान दे रहे हैं। चिकित्सा जगत के शोध हमें नई राह दिखाते हैं और जीवन कुछ और आसान हो जाता है। आइए, चिकित्सा विज्ञान में हुए शोध की कुछ मुख्य बातों को समझने की कोशिश करते हैं। चिकित्सा विज्ञान मानता है कि हमारा शरीर एक सुपर कंप्यूटर है और अस्सी प्रतिशत बीमारियों को ये खुद ही ठीक कर सकता है, बिना किसी दवाई के। वस्तुतः आयुर्वेद तो यह भी कहता है, और जिसे अनुभव ने सिद्ध भी किया है, कि आम बुखार और सिरदर्द जैसी बीमारियां, जिन्हें हम बीमारी मानते हैं, बीमारी हैं ही नहीं बल्कि ये शरीर की किसी अन्य खराबी का संदेश देते हैं। ये सिर्फ संदेशवाहक हैं और दवाई लेकर हम इन संदेशवाहकों को चुप करवा देते हैं, उनका संदेश सुनते ही नहीं और असल रोग ठीक होने के बजाय अंदर ही अंदर पनपता चलता है जो बाद में कहीं ज्यादा कष्टप्रद रोग के रूप में सामने आता है। चिकित्सा विज्ञान यह मानता है कि बुखार को यदि बर्दाश्त करके खाने-पीने में उचित परहेज कर लिया जाए तो बुखार दो-तीन दिन में खुद ही ठीक हो जाता है और बुखार के कारण शरीर के अंदर जमा गंदगी को बाहर निकलने का रास्ता मिल जाता है, जिससे हम आने वाली बड़ी कठिनाई से मुक्ति पा लेते हैं। चिकित्सा विज्ञान यह भी स्वीकार करता है कि अस्सी प्रतिशत बीमारियां ऐसी हैं जिन्हें विज्ञान सेल्फ लिमिटिंग डिसीजिज मानता है, यानी ये बीमारियां ऐसी हैं जो ज्यादा बिगड़ती नहीं हैं, अतः इनके इलाज के लिए दवाई की नहीं बल्कि धीरज, आराम और परहेज की जरूरत होती है। दवाई लेकर तो हम दरअसल बीमारी को और बढ़ाते हैं क्योंकि दवाई से बुखार दब जाता है और शरीर को अपनी सफाई का मौका नहीं मिल पाता। चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह स्वीकार करना है कि अस्सी प्रतिशत बीमारियों का कारण हमारी भावनाओं से जुड़ा है। बचपन में या बाद में कभी भी निरंतर अपमान सहने, मारपीट सहने, चिढ़ाए जाने आदि के बाद उसका प्रतिकार न कर पाने के कारण अगर हम खुद को बेबस पायें तो हमारे मन को जो चोट लगती है वह हमारे अवचेतन मन में गहरे बैठ जाती है और उससे उपजी आत्मग्लानि, जीवन में किसी न किसी रोग के रूप में सामने आती है। लेकिन यही शोध चिकित्सा विज्ञान की एक बड़ी असफलता की ओर भी इशारा करता है। चिकित्सा विज्ञान की कोई भी प्रणाली भावनात्मक घावों को समझने और ठीक कर पाने में पूरी तरह से असमर्थ है। दावा चाहे कुछ भी किया जाए, एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद या विश्व में प्रचलित अन्य वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियां, कोई भी प्रणाली सिर्फ शरीर के इलाज तक ही सीमित है। उच्च शिक्षित मनोचिकित्सक भी मन में छुपे घावों का सही इलाज कर ही पायें, इसकी कोई गारंटी नहीं है। यही वह मुकाम है जहां आकर हमें आध्यात्मिक उपचार की महत्ता समझ में आती है, पर हम आध्यात्मिक उपचार की बात करें, उससे पहले चिकित्सा विज्ञान की कुछ और मान्यताओं पर भी बात कर लेना उपयोगी होगा। हम जानते ही हैं कि हमारी भावनाओं का हमारी सेहत से गहरा रिश्ता है, और प्रयोगों से यह सिद्ध हो चुका है कि प्लैसीबो इफैक्ट भी दवाई की तरह काम करता है, यानी, अगर किसी रोगी को यह कहा जाए कि उसे दवाई दी जा रही है और दवाई की जगह सादा पानी, चीनी या नमक, या कुछ भी ऐसा दे दिया जाए, तो भी रोगी इस तसल्ली से ही ठीक होना शुरू हो जाता है कि उसे रोग की दवाई मिल गई। इसी तरह यह भी सिद्ध हो चुका है कि यदि रोगी के आसपास के वातावरण को खुशनुमा बना दिया जाए, रोगी के मन में आशा का संचार किया जाए, तो बहुत संभव है कि रोगी अपने किसी अत्यंत गंभीर रोग से भी उबर जाए, जल्दी ठीक होना शुरू हो जाए, तेजी से ठीक होना शुरू हो जाए, या उसकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाए और वह डाक्टरों की उम्मीद से कहीं ज्यादा लंबा जीवन जीने के काबिल हो जाए। इसके विपरीत यदि किसी रोगी को डाक्टर ये बताए कि उसका रोग इतना गंभीर है कि वह कुछ ही महीनों का मेहमान है, तो यह बाकायदा संभव है कि उसकी मानसिक निराशा के कारण उसकी शारीरिक हालत और बिगड़ जाए और वह रोगी अपने समय से बहुत पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाए। एक बड़ा सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की अब तक की प्रगति के बावजूद, यह स्वयंसिद्ध है कि चिकित्सा की कोई एक प्रणाली शत-प्रतिशत सफल नहीं है, अतः किसी डाक्टर, वैद्य, हकीम, प्राकृतिक चिकित्सक या वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली से जुड़े चिकित्सक को एक से अधिक चिकित्सा प्रणालियों में महारत हासिल है तो रोगी को उससे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना सबसे ज्यादा है, और यदि इनमें से कोई भी आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली का भी पोषक हो तो उसकी महारत का स्तर कई गुणा बढ़ जाता है। कारण यह है कि चिकित्सा विज्ञान की पहुंच सिर्फ शरीर तक है जबकि अधिकांश बीमारियों का कारण मानसिक है और एक सीमा के बाद पारंपरिक मनोचिकित्सक भी बेबस हो जाते हैं, लेकिन अगर उनकी शिक्षा के साथ आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली का ज्ञान भी शामिल हो जाए तो सोने पर सुहागा जैसी स्थिति हो जाती है क्योंकि पारंपरिक चिकित्सा शिक्षा शरीर की कार्यप्रणाली की जानकारी देती है और आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली एक चिकित्सक के लिए रोगी के अवचेतन मन का दरवाजा खोल देती है।

## दृष्टिकोण

# एक उधड़े कोट की मरम्मत

**प्रिय** मित्रो, हमें लगता है अब इस नये जमाने में आपको अपनी पुरानी सोच का परित्याग करना पड़ेगा। जो कल अच्छा था वह अब समय बीतने के साथ बोसीदा हो गया है। अब इसे सुधारने का प्रयास करोगे, तो ऐसे लगेगा कि जैसे आप अपने उधड़े हुए कोट के बखिये मरम्मत करने की कोशिश कर रहे हैं। अब इस मरम्मत को क्या कहें? एक ओर से बखिया सीते हैं तो दूसरी ओर से उधड़ जाता है। क्यों न जो कोट इन सदियों जैसे बरसों से हम पर लदा है और हमें फटीचर हो जाने का एहसास करवा रहा है, जी हां, क्यों न इसे उठा कर एक ओर फेंक दिया जाए और इसकी जगह एक बिल्कुल नया कोट पहन लिया जाए।

माशा अल्लाह। बात देश के अस्सी प्रतिशत लोगों की गरीबी या उनकी बढ़ती महंगाई की मार या उन पर लदे बेकारी के बढ़ते बोझ को घटाने की हो रही थी, और आप फटे पुराने कोट की उधडऩ सीने की जगह नये कोट की तलाश में चल दिये। अजी हम कहां चले हैं? यह बेनूर आंखें और बेसहारा कदम ही नई जिंदगी की तलाश में भटक कर हमें बताते हैं कि अरे, पुराने फटे कोटों की उधडऩ को रो रहे हो, अपनी मैली कमीज और फटी बनियान की फिक्र करो। कहीं वह भी नदारद न हो जाये। क्योंकि इसकी मौजूदा हालत में तो इसे कोई गिरवी रख कर भी आपको एक जून पेट भरने का वसीला देने से रहा। बहुत बरस पहले जब इस देश में आजादी के चिराग जले थे, तब देश के मसीहाओं ने फैसला किया था कि सरकारी उद्यम और निवेश, और लाला लोगों का निजी व्यापार-धंधा आपस में गलबहियां डाल कर चलेगा। जीवन की भीख मांगते पिछड़े लोगों का खाली ओसारा सरकारी क्षेत्र अपने लाभ की परवाह किये बगैर जनकल्याण से भरेगा।

ऊंची अटारियों वाला निजी क्षेत्र बढ़ते लाभ की पताका फहराने की धुन में देश को प्रगति की ऐसी दौड़ देगा कि ये अटारियां चाहे और कितनी ऊंची हो जाएं, इनकी खिड़कियों से गिरता दाव सौगात बन वंचितों के नंगे कंधों पर नया कोट बन कर लद सकेगा। जनाब फिर साल दर साल पंचवर्षीय योजना बन कर गुजरते गये। निजी क्षेत्र की अटारियां रूप बदल कर बहुमंजिले मॉल-प्लाजा बन गये। गरीब के कन्धों का वह एहसास भी खत्म हो गया कि उसके कन्धों पर कोई फटा हुआ कोट कभी रहा है। रफूगर किस उधड़ी हुई सीन को सिये? वहां तो कोई कोट ही नहीं रहा। हां, बाबूडम की रियासत जरूर बन गई। सरकारी उद्यम की कारगुजारी और उसके द्वारा फहरायी जाने वाली कल्याण पताका एक ऐसी कटी पतंग बनी, जो उनकी बस्तियों के ऊपर से गुजरती हुई डिजिटल तरंगों में उलझ कर रह गई। क्या करें इस बीच जमाना कयामत की चाल चल गया। आनलाइन हो गया।

लेकिन उसका परिसर लकदक बस्तियों की सीमायें न लांघ पाया। शेष देश इतने बरसों रोटी, कपड़ा और मकान वाले अच्छे दिनों का इंतजार कर रहा था, वह आनलाइन हो सकने की चाहत के साथ स्मार्ट फोन बंटने की खैराती कतार में लग गया। लीजिये, ऐसी प्रगति न घर की रही न घाट की। 'आनलाइन' होकर डिजिटल हो जाने का नया कंगूरा क्या छूते? यहां तो 'ऑफ लाइन' की पटरी से भी उतर गये। अभी बड़े लोगों के नये चिन्तन ने एक पैगाम दे दिया। आक्सफैम के सर्वेक्षण आंकड़ों पर मत जाओ कि महामारी के सैलाब में दस प्रतिशत अरबपति तो खरबपति हो गए, और नब्बे प्रतिशत अपने पुराने तार-तार हो गए कोटों के लिए रफूगर तलाश रहे हैं। लेकिन इनको मंदी लग गयी है। जब उनके लिए नये कपड़े ही नहीं बिकेंगे, तो रफूगर चौराहों पर जमा भिखारी ब्रिगेड में शामिल होकर अपने लिए रोटी तलाशने का नया धंधा न अपना लें तो क्या करें।

## देश दुनीया से

# प्रदेश का दर्द राष्ट्रीय आपदा क्यों नहीं?

**हिमाचल** प्रदेश अपने अस्तित्व में आने के बाद धीरे-धीरे हर क्षेत्र में आगे बढ़ ही रहा था कि वर्ष 2023 की जुलाई-अगस्त माह की प्रलयंकारी बारिश ने प्रदेश के लोगों व प्रदेश के विकास की कमर ही तोड़ दी। प्रकृति का ऐसा रौद्र रूप आज तक किसी प्रदेशवासी ने नहीं देखा होगा। बारिश बाढ़ बनकर ही बरसने लगी है। अचानक मौसम व पर्यावरण में हुए बदलावों को गहराई से समझने की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश आर्थिक रूप से इतना सुदृढ़ राज्य नहीं है। खेती व बागवानी ही लोगों की आर्थिकी के प्रमुख साधन हैं। आज प्रदेश के आपदाग्रस्त लोगों को हर तरफ से संबल प्रदान करने की आवश्यकता है। लगता है कि हिमाचल प्रदेश विकास में कम से कम 10 से 15 वर्ष पीछे पहुंच गया है। अगस्त का प्रलयंकारी माह सैंकड़ों लोगों की जानें लील गया। मृतकों का आंकड़ा 400 तक पहुंचने लगा है। सैंकड़ों मकान, सरकारी भवन व सरकारी विद्यालय जमींदोज हो गए हैं। लोग बेघर व बेबस नजर आ रहे हैं। जमीनें पिघलती हुई नजर आ रही हैं। बागीचे भयंकर तबाही के चलते धरा से अदृश्य होने लगे हैं। जन संपर्क मार्ग भारी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तो कहीं अवरुद्ध पड़े हैं। बिजली-पानी जैसी मूलभूत जरूरतें लोगों के जीवन की विकटता बनती जा रही हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं भी सडक़ संपर्क अवरोधों के चलते दुर्लभ हो रही हैं। दूरसंचार व्यवस्था चरमराने लगी है। मैदानी इलाके पूर्णतया जलमग्न होने लगे हैं। फसलें तबाह हो चुकी हैं। प्रदेश के लोगों का पशुधन व गौशालाएं काल का ग्रास बन रही हैं। अब तो प्रदेश के लोग रात को सोने से भी कतराने लगे हैं कि न जाने कब यह बारिश कोई आफत लेकर आ जाए। खैर, स्वाभाविक है कि प्रकृति के इस तांडव से भविष्य में मानव जाति कुछ सीख तो अवश्य लेगी और पूर्व में हुई गलतियों को नहीं दोहराना चाहेगी। पिछले 40-50 वर्षों से स्थानीय नाले व खड्डें सूखने के कगार पर आ गए थे और लोगों की हिम्मत भी खड्डों व नालों के बहुत समीप और कई जगह अतिक्रमण के चलते नदियों के किनारे व नालों-खड्डों में मकान बनाने का प्रचलन भी बन गया था। आज इसी सोच के चलते कई जानों व मकानों का जल प्रवाह हो गया। जमीन में पानी की नमी इतनी ज्यादा हो गई कि अपने ऊपर मकानों के ज्यादा वजन को सहने की क्षमता क्षीण होने लगी है। सडक़, मकान व शहरों में पानी की निकासी की व्यवस्था गायब ही है, जो पानी निकासी के चलते नदी-नालों व खड्डों में तुरंत पहुंच जाता था। आज हर जगह जमीन में भी अवशोषित हो रहा है। यह बरसात मनुष्य को बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर गई। आपदा की सच्चाई कुछ भी हो, हर तरह के नुकसान से हिमाचल प्रदेश में आपदा का स्तर बहुत बड़ा हो गया है। इसलिए इसे अविलंब राष्ट्रीय आपदा घोषित कर विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करना लाजिमी है। इस दिशा में बेवजह देरी ठीक नहीं होगी। इस त्रासदी में कईयों की जानें बचाई जा सकती हैं, यदि राहत व पुनर्वास कार्यों को जल्द ही गति मिल सके। राष्ट्रीय आपदा के कोई भी व्यापक मानदंड स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं हैं। इंडिया टीवी एक्सप्लेनर के अनुसार दसवें वित्त आयोग में जब राज्य की एक-तिहाई आबादी प्रभावित होती है, तब आपदा की दुर्लभ गंभीरता को राष्ट्रीय आपदा कहा जाता है, मगर दिसंबर 2005 में देश में आपदा से निपटने के लिए देशव्यापी कानून पास हुआ जिसमें किसी भी इलाके में प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों से दुर्घटना या उपेक्षा की वजह से आई ऐसी कोई महाविपत्ति, अतिष्ट तबाही आदि जिसमें मानव जीवन को हानि या संपत्ति को भारी नुकसान और विनाश या पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचे और ये इतने बड़े पैमाने पर हो जिससे स्थानीय समुदाय के लिए निपटना संभव न हो, वो आपदा होगी।

हिमाचल प्रदेश आर्थिक रूप से इतना सुदृढ़ राज्य नहीं है। खेती व बागवानी ही लोगों की आर्थिकी के प्रमुख साधन हैं। आज प्रदेश के आपदाग्रस्त लोगों को हर तरफ से संबल प्रदान करने की आवश्यकता है। लगता है कि हिमाचल प्रदेश विकास में कम से कम 10 से 15 वर्ष पीछे पहुंच गया है। अगस्त का प्रलयंकारी माह सैंकड़ों लोगों की जानें लील गया। मृतकों का आंकड़ा 400 तक पहुंचने लगा है। सैंकड़ों मकान, सरकारी भवन व सरकारी विद्यालय जमींदोज हो गए हैं। लोग बेघर व बेबस नजर आ रहे हैं। जमीनें पिघलती हुई नजर आ रही हैं। बागीचे भयंकर तबाही के चलते धरा से अदृश्य होने लगे हैं। जन संपर्क मार्ग भारी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तो कहीं अवरुद्ध पड़े हैं।

# तेतरियाखाड कोलियरी में दूसरे दिन भी ट्रकों को कोलियरी में प्रवेश करने से रोका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड कोलियरी में सीसीएल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण दो गुटों में हिंसक झड़प की संभावना बढ़ गई है। रविवार को बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज, पांकी, लातेहार समेत कई प्रखंडों के ट्रक अपनी कतार से फॉर्मेट लेकर कोलियरी में प्रवेश करने हेतु पहुंचा ।जहां गिरधारी यादव के आदेश पर मंटू साव एवं कई लोगो ने रंगदारी करते हुए ट्रकों को रोक दिया ।और मनमानी करते हुए सिर्फ बसिया गांव के ट्रक का प्रवेश कराया ।इधर शनिवार की संध्या बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आपात कालीन बैठक संजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई ।उसके बाद सैकड़ो की संख्या में ट्रक ओनर बालूमाथ थाना पहुंचे व एक मांग पत्र उपायुक्त के नाम से सौपा। जिसमें कहा गया कि सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड कोलियरी सरकार के अधीनस्थ संचालित है। और इस कोलयरी में सरकारी नियम के तहत ट्रक लोडिंग समेत सभी कार्य होना चाहिए। लेकिन गिरधारी यादव एवं कुछ समर्थक के द्वारा अवैध वसूली करने की नीयत से और अपना दबदबा कायम रखने के लिए सरकारी नियम को ताख पर रख कर अपना नियम से बालूमाथ समेत कई प्रखंडों के ट्रकों को कोलियरी में प्रवेश से कराते हैं। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने लोगों को कहा कि सोमवार को दोनों पक्ष के लोगों का एक बैठक लातेहार एसडीएम शेखर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कराई जाएगी। एवं दोनों पक्षों की समस्या का समाधान किया जाएगा ।इधर रविवार को बसिया पंचायत के दर्जनों लोगों ने तेतरियाखाड कोलियरी में कृष्णा साव की अध्यक्षता में एक आपात बैठक की। उसके बाद सभी लोग बालूमाथ थाना पहुंचे वह मांग करते हुए कहा कि हम लोग विस्थापित व प्रभावित है कोलियरी जो नियम से चल रहा है। इसी नियम से चलने दिया जाय। हमलोग ने किन्ही का ट्रक को नही रोका है। इधर ट्रकों का परिचालन को लेकर दोनों गुटों द्वारा भारी संख्या में अलग-अलग बैठक कर रणनीति तैयार करने में लगे हैं। जिससे आपसी संघर्ष की संभावना प्रबल हो गई है ।समय रहते पुलिस प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं करती है। तो कभी भी बालूमाथ में बड़ा घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में कोलियरी मैनेजर विनोद कुमार दीपक ने कहा कि बालूमाथ के ट्रकों को रोके जाने की सूचना मिली है वरीय पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

# जदयू जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला जदयू कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैसी ने की। बैठक में मुख्य विषय पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला में पार्टी संगठन को सबल, सुदृढ़ व धारदार बनाना पहला कर्तव्य होगा। दूसरा कर्म मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजना को जन-जन तक कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहुंचाना है।साथ हीं बैठक में जदयू चला गावं की ओर पर विशेष चर्चा किया गया।जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जिलास्तर पर कोर कमेटी का गठन कर आमजन की समस्या का निराकरण करने काम करेगी। यह भी कहा गया कि प्रखंडस्तर पर जदयू कार्यालय को क्रियाशील किया जाएगा।आगे कहा कि कार्यकर्ता एवं आमजन की समस्या के निवारण के लिए संबंधित विभाग के जिला व राज्य स्तर के पदाधिकारी से संपर्क कर समस्या का निराकरण किया जाएगा। वहीं नेजामुद्दीन ने संगठन को धारदार व मजबूती के लिए जनहित कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। मौके पर संगठन प्रभारी राम लगन सिंह, संतोष जायसवाल जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह प्रखंड अध्यक्ष गारू, राजकुमार बैठा जिला उपाध्यक्ष लातेहार, झुमन लोहरा, बहाव अंसारी, मनोज ठाकुर जिला सचिव, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, कुलेश्वर सिंह, राजीव उरांव सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष व जदयू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लमपी बिमारी से मवेशियों की हो रही मौत, किसान हकलान

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों मवेशियों में लम्पि बिमारी से मवेशियों की मौत हो जा रही है। वहीं इस तरह हो रही विपदा से किसानों का कमर टूट रहा है। जबकि चतरा मवेशी चिकित्सालय से अभी तक इस बीमारी से निबटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। मवेशी चिकित्सालय भी एक तरह से स्वास्थ चिकित्सालय है इस चिकित्सालय में भी डॉक्टर कम्पाउण्डर एवं अन्य कर्मियों की बहाली की जाती है और सभी को सरकारी तनख्वाह से नवाजा जाता है। तो आखिर मवेशियों के बीच इस तरह गम्भीर बिमारी से हो रही अत्यधिक मौत का जिम्मेवार कौन होगा। यह लम्पि बीमारी प्रखण्ड के डाड़ी पुंडरा,एदला आदि तमाम गावों में जोरो पर है किसान परेशान है। एक तरफ इस वर्ष वर्षा नहीं होने के कारन क्षेत्र भुखमरी के नाव पर खड़ा है वहीं दुशरी ओर उनके चल सम्पति भी धाराशाही हो जा रहा है। किसाना जाए तो जाए कहां। अभी तक लम्पि जैसी गम्भीर बिमारी से निबटने के लिए मवेशी चिकित्सालय की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। वैसे में मवेशी चिकित्सालय होना या ना होना कोई फायदा किसानों या ग्रामीणों दिखता नजर नहीं आ रहा है।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक महेंद्र बने अध्यक्ष



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक। बैठक के अध्यक्षता सतीश दांगी व संचालन चुरामन प्रजापति ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा को सफल आयोजन को लेकर निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। वही पूर्व अध्यक्ष लेखराज टाइगर से पूर्व में हुए खर्च का हिसाब लिया गया। बैठक में सर्व समिति से महेंद्र दांगी को अध्यक्ष, प्रमोद कुमार कुशवाहा को उपाध्यक्ष, वासुदेव दांगी, संजय कुमार दांगी, चुरामन प्रजापति को सचिव, राजकिशोर तिवारी सहसचिव, राजकुमार दांगी, अरविंद ठाकुर, उदय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार साहू, प्रकाश ठाकुर को विधि व्यवस्था प्रमुख, उमेश अग्रवाल, विनय ठाकुर को चेंज किया गया एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वासुदेव तिवारी, विशेश्वर दांगी, बालेश्वर दांगी, मुखिया पति संजय दांगी, अरुण अग्रवाल, सनोज कुमार, अजय दांगी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ का प्रखंड सम्मेलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** माले प्रखंड सचिव कॉम कमलेश सिंह के अगुवाई में झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ का प्रखंड सम्मेलन संपन हुआ। इस सम्मेलन में बरवाडीह प्रखंड के लगभग 100 विद्यालय के 300 रसोइया शामिल हुई सम्मेलन में रसोइया के बकाया वेतन न्यूनतम उचित वेतन मान पेंशन और बीमा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात विचार करते हुए नई प्रखंड कमिटी का चुनाव भी किया गया। वहीं सम्मेलन में मुख्य अतिथि के बतौर अपनी बात रखते हुए माले जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि रसोइया बहनों की माली हालत सबसे ज्यादा खराब है जबकि विद्यालय में इनका बड़ा योगदन रहता है इन्हें 9 बजे से लेकर 3 बजे तक एक पैर में खडा रहकर खाना बनाकर बच्चों को खिलाना पड़ता है। इन्हें मात्र दो हजार मानदेय पर गुजारा करना पड़ता है इतना कम मजदूरी खुलमखुला श्रम कानून का उलंघन है। झारखंड राज्य रसोइया संघ और गरीबों की पार्टी भाकपा माले लगातार इनकी सवालों को लेकर सड़क से सदन तक लड़ रही है लड़ाई का परिणाम ही है आज इनका वेतन दो हजार रुपये मिल रहे हैं। बरवाडीह सहित पूरा जिला में रसोइया संघ को मजबूत करना होगा और लड़ाई लड़ना होगा ।अंत में सर्व सहमति से 21 सदस्यीय रसोइया संघ का प्रखंड कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुशीला देवी सचिव रीना देवी उपाध्यक्ष प्रेमशीला देवी सचिव राहिल सोय एवं कमिटी सदस्य कविता देवी आशा देवी लीलावती देवी फुलवा देवी ललिता देवी शहनाज बीवी अख्तरि बीवी जशोदा देवी पुष्पा देवी देवकलिया देवी पिवओ देवी सविता देवी दौर्पति देवी पर्बतिया देवी शांति देवी कौशल्या

# वोलेंट्री ब्लड डोनेशन एसोसिएशन का हुआ गठन, धर्मेंद्र बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** रेड क्रास सोसाइटी भवन में रविवार को थेलेसिमिया जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर वोलेंटरी ब्लड डोनेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील मुखर्जी व विशिष्ट अतिथि प्रभारी सिविल सर्जन डा. उत्तम कुमार, एसोसिएशन के महासचिव कमल घोष व रजत भट्टाचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान महादान है। क्योंकि हमारे दिए गए रक्त से किसी की जान बचती है तो इससे बेहतर पुण्य का कोई काम नही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति अभी भी लोगों में जागरूकता का अभाव है। ऐसे ही लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय थेलेसिमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से ब्लड डोनेशन के लिए मीडिया, किसी भी संस्था के मैनेजर, पंचायत के मुखिया के साथ साथ सांसद, विधायक को भी जागरूक करने की बात कही। कहा कि अगर हम रक्तदान नहीं करते हैं तब पर भी 120 दिन में हमारा रक्त शरीर के अंदर ही नष्ट हो जाता है। जितना रक्त हम देते हैं वह 24 से 48 घंटे के अंदर बन जाता है। उन्होंने कहा की अगर लोग जागरूक हो जाएं तो ब्लड बैंक में कभी रक्त की कमी नहीं होगी और ब्लड के अभाव में कोई नहीं मरेगा। जागरूकता अभियान को गति देने के लिए जिला स्तरीय वोलेंट्री ब्लड डोनेशन एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमें धर्मेंद्र पाठक को अध्यक्ष, विवेक केशरी को सचिव, पंकज राज को कोषाध्यक्ष तथा गोपाल कुमार वर्मा, मृत्युंजय कुमार, अनुज गुप्ता, दीपक कुमार, माधवी गुप्ता, शंकर कुमार, मनोज गुप्ता, विशाल प्रजापति व पप्पू साहू को सदस्य मनोनित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजकुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डा. विजय कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य पंकज गुप्ता, संतन पांडेय सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

## मौसम ने ली अंगड़ाई, रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे पर मुस्कान छाई



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में अचानक मौसम ने ली अंगड़ाई। जिससे रिमझिम बारिश के कारण किसानों के चेहरे पर मुस्कान छाई है। बता दें कि बीते दस दिन से क्षेत्र में वर्षा नहीं होने से किसानों के बीच मायूसी छाई हुई थी। वहीं इंशान से लेकर मवेशी तक बिमारी के शिकार हो रहे थे। अब रिमझिम वर्षा से किसानों के चेहरे पर कुछ खुशियाली छाई है वहीं बीमारियों से लोगों को निजात मिलेगी। चुकी एक तो वर्षा नहीं हो रही थी वहीं अत्यधिक तेज तपिस के चपेट में लोग जी रहे थे।

# दो माह से जलापूर्ति की बाट जो रहे हैं ग्रामीण, पदाधिकारी मस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के कुट्टी गांव के ग्रामीण पिछले दो माह से जलापूर्ति की बाट जोह रहे हैं। जलापूर्ति के लिए बनाया गया टावर तो खड़ा किया गया है किंतु अब तक उससे एक बूंद जल की आपूर्ति ग्रामीणों को नसीब नहीं हो रही है। विभाग के इस तरह की लापरवाही से ग्रामीणों में काफी रोष है। इस जल मिनार से जल आपूर्ति लाभुक में बयोबृद्ध वरिष्ठ तथा सामाजिक और सीपीआई नेता चक्रधर सिंह भी हैं जिन्होंने इस योजना पर कठोर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि एक तो योजना का निर्माण बेहद निम्न गुणवत्ता कि की गयी है। वहीं दो माह बीत जाने के बाद भी इसे चालू नहीं किया गया है। संवेदकों ने जैसे तैसे योजना पूर्ण की ओर बिना चालू किए तथा पुराने चापानल के बोरिंग में सावरसेबल डाल फरार हो गए है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह सरकार का हर घर जल मिशन योजना धाराशाही हो रहा है। और लाभुकों को शुद्ध पेयजल मिलने का सपना भी चकनाचूर हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से स्वयं संज्ञान लेकर जलापूर्ति जलमीनार को चालू करने की मांग की है अन्यथा लाभुकों के साथ मिलकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ऐसे में लाभुक त्रस्त पदाधिकारी मस्त हैं। पीएचडी विभाग की मनमानी चलने नहीं देंगे। बुजुर्ग हुआ तो क्या हुआ अभी भी आंदोलन करने की क्षमता रखता हूँ।

# पिंडारकोम ग्राम में दुर्गा पूजा कमिटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष किशुन यादव, उपाध्यक्ष बाली यादव, उपसचिव दिलीप यादव, उप-कोषाध्यक्ष सचिन कुमार राम, महामंत्री संतोष यादव, मीडिया प्रभारी नागदेव यादव, मीडिया सह प्रभारी गंगेश्वर यादव, महामंत्री सुरेश यादव, परदेशी राम, राजेन्द्र यादव को चुना गया। मौके पर बोलते हुए कमिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि पिंडारकोम गांव मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। जिसको लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दिया गया है। बंगाल के कारीगरों द्वारा पूजा पंडाल तैयार किया जाएगा।

# झारखंड के पूर्व श्रम नियोजन मंत्री का टंडवा में हुआ आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** रविवार को टाउन हॉल टण्डवा में प्रखण्ड मुखिया संघ अध्यक्ष टंडवा के नेतृत्व में मुखिया संघ, पंचायत समिति सदस्य गण एवं जिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक आयोजित किया गया। आज की बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व श्रम एवं नियोजन मंत्री के0एन0 त्रिपाठी शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड टंडवा अंतर्गत मगध, आम्रपाली एवं एन0टी0पी0सी0 जैसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा शोषण, दोहन, रैयतो पर अत्याचार, शिक्षित बेरोजगार युवाओं का रोजगार न मिलना आम जनता के आवागमन वाले सड़क पर ट्रांस पोंटिंग से आए दिन होने वाले दुर्घटनाएं पर उदासीनता रवैया को देखते हुए एक जुट होकर आने वाले दिनों में त्रिपाठी जी के नेतृत्व में आन्दोलन करने का निर्णय लिया जाएगा। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष टंडवा सुबेश राम, उप प्रमुख टंडवा जितेंद्र कुमार सिंह, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव एवं पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार पांडे, टंडवा मुखिया पति सुभाष कुमार दास, नावाडीह उर्फ तेलियाडीह मुखिया महावीर साहू कल्याणपुर मुखिया महेश कुमार मुंडा, पदमपुर मुखिया मंजू देवी, गाड़ी लौंग मुखिया संविदा खातून, कोयद मुखिया किशुन राम, पंचायत समिति राजेश चौधरी, रामधनी राम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता आदि शामिल हुए।

## आदिवासी समन्वय समिति ने की बैठक



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी समन्वय समिति की एक बैठक सेलेस्टीन कुजुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस अवसर पर एडवोकेट बिरसा मुंडा ने कहा कि जिले के आदिवासियों को एक सूत्र में लाने के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म की जरूरत है और इस प्लेटफार्म के तौर पर आदिवासी समन्वय समिति मजबूत तरीके से काम कर रही है। इस बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा अपने-अपने विचार दिए और समिति को प्रत्येक प्रखंड में समिति गठन करने पर बल दिया गया और सभी प्रखंडों में आदिवासी समन्वय समिति का गठन करने के लिए तिथि तय किया गया। मौके पर लाल मोहन सिंह, रंथु उरांव, गणेश अगेरिया, संदीप उरांव, कमलनाथ अगेरिया, विमला उरांव, पिंटू लोहरा, विश्वनाथ सिंह, सरोज लोहरा, जानकी सिंह खरवार, बिरसा मुंडा, धनेश्वर उरांव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, गोपाल सिंह चेरो, मोहन लोहरा, निर्मला उरांव, मुखिया सुनिता उरांव, सकेन्द्र अगेरिया इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में महिला घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत रूद ग्राम में आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई द्य जिसमें रुद्र ग्राम निवासी जगदीश भूईया की पत्नी सोनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद पीड़िता सोनी देवी ने मारपीट करने वाले के विरुद्ध बरियातू थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर बरियातू थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड/लातेहार :** स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर मे रविवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अनुपा मिंज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य महासचिव योगेन्द्र तिवारी समेत विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के झारखंड राज्य के कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिन्हा, लातेहार जिला प्रधान सचिव चन्दन कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे। बैठक में मुख्य अतिथि योगेन्द्र तिवारी ने कहा कि आप कमजोर है, डरते हैं, तब ही वे आपका कमजोरी का फायदा उठा रहे है और आपसे पैसा का डिमांड करते हैं और आप डर से उन्हे पैसा दे दे रहें हैं। आपलोग डरिए मत। पैसा कोई मांगता है तो मिलकर सामना किजिए। आप एक हो जायेंगे तो उसकी औकात नही है कि वे पैसा मांगेंगे। सभी मिलकर संगठित रहेंगे तब ही आपलोगों को कोई डरा नहीं पायेगा। बैठक में बीईओ घनश्याम चौधरी व रामवि रेंगाई के सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी के आपसी मधुर गठजोड़ कर शिक्षकों से जबरन धमकाकर पैसा लेने का आरोप लगाते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती मिंज ने कहा कि यूसुफ अंसारी बीईओ घनश्याम चौधरी के नाम पर शिक्षकों एवं रिटायर हुए शिक्षकों को परेशान कर के रख दिए हैं। छोटे से बड़े काम के लिए पैसा का डिमांड करते है। अनुपा मिंज ने आगे कहा कि बीईओ बहुत ही कम महुआडांड मे रहते हैं। उनका अधिकांश कार्य सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी ही करते हैं। हमलोग फोन करते हैं बीईओ के पास तो वो फोन नही उठाते हैं पर शिक्षक यूसुफ अंसारी का फोन तुरंत उठा लेते हैं और केवल उन्ही से बात करते हैं। यूसुफ अंसारी सेवानिवृत्त शिक्षक मरियानुस खलखो की पत्नी कलारा एक्का से पेंशन दिलाने के नाम पर चार बार मे 75000 ले लिए हैं तथा और भी डिमांड कर रहे है। अनुपा मिंज ने कहा कि यूसुफ अंसारी को रा.म.वि. रेंगाई मे प्रधानाध्यापक के रूप मे पदस्थापित किया गया था। पर वे लुट खसोट करने के कारण विद्यालय का प्रधानाध्यापक का पद अन्य सहायक शिक्षिका को देकर बीईओ कार्यालय मे बैठक कर पैसा वसुलने का काम कर रहे हैं।शिक्षक संघ के महुआडांड प्रखंड अध्यक्ष अकरम अंसारी ने विद्यालयों मे शिक्षकों की भारी कमी के रहने, कहीं एक तो कहीं दो शिक्षक के ही पदस्थापित होने, नेटवर्क नही रहने के कारण बायोमेट्रिक उपस्थिती के नही बनने के कारण 16 शिक्षक शिक्षिकाओं का वेतन बंद करने का मुद्दा उठाया। शिक्षक प्रेम कुमार यादव ने सोशल ऑडिट के नाम पर शिक्षकों को डराकर लुटने का आरोप लगाया।

# तेली समाज के अपमान पर भाजपा मांगें माफी नहीं तो प्रदेश भाजपा कार्यालय का होगा घेराव : मुरारी साव

## तेली समाज के सैकड़ों लोगों ने किया भाजपा का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार गुमला भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने कहा था कि तेली समाज के नेतागण अवसरवादी, नकाबपोश और छुटभैये जैसे हैं।इस अपमान के खिलाफ झारखंड के विभिन्न जिलों से राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के नेतागण प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा था कि भाजपा माफी मांगे अन्यथा तेली समाज चरणबद्ध तरीके से भाजपा के खिलाफ विरोध कार्यक्रम करेगा परन्तु भाजपा ने अभी तक माफी नहीं मांगा।राँची,गुमला , जमशेदपुर , खूँटी और पलामु जिला में भाजपा का पुतला दहन करने के बाद आज 3 सितम्बर को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के तत्वावधान में चतरा जिला मुख्यालय में तेली समाज के सैकड़ों लोगों ने मिलकर भाजपा का पुतला दहन किया। नेतृत्व जिला अध्यक्ष मुरारी साव ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही उपस्थित रहें। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय स्नेही ने कहा कि हमारा तेली समाज भाजपा को 99त्न वोट देता है और भाजपा भागीदारी देने के बजाय समाज को अपमानित करने का दुःसाहस कर रही है। यह कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।चतरा जिलाध्यक्ष मुरारी साव ने कहा कि भाजपा अब भी माफी नहीं मांगती है तो निकट भविष्य में तेली समाज भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करेगा। भाजपा के पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जिला संरक्षक उमा शंकर साहू , जिला महामंत्री महेंद्र प्रसाद साहू, इत्यादि सैकड़ों तेली साहू बंधुगण शामिल रहें।

## घर के बाहर खड़ी पिकअप वैन हुई चोरी

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत अंतर्गत इचाक ग्राम में घर के बाहर खड़ी एक पिकअप वैन चोरी हो गयी। इस संबंध में पिकअप वैन के मालिक उमेश साव पिता माना साव ग्राम इचाक थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी देते हुए पिकअप वैन मालिक उमेश साव ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात में भी अपने घर के सामने पिकअप को खड़ा किया था और सुबह देखा तो उक्त पिकअप वैन गायब थी। जिसका खोजबिन अपने स्तर से काफी किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। इधर लिखित शिकायत के आधार पर बालूमाथ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पत्रकार संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा, गरीब लाचार लोगों को सहयोग करने का निर्णय

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा टंडवा पत्रकार संघ के तत्वावधान में रविवार को पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के संरक्षक अब्दुल कलाम के अध्यक्षता में की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर मे संघ के संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि टंडवा युवा पत्रकार संघ ग्रामीण इलाके में जाकर गरीब दुबके लाचार लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर सरकार व जिला प्रशासन तक पहुंचाने के काम करेंगे। साथ ही संघ द्वारा सुदूर बहुल इलाके में जाकर गरीब लाचार लोगों को सहायता घर जाकर पहुंचने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो नेता रामकिशोर मुर्मू ने 10 कर्मा भोज के लिए चावल का सहयोग किया

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा फुसरी अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू ने बहेरा पंचायत ग्राम फुसरी निवासी श्यामला मांझी एंव बुधन मांझी का देहांत हो गया था। जिसके 10 कर्मा के लिए इन्होने एक क्विंटल चावल सहयोग के रूप दिया और मुर्मू ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानियों में हमे याद करें हर सम्भव मदद करने का कोशिश करेंगे। मृतक के परिवार में अब कोई मर्द नहीं रहा बाप और बेटे दोनों को देहांत हो गया है और मृतक के पत्नी भी आंख से आंधी है मृतक के पत्नी ने कहा मुर्मू से कि अब मुझे सरकारी योजना का लाभ मिलना चाहिए मेरा आप लोगों के अलावा मदद करने के लिए कोई नहीं है।जिला प्रशासन से भी मांग कर्ता हूं कि सरकार के ओर से विभिन्न प्रकार के योजनाएं चल रहा है जरूरत के योजना से मुझे लाभ दिया जाए। जैसे विकलांग पेंशन विधवा पेंशन और अंबेडकर आवास जैसे योजनाओं से मुझे जोड़ा जाए।

### श्री श्याम मनुहार महोत्सव हुआ संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के मुनका बगीचा प्रांगण में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा एकदिवसीय द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्याम भक्तों को रिझाया। इसके बाद विभिन्न मंडल के सदस्यों ने बारंबार भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद बाहर से आए कलाकारों में लव अग्रवाल, मंडल के सदस्य रोहित शर्मा एवं कृष्णा अग्रवाल ने प्रस्तुति श्याम भक्तों के समक्ष रखा।इसके बाद हर एक श्याम प्रेमी के दिलों में एक अलग जगह स्थापित करने वाले सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल ने अपनी प्रस्तुति से श्याम प्रेमियों को रिझाया। प्रस्तुति से पंडाल परिसर में बैठे हर एक श्याम भक्त झूम उठे, संजय मित्तल ने सबसे पहले गणेश वंदना के साथ भजन की शुरुआत की जिसके बाद उन्होंने हनुमान जी, भोले बाबा सहित अन्य देवी देवताओं के भजन गाते हुए उन्होंने समस्त श्याम प्रेमियों को देर रात तक झुमाया। संजय मित्तल ने बाबा श्याम के भजनों में लड़खड़ा जो मै जाऊँ कहीं...... तुम संभालोगे विश्वास है, क्यों घबराऊँ मैं ..... मेरा तो श्याम से नाता है ऐसे अनेकों भजन बाबा श्याम का उन्होंने प्रस्तुत किया।

### किसानों का हल्ला बोल आंदोलन 14 सितम्बर को : पूर्व विधायक

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**पूर्व विधायक के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में एक बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत कु0 साव एवं संचालन पूर्व भाजपा बेडोकला मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने किया.बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव उपस्थित थे। बैठक में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत हजारीबाग जिले के प्रखंड बरकट्ठा,चलकुशा,इचाक, टाटीझरिया,दारू तथा कोडरमा जिला के प्रखंड जयनगर एवं चंदवारा सहित पूरे झारखंड प्रदेश को अकाल क्षेत्र घोषित करने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त रूप से भ्रष्टाचार पर लगाम,विद्युत व्यवस्था ठीक करने,जंगली हाथियों को अन्यत्र स्थान पर भागने एवं जानमाल के क्षतिपूर्ति मुआवजा भुगतान करने,पिछले वर्ष की सुखाड़ के राशि को किसानों को अविलंब भुगतान,डिग्री कॉलेज नावाडीह बरकट्ठा, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहल जयनगर कोडरमा,कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय चलकुशा में पठन-पाठन शीघ्र शुरू करने सहित अन्य 13 सूत्री मांगों को लेकर 14-09-2023 को बरकट्ठा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किसानों का हल्ला बोल आंदोलन रखा गया है।जिसकी तैयारी को लेकर समिति का गठन किया गया अध्यक्ष बसंत कु0साव, महामंत्री वीरेंद्र यादव सहित 31 सदस्य समिति का गठन किया गया,ज्ञात हो कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र कृषि पर आत्मनिर्भर क्षेत्र है,जहां लोग मंहगे खाद बीज लेकर मशीन के द्वारा नदी नाले तालाब कूआं से कुछ पटवन कर खेती किया जो पानी के अभाव में खेत में ही सूख गया भदई फसल- मडुवा,मक्का,ऊरद,बरैय जैसे फसलों का पानी के अभाव में नहीं हो सका।किसानों के पास जो पूंजी तथा और महाजन से कर्ज लेकर खेती करने में खर्च किया और पूंजी डूब गया। जिससे किसानों की स्थिति भयावह बनी हुई है। फसल बचाने की उम्मीद समाप्त हो गई दूसरी ओर नदी, नाले, कुऐ, तालाब सब सूखने की स्थिति में है ।मानव एवं पशु पानी पीने के लिए भी तरस रहे हैं। सरकार शीघ्र अकाल क्षेत्र घोषित कर रहात कार्य शुरू करें चेक डैम,कूप, तालाब का निर्माण कर किसानों के हित में रक्षा करें।

### अनिल पटेल बने ग्राम वन प्रबंधन व संरक्षण समिति के अध्यक्ष

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति मुर्राम कला के अध्यक्ष पद का चुनाव सामुदायिक भवन नया टोला मुर्राम कला में चुनाव पदाधिकारी चिंतामनी पटेल, नारायण महतो,मिथलेश कु. महतो, तेजपाल महतो,एवं चमन महतो के देख रेख में संपन्न हुआ इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी अनिल पटेल एवं सोहन महतो ने नामांकन पत्र दाखिल कर दावेदारी पेश की, चुनाव में कुल 205 लोगों ने मतदान का प्रयोग किया,जिसमें अनिल पटेल के पक्ष में 114 मत पड़े एवं सोहन महतो के पक्ष में 83 मत पड़े तथा 08 मत को रद्द किया गया! इस प्रकार अनिल पटेल ने सोहन महतो को 31 मतों से हरा कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, तत्पश्चात अनिल पटेल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी! चुनाव में उपस्थित लोगों ने जल्द ही समिति के बाकी पदों का भी चुनाव कराने की बात कही! चुनाव में मुख्य रूप से तारकेश्वर महतो, प्रदीप कुशवाहा, मनिजर महतो,धनेश्वर चौधरी,पवन कुमार महतो, महेश महतो,नारायण महतो, चेतलाल महतो,कुशल महतो, पंचम महतो, द्वारिका प्रसाद,महेश निगम, भीमनाथ पटेल,पारस महतो, लुकेश महतो, ओम प्रकाश महतो, नंदू महतो, विनोद कुशवाहा,रमेश कुशवाहा,मनोज कुशवाहा, विजय कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, चेतलाल कुशवाहा,दिनेश महतो, सूबेदार चौधरी, कोमल कुशवाहा, प्रेम कुशवाहा,छोटू महतो,किशोर कुमार, राजेश महतो, अशेश्वर महतो, बिनोद कुमार आदि सैकडों लोग शामिल थे।

### पुत्र की गुमशुदगी पर पिता ने रामगढ़ थाने को आवेदन देते हुए लगाई गुहार

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नई सराय बस्ती, रामगढ़ निवासी मोहम्मद इनाम अंसारी पिता मोहम्मद नूर अंसारी ने अपने पुत्र के गुमशुदगी को लेकर रामगढ़ थाना पुलिस को लिखित सूचना देते हुए उसके खोजबीन की गुहार लगाई है। थाना में दिए गए आवेदन के माध्यम से मोहम्मद इनाम अंसारी ने कहा है कि मेरा लड़का अमन अंसारी 17 वर्ष हर दिन की तरह 2 सितंबर शनिवार की सुबह 7 बजे पहले ट्यूशन और फिर बाद में गांधी मेमोरियल हाई स्कूल जाने के लिए घर से निकला। शाम 4:00 बजे तक घर वापस नहीं लौटने पर जहां वह ट्यूशन पढ़ता था और स्कूल जाकर उसकी खोजबीन की गई। लेकिन उसका पता नहीं चला। अमन के घर नहीं लौटने से परिजन चिंतित हैं। मोहम्मद इनाम अंसारी ने रामगढ़ पुलिस से अमन की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। साथ हीं आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि मेरे लड़के के बारे में अगर किसी को पता चले तो कृपया कर दिए गए मोबाइल नंबर 98357 25387 पर सूचित करें या रामगढ़ थाने को इसकी जानकारी दें।

## पश्चिम बंगाल से साइकिल लेकर निकल पड़े केदारनाथ धाम की यात्रा पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** पश्चिम बंगाल से साइकिल पर सवार होकर केदारनाथ धाम कि यात्रा पर चंदन साहू पिता पंचानंद साहू घर-नंदोकूंवर जिला पूर्वी मैदनीपुर(पश्चिम बंगाल)के रहने वाले कलकत्ता से केदारनाथ धाम की यात्रा पर साईकिल से निकल पड़े हैं. और करीब तीन दिनों के सफर में 365 किलोमीटर सूर्यकुण्ड मोड बरकट्ठा जीटी रोड पर अपनी यात्रा में मग्न थें।इसी बीच इनकों ठहरने का ईशारा किया गया तो चंदन साहू के द्वारा बोला गया कि मेरा पडाव बरही के बाद है.परतुं स्थानीय ग्रामीणों के विशेष आग्रह पर इन्होंने रूका ओर अपनी यात्रा के बारे में संक्षेप में बताया कि मेरा यात्रा केदारनाथ धाम का है.वंही ग्रामीणों के द्वारा चाय-पानी पीने के बाद अपनी साइकिल जिसपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा बुलंद करते हुए अपनी यात्रा पर निकल पड़े।

## संगठन विस्तार को लेकर जदयू की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रविवार को होटल रॉयल फैमिली रेस्टोरेंट अमृत नगर में जनता दल यूनाइटेड सदर प्रखंड की एक बैठक हुई।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संगठन विस्तार करते हुए अशोक प्रसाद एवं महावीर प्रसाद को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सहदेव उरांव एवं किशोर राम को प्रखंड सचिव बनाया गया। जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की उपस्थिति में चयन किया गया । प्रभु दयाल कुशवाहा ने चयनित दोनों उपाध्यक्ष और दोनों सचिव को बधाई देते हुए उनके कार्य और दायित्व का बोध कराया । श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि सभी प्रखंडों में प्रखंड कमेटी जल्द ही बना ली जाएगी। बैठक में प्रदेश सचिव मिथलेश सिंह उपस्थित थे । उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल, महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, नजरुल्लाह अंसारी, सुजाता सिंह, रीना देवी ,संतोष प्रसाद ,जगदीश महतो, अशोक प्रसाद, सहदेव उरांव, रहमान , साबिर खान, छोटन पासवान समेत पार्टी के कई वरीय नेता,कार्यकर्ता और सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा ने किया।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ के गडके सरना स्थल मे राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रामगढ़ जिला कमेटी का बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता भुनेश्वर बेदिया ने किया। इस बैठक का संचालक गड़के के पहान एवं जिला अध्यक्ष राजेश मुण्डा ने किया, इस बैठक मे आगामी, 29/09/2023 को बूढ़ा करम जतरा सफल बनाने के लिए बिचार विमश किया गया। इस बैठक के जिला के मुख्य संरक्षक जलेश्वर करमाली, एवं धर्म आगुआ, शुक्र उराव जिला कोषाध्यक्ष, सुसमा उरांव, एवं परनी उरांव, रुपलाल मुण्डा जीतू पहान, पंचम पहान, दिनेश पहान मनोज, मुण्डा, मीणा कुमारी एवं 22 गांव का पहान एवं धर्म आगुआ समलित हुए।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग सह राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा पीडब्लूडी चौक स्थित जीएम इवनिंग कॉलेज में अमृत काल इंडिया @2047 के लिए पंच प्रण पर आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा ने किया। द्वारा द्वीप प्रजवल्लित कर किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा सह विशिष्ट अतिथि नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा विवेकानंद सिंह डीएसपी प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम में पांच स्पर्धाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिनमें भाषण , सामूहिक नृत्य, काव्य लेखन , मोबाइल फोटोग्राफी, ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल है। सामूहिक नृत्य में शास्त्रीय व लोक नृत्य विधावों के प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। वहीं अन्य सभी प्रतियोगिता अमृत काल इंडिया @2047 के लिए पंच प्रण विषय पर आधारित था। सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र मेडल व नगद राशि से पुरस्कृत किया गया । साथ ही शीर्ष पर रहने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया । जिससे हजारीबाग जिला के प्रतिभागी अपने साथ अपने क्षेत्र का नाम भी रौशन किया । भाषण प्रतियोगिता में प्रथम वैभावि श्रीवास्तव, द्वितीय हिमांशु कुमार, तृत्य अमन कुमार, सामूहिक नृत्य में प्रथम डीएवी ग्रुप , द्वितीय रामकृषणा शारदा आश्रम, सिधु कान्हू सिसिटर ग्रुप , काव्य लेखन में प्रथम हर्षित रानी , द्वितीय रजिया बानू, तृत्य नेहा कुमारी , मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम रविरंजन मांझी, द्वितीय श्रुति राज, तृत्य श्रवण कुमार, ऑन दा स्पॉट पेंटिंग में प्रथम प्रीत राज, द्वितीय शिव देव कुमार , तृत्य सचिन कुमार रहे ।

## रिंकू बॉडी गैरेज में खड़े ट्रक में अचानक लगी आग काफी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुज्जू :** रामगढ के कुज्जू ओ पी क्षेत्र अंतर्गत डटमामोड़ स्थित रिंकू बॉडी गैरेज में खड़े एक 12 चक्का ट्रक संख्या जेएच 02 एक्स/ 8595 के केबिन में रविवार को अचानक आग लग गई। देखते हीं देखते आग की उठती ऊंची लपटों से वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। गैरेज में खड़े अन्य वाहनों को बचाने के लिए सभी गाड़ियों को गैरेज कर्मियों द्वारा वहां से हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। इधर सूचना पाकर आसपास के लोगों सहित कुजू ओपी पुलिस भी उक्त गैरेज पहुंची। मौजूद सभी लोग आसपास से पानी लाकर आग बुझाने में जुट गये। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन ट्रक का पूरा केबिन जल चुका था। बताया जाता है कि गैरेज कर्मियों ने समय रहते सूझबूझ का परिचय दिया। अन्यथा गैरेज में खड़े कई वाहन आग की चपेट में आ सकते थे।उक्त 12 चक्का ट्रक बड़गांव चैनपुर निवासी राजेश्वर प्रसाद का बताया जाता है है।

## जिप सदस्य प्रतिनिधी ने क्षेत्र में किसानों व आमजनों के बीच फलदार पौधों का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी अंतर्गत ग्राम चौथा के नव प्राथमिक विधालय के प्रांगण में मानव विकास संस्था के सहयोग से बरकट्ठा प्रखण्ड के किसानों एवं आमजनों के बीच नि:शुल्क सोलह हजार आम,आंवला,अमरूद,निंबू, शीशम,सागवान जैसे फलदार वृक्षों के पौधों का वितरण स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा किया गया.मौके पर सी.के पाण्डेय के द्वारा कहा गया कि आज के समय में मानव जाति के लोगों के द्वारा वन्य प्राणियों एवं वन के पेड पौधों की हो रही अंधाधुंध कटाई व दोहन से हो रहे पर्यावरण प्रदूषित एवं जंगली जीवों के द्वारा मानव जाति के जीवन में हो रहे आक्रमण इंसान के लिए बहुत बडी चुनौती है.इस प्रकार के नि:शुल्क पेड़-पौधों का वितरण कर प्राकृतिक रूप से पेडों कि रक्षा एवं पौधरोपण कार्य कर असंतुलित हो रहे पर्यावरण की रक्षा किया जा सकता है.

## लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती के लिए सीकरी पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की विशेष बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता निर्मल महतो व संचालन बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजय सिंह ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया की उपस्थिति में दूसरे दलो के 200 कार्यकर्ता ने झामुमो का दामन थामा। सभी कार्यकर्ताओं को माला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान सीकरी पंचायत झामुमो कमेटी का गठन भी किया गया जिसमें सर्व समिति से प्रयाग कुमार को अध्यक्ष, मोहम्मद शफीक को सचिव व ईश्वरी पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया गया ।

मौके पर संगठन को मजबूती को लेकर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि संगठन मजबूत रहेगा तो कार्यकर्ता का काम होता रहेगा जहां भी जरूरत पड़े मैं आपके काम के लिए हमेशा तैयार हूं। वशर्ते दो लोगों का काम मैं नहीं करूंगा एक चोर और दूसरा मां बहनों को छेड़खानी करने वाले का पैरवी मैं हरगिज नहीं कर सकता। जमीन के मालिक हम हैं हमें अपने हक व अधिकार लेने के लिए जागना पड़ेगा।

झारखंड में तमाम कंपनी को स्थानीय 75% लोगों को रोजगार में रखने का सख्त निर्देश हेमंत सरकार ने दी है कंपनी निर्देश का पालन करें। हेमंत सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे फूलों झानो योजना का लोग लाभ उठाएं , युवाओं के लिए ऋण योजना ,शुकर पालन, बत्तख पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, गाय पालन, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अलावा विकास की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं लोग इसका लाभ उठाएं। संजीव ने पंचायत कमेटी को निर्देश दिया कि घर-घर जाकर 60 वर्ष के ऊपर के वृद्धों की सूची बना कर उन्हें पेंशन योजना से जोड़वाने का काम करें। सभी जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं प्रखंड मंडली मुख्य संयोजक संजय सिंह ने कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा का आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान रहेगा पूरे विधानसभा में 50 हजार नए कार्यकर्ताओं झामुमो की सदस्यता दिलाई जाएगी। कंपनी के खिलाफ हमें रणनीति के तहत लड़ाई लड़ने की जरूरत है।

मौके पर मुख्य रूप से मोहन सोरेन, रेशमी टुडू, सफीउल्लाह अंसारी, हेमंत भुईया, विशेश्वर राम, इलियास अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, संजय भुईया, अरुण कुमार, कामेश्वर महतो, धनु महतो, तेजन महतो, रघुवीर पासवान, मोहम्मद सफीक, रमेश कुमार, अवध किशोर महतो, अवधेश पासवान, अनुज राम, अजय कुमार राम, जोगेंद्र राम, कृष्णा महतो, विनोद राम, संतोष राम, रामप्रसाद महतो, गणेश महतो, सिकंदर कुमार महतो, किसवरी पासवान, प्रदीप गिरी, योगेश्वर सिंह, अवधेश कुमार सिंह, सिद्धेश्वर राम सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## रंग लाया धनंजय कुमार पुटूस का प्रयास, मजदूरों को दिलाया लगभग तीन लाख का प्रोत्साहन राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मियों व मजदूरों के कोरोना काल का बकाया प्रोत्साहन राशि लगभग दो वर्षो से नहीं मिल पा रहा था। मजदूरों ने अपने स्तर से कई राजनीतिक दलों के नेताओं से संपर्क किया व नगर परिषद से उनका बकाया प्रोत्साहन राशि दिलवाने का आग्रह किया, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी।अंततः सभी सफाई कर्मी व मजदूरों ने इस विषय को रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं अखिल भारतीय मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस को बताया एवं बकाया प्रोत्साहन राशि दिलवाने का आग्रह किया।

सफाईकर्मियों व मजदूरों के इस विषय को गंभीरता से लेते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मोहम्मद जावेद हुसैन से मुलाकात कर जल्द से जल्द कर्मियों के बकाया प्रोत्साहन राशि दिलाने की लिखित मांग की थी।धनंजय कुमार पुटूस की मांग को जायज मानते हुए एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ने सकारात्मक पहल करते हुए बकाया प्रोत्साहन राशि की दूसरी क़िस्त मजदूरों के खातों में ट्रांसफर करवा दिया।प्रोत्साहन राशि मिलने पर नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने धनंजय कुमार पुटूस के कार्यालय पहुंच कर उन्हें माला पहना कर एव मिठाई खिला कर उनको धन्यवाद दिया व आभार व्यक्त किया। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की नगर परिषद के सफाईकर्मियों व मजदूरों ने कोरोना काल मे अपनी जान को जोखिम में डाल कर लोगो की सेवा की है, उनके बकाए प्रोत्साहन राशि को दिलवाने के लिए हमलोग प्रयासरत थे, अब सभी मजदूरों के खातों में लगभग तीन लाख रुपया प्रोत्साहन राशि पहुंच गया है जिससे सभी कर्मी खुश हैं। आगे भी मजदूरों के हक और अधिकार के लिए हमलोग आवाज उठाते रहेंगे।

## संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

पतरातू-जयनगर पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी पतरातू मंडल के संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता किशोर कुमार महतो और संचालन पंकज कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और संकल्प यात्रा के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी नारायण चंद्र भौमिक पतरातू मंडल के प्रभारी जिला उपाध्यक्षद्द अखिलेश प्रसाद सह प्रभारी कुमेल उरांव प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ संजय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल राय जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो जिला कार्य समिति सदस्य दुर्गा चरण प्रसाद महिला मोर्चा के जिला महामंत्री नमिता सोनी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर बुथ और हर पंचायत से 100 की संख्या में कार्यकर्ता संकल्प यात्रा के लिए रिवर साइड भुरकुंडा के लिए प्रस्थान करेंगे।

वहीं भाजपा पतरातू मंडल द्वारा जय भाजपा विजय भाजपा संकल्प के साथ ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया द्य मौके पर पतरातू मंडल के उपाध्यक्ष अवधेश सिंह रूपा देवी पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार परमानंद राजीव युवा मोर्चा अध्यक्ष गणेश ठाकुर अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष असलम शैलेंद्र कुमार सुरेश गिरी रेखा देवी रामप्रवेश राजेश बृजभूषण गोस्वामी महामंत्री रामेश्वर महतो सत्यम पांडे पंकज पांडे सुबोध कुमार नंदकिशोर महतो रमाकांत रामजी स्वर्णकार ईश्वरी ठाकुर इत्यादि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे ।

## पीवीयूएन के मन मनी रवैया के विरुद्ध व्यापक आर पार आंदोलन किए जाएंगे : विप्रसंमो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयूएन के विस्थापित प्रभावितों की बैठक कटिया सरना स्थल काली मंदीर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद और संचालन सुरेश साहू ने किया।बैठक में कहा गया कि विगत दिनों बातचीत होने के बावजूद पीवीयूएन प्रबंधन के द्वारा मनमानी तरीके से सूचना प्रकाशित किये बिना विस्थापित-प्रभावितों को दरकिनार कर यूपीएल के माध्यम से लगातार बहाली किया जा रहा है। इस पर बैठक में चिंता और दुख जाहिर किया गया।इस गंभीर बिषय पर विचार मंथन करते हुए उपस्थित सभी लोगों ने एकमत से कहा कि इतने बड़े पॉवर प्लांट में विस्थापितों को नजरअंदाज किया जायगा तो हमलोग चुप नहीं रह सकते हैं। निर्णय लिया गया कि प्रबंधन के उक्त मनमानी रवैये के विरोध में व्यापक आर पार आंदोलन किया जायगा जिसका घोषणा आगामी 10 सितम्बर 2023 को किया जायेगा। यह भी कहा गया कि विस्थापित प्रभावितों के हित अधिकार के लिए बनने/बनाये जाने वाले वैसे किसी भी समिति में मोर्चा नहीं रहेगा जिसमें विस्थापित प्रभावित विरोधी लोगों को सम्मिलित किया जायेगा।बैठक में मुख्य रुप से कुमेल उरांव,दुर्गाचरण प्रसाद राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी,किशोर महतो, मो अलीम अंसारी,प्रियनाथ मुख़र्जी, कपिल मुंडा,अशोक महतो, रिंकू देवी,भरत साव,रमेश महतो, रविंदर,सनोज कुमार,बिजय उरांव, रंथू राम,जगदीश मुंडा, मोहिसिन अंसारी,अमित कुमार, राजेश महतो,गोपाल महतो, सुमेल उरांव,जयकिशोर पाहन, रमीज़ इक़बाल,रामकुमार सिंह, विकास गिरी, संजय गुरु,रवि कुमार, सोनू प्रजापति, प्रकाश कुमार, अजय मुंडा, कुलेश मुंडा, धर्मेंद्र मुंडा, त्रिलोकी साव, बंशी महतो, राजेंद्र महतो, असलम इक़बाल,संजय गुरु, प्रवीण, आदि उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र



## 2023 रॉयल एनफील्ड बुलेट - नया दिल, वही धड़कन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटरसाइकिल और ऑटोमोटिव इतिहास में एक जाना पहचाना नाम, रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 एक नए अवतार में रॉयल एनफील्ड के रूप में अपनी बेजोड़ विरासत के साथ सरल, टिकाऊ, बेहतरीन मोटरसाइकिलों की सीरीज में एक नए नायाब तोहफे के रूप में मार्किट में आया है, जिसका नाम है ÷2023 बुलेट 350। दरअसल, रॉयल एनफील्ड, मिड साइज (250ष्ट-750ष्ट) मोटरसाइकिल सेगमेंट में विश्व की प्रसिद्ध कंपनी ने आज 2023 बुलेट 350 के लॉन्च की घोषणा की है। रॉयल एनफील्ड के सुपर-रिफाइंड और स्मूथ जे -सीरीज़ इंजन प्लेटफॉर्म पर निर्मित, बुलेट ओल्ड स्कूल ब्रिटिश ओएचवी सिंगल वाइब बरकरार रखते हुए आधुनिकता का भी सुनहरा सुमेल है । अपनी यात्रा के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर बुलेट के साथ अपनी यादों को याद करते हुए, आयशर मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, सिद्धार्थ लाल ने कहा, 94 वह समय का वह सुनहरा दौर था जब मैंने बुलेट 500 पर निडर और साहसी होकर पूरे यूरोप में अकेले यात्रा की थी। कई मुझसे पहले और मेरे बाद के कई लोगों ने शायद यही यात्रा की है, लेकिन यह मेरा सबसे यादगार अनुभव था, जिसको शब्दों में कभी भी ब्यान नहीं किया जा सकता । निस्संदेह, जबकि बुलेट सवारों की कई पीढ़ियों के लिए जिसे हम शुद्ध मोटरसाइकिलिंग कहते हैं, रॉयल एनफील्ड उसका एक विशाल प्रतीक तो रहा ही है बल्कि इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी रहा है। इस बेहतरीन मशीन को पसंद करने वाली कम्युनिटीज के लिए बुलेट सम्मान और पहचान का एक प्रिय बैज बन गया है। आज, जब बुलेट एक नए अवतार में लांच किया जा रहा है तो हम में इसकी विरासत को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।



## हेसला से युवक सत्य प्रकाश लापता परिजन खोजबीन में लगे

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव हेसला के रहने वाले सत्य प्रकाश बेदिया उर्फ शक्ति उम्र करीब 30 वर्ष बीते 30 अगस्त दोपहर से लापता हो गया हैं। इस संबंध में लापता सत्य प्रकाश बेदिया के पिता नरेश बेदिया ने रामगढ़ थाने में गुमसुदगी होने की सूचना आवेदन में दिया हैं। इसमें कहां है कि 30 अगस्त दोपहर एक बजे के बाद से सत्य प्रकाश लापता हैं। शरीर का रंग गोरा, लंबाई 5 फुट 5 इंच, काला टी शर्ट, ब्लू पेंट, पैंर में चप्पल पहने हुए हैं। काफी खोजबीन करने पर भी नहीं मिला। लोगों से मिलने पर खबर देने की अपील की हैं।

## पूर्व पार्षद ने डीप बोरिंग का किया शिलान्यास

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के तीन नंबर वार्ड स्थित खदानपाड़ा में पूर्व पार्षद अजय दास ने रविवार को डीप बोरिंग कार्य का शिलान्यास किया। अजय दास ने कहा कि खदानपाड़ा में पानी की समस्या को देखते हुए बोर्ड की मीटिंग में समस्या को दूर करने का निर्णय लिया गया था। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संपा साह का धन्यवाद करते हुए अजय दास ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में ही डीप बोरिंग का काम संपन्न होने जा रहा है। यहां की पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बोर्ड की बैठक में पूर्व अध्यक्ष ने ही अनुशंसा किया था। अजय दास ने वार्ड वासियों की ओर से पूर्व अध्यक्ष संपा साह का आभार व्यक्त किया। इधर संपा साह ने कहा कि वार्ड पार्षद ही मेरी ताकत थी। जिनके सहयोग से नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली।

## प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बहुद्देशीय भवन का किया उद्घाटन

**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) संजय श्रीवास्तव रविवार को अमड़ापाड़ा पहुंचे। उनके साथ मुख्य वन संरक्षक ( संथाल परगना ) सतीश चंद्र राय भी मौजूद थे। दोनों वरिय अधिकारी ने संयुक्त रूप से स्थानीय वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर में नव निर्मित मल्टीपर्पस हॉल का विधिवत उद्घाटन किया । इस दौरान पाकुड़ व दुमका के डीएफओ रजनीश कुमार व सात्विक कुमार के अलावे संथाल परगना के विभिन्न जिलों के वन विभाग के तमाम आला अधिकारी मौजूद थे। भवन उद्घाटन से पूर्व पीसीसीएफ समेत अन्य अतिथियों का पारंपरिक आदिवासी रिवाज से स्वागत किया गया।

**बढाया जाएगा वन भूमि- पीसीसीएफ**

पाकुड़ जिले में अधिसूचित वन भूमि काफी कम होने तथा जिले में वन भूमि का अधिकाधिक आच्छादन के सवाल पर पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि नॉटिफाइड फॉरेस्ट लैंड पर वृक्षारोपण को और अधिक बढ़ाया जाएगा। पानी की कमी वाले इलाकों में चेक डैम बनाकर फॉरेस्टेसन कार्य को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे या रैयती जमीन पर किसानों को मुख्यमंत्री जन वन योजना के तहत 75 फीसदी अनुदान पर फलदार या अन्य पेड़ों को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ।ताकि अधिकाधिक भूमि को वृक्षों से आच्छादित किया जा सके। पाकुड व दुमका में कोयला एवं पत्थर उद्योग के कारण बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई के कारण लगातार कम हो रहे जंगलों की क्षतिपूर्ति के सवाल पर पीसीसीएफ ने बताया कि जहां सघन जंगल हैं वहीं खनिज भी हैं। लेकिन, भारत सरकार के नियमानुसार वन क्षेत्र में खनन करने से पूर्व क्षतिपूरक वन रोपण हेतु जमीन लेकर वन रोपण कर उसके देखरेख अथवा निर्वहन की जिम्मेवारी भी संबंधित कंपनियों की होती है। साथ ही प्रयोक्ता कंपनियों द्वारा दिए गए पैसों से वनों के संवर्धन व विकास , उनकी सुरक्षा और वनों की बढ़ोतरी के लिए कैम्पा के माध्यम से कई तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं। इन योजनाओं के कार्यान्वित होने से अगले पांच सालों में पाकुड में वनों के आच्छादन में वृद्धि होगी। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पीसीसीएफ साहेबगंज के लिए रवाना हो गए। इस दौरान अमड़ापाड़ा वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबालक प्रसाद , वनपाल बबलू देहरी , इंद्रदेव राम, मो. नशरूल समेत अन्य मौजूद थे।

## हटिया से लौट रहे शख्स को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, गंभीर

**अमड़ापाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मानवेल मूर्मू (45 वर्ष) नामक एक व्यक्ति को अज्ञात अपराधकर्मियों ने छाती में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना गत शनिवार देर शाम की है। जानकारी मिली कि मानवेल अमड़ापाड़ा हाट से सब्जी बेचकर घर वापस लौट रहा था। वापसी के दौरान रेकी कर रहे अपराध कर्मियों ने उसे गोली मार दी। जानकारी मिली कि गंभीर रूप से जख्मी अवस्था में उसे सीएचसी अमड़ापाड़ा लाया गया। जहां से बिना देरी के पाकुड़ रेफर कर दिया गया। नाजुक स्थिति को देखते हुए घायल को फिर धनबाद रेफर कर दिया गया है। घटना के अठारह घंटे बाद भी मानुवेल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही अमड़ापाड़ा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना इंचार्ज गोपाल कृष्ण यादव स्थल पर पहुंचे। घटना की तहकीकात किया। उन्होंने बताया कि घायल की स्थिति नाजुक है। उसके बयान के बाद ही घटना के संबंध में कोई अहम जानकारी व सुराग मिल सकती है। ऐसे में अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है। कहा कि पुलिस आगे की जरूरी कार्रवाई कर रही है। उल्लिखित गोली कांड के मुख्य वजह क्या हैं, पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि चर्चा है कि जमीनी विवाद की पुरानी रंजिश में बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

# गुड लक फ्यूल सेंटर के संचालक ने पानी मिले हुए पेट्रोल बेचने के आरोप का खंडन किया

### बरसात का पानी शीपेज हो कर टैंक के चैंबर में चले जाने के कारण हुई दुर्घटना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम नयाटांड़ स्थित भारत पैट्रोलियम के गुड लक फ्यूल सेंटर के संचालक मिथलेश नायक ने प्रेस वार्ता कर पानी मिले हुए पेट्रोल बेचने के आरोप का खण्डन किया। उन्होंने कहा के पेट्रोल में पानी मिला कर बेचना संभव नही है। बरसात का पानी पेट्रोल टैंक के चैंबर में शिपेज हो कर जमा हो गया था। टैंक के नोजल के बोल्ट का पैकिंग कट जाने के कारण चैंबर में जमा पानी टैंक में चला गया। यह तकनीकी दुर्घटना था जिसे जान बूझ कर नही किया गया था। भारी बारिश के कारण पेट्रोल पंप का चारदिवारी भी पूरी तरह से टूट गया है। जानकारी मिलने से पहले लगभग 15 मोटरसाइकिल और 3 से 4 चारपहिया वाहन में पानी मिला हुआ पेट्रोल उस टैंक से बेचा जा चुका था। जैसे ही इस बात की सूचना मिली उस टैंक से पेट्रोल बेचना बंद किया गया और सभी







उपभोक्ताओं के मोटरसाइकिल का मेंटेनेंस करवा कर दूसरे टंकी से फ्रेश पेट्रोल दिया गया।भारत पेट्रोलियम के इंजीनियर अरविंद कुमार साह ने कहा के शिकायत मिलने पर जब मैं आया और चैंबर खोल कर देखा तो पानी का निशान चैंबर में देख कर समझ में आ गया के मामला क्या है? फिर टैंक के ऊपरी हिस्सा खोल कर देखा तो वहां बरसात का पानी जमा हुआ मिला। उस टैंक को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है अब किसी तरह की परेशानी नहीं है। पंप मैनेजर ने कहा के प्रति दिन सुबह 6 बजे और शाम 6 बजे टैंक का जांच सेंसर के माध्यम से किया जाता है। लेकिन घटना बीच में लगभग 3 बजे हुआ इस लिए हमें पता नही चल सका।पंप संचालक ने ग्राहकों से आग्रह किया है कि पेट्रोल पंप में किसी भी तरह की कोई मिलावटी नहीं होता है। निसंदेह आप हमारे यहां से पेट्रोल डीजल ले सकते हैं कभी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। इस दौरान हजारीबाग कारगिल पेट्रोल पंप संचालक रवि शंकर ने बताया के पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल की मात्रा होती है। अगर उसमें थोड़ा सा भी पानी चला जाता है तो 20 प्रतिशत एथेनॉल को पानी जैसा बना देता है।

## पूर्व विधायक ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चलाया प्रचार अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी के द्वारा डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में धुँआधार प्रचार अभियान चलाया गया। ज्ञातव्य हो कि झारखंड सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन के कारण डुमरी विधानसभा का उपचुनाव हो रहा है, जहाँ आगामी 5 सितंबर को मतदान होना। झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी स्व. जगरनाथ महतो की धर्मपत्नी है। पूर्व विधायक ममता देवी झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में लगातार डुमरी विधानसभा क्षेत्र में डँटी हुई है, इसी कड़ी में चन्द्रपुरा प्रखंड क्षेत्र के तारानारी पंचायत में मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए डोर टू डोर अभियान चलाया। पूर्व विधायक के साथ रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सहित भारी संख्या में काँग्रेस एवं झामुमो के नेता और कार्यकर्ता इस अभियान में शामिल हुए।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव, एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में विधायक का मास्टर स्ट्रोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा के प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल पिछले करीब एक सप्ताह से सघन चुनाव प्रचार में जुटें हैं। निरंतर डुमरी क्षेत्र की जनता के बीच एनडीए के अन्य नेताओं के साथ चुनावी सभाएं साझा कर रहें है तो लोगों के बीच चौपाल लगाकर और बैठकें करके उनसे एनडीए समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील कर रहें हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में डुमरी उपचुनाव में जान फूंक दिया है ।विधायक मनीष जायसवाल लगातर चुनाव प्रचार के दौरान डुमरी विधानसभा क्षेत्र में मिल रहे जनता का अपार समर्थन से बेहद खुश हैं और विश्वास जता रहे हैं कि इस बार डुमरी विधानसभा उपचुनाव में बदलाव की बयार बह रही है।

# प्लस टू हाई स्कूल के लिए मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन पर हस्ताक्षर अभियान का फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र की विस्तारित बैठक सामुदायिक भवन मैन रोड हेहल में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरकाकाना क्षेत्र के श्री नारायण उच्च विद्यालय? और सी सी एल उच्च विद्यालय को उत्तक्रमित कर प्लस टू में परिवर्तित कराने के लिए मुख्य मंत्री को जन आवेदन दिया जाएगा। अतः इसके लिए एक सप्ताह का हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंच के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान एक महीने चलाया जाएगा। अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि क्षेत्र के उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों का कैरियर बेहतर बनाने के लिए





मार्गदर्शन की आवश्यकता है जिसके लिए अक्टूबर में कैरियर काउंसलिंग कराने पर विचार किया जा रहा है। सचिव प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि विस्तारित बैठक में आम सदस्यों के प्रस्ताव आमंत्रित है। इस विस्तारित बैठक में आए प्रस्तावों पर कोर कमिटी की बैठक में निर्णय लेने के बाद कार्यरूप दिया जाएगा। जरुरी नहीं कि सभी प्रस्ताव पारित हो जाए या पारित प्रस्ताव को अभी ही कार्यरूप दिया जाए। संसाधन और समयनुसार प्रस्ताव को पारित किया जाएगा या कार्यरूप दिया जाएगा। बैठक में संरक्षक महादेव ठाकुर, अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सचिव प्रो शाहनवाज खान, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, संयोजक रविन्द्र मुंडा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, प्रवक्ता सुशील कुमार, उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, उपाध्यक्ष, सोनी महतो, सह सचिव मदन दांगी और रियासत हुसैन, संगठन सचिव कवियित्री देवी और शिव शंकर बेदिया, निशा परवीन, मंटू बेदिया, मदन प्रजापति, सुलतान अंसारी, गोकुल महतो, देवंती देवी, शीला देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, मोहम्मद साबिर, राजेश बेदिया, रतन बेदिया आदि उपस्थित थे।

# हजारीबाग का बहुमुखी विकास मोदी जी और कमल का कमाल है : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद जयंत सिन्हा ने रविवार को हजारीबाग व कटकमदाग का दौरा किया। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने सिद्धू कान्हू चौक स्थित ज्ञान ज्योति कॉलेज में आयोजित युवा उत्सव में शामिल होकर युवाओं से संवाद किया।इस कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं का ज्ञानवर्धन किया और उनसे प्रश्नोत्तर व चर्चा की। वे देश से जुड़े मुद्दों पर युवाओं के प्रश्नों के जवाब देकर प्रसन्न हुए और उपस्थित सभी युवाओं को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।इसके उपरांत सांसद जयंत सिन्हा ने कटकमदाग के ग्राम पकरार के निवासी सीआईएसएफ में कार्यरत स्व. सतीश प्रसाद कुशवाहा जी, जो 2019 में नवी मुंबई स्थित ओएनसीजी प्लांट में हुई घटना में शहीद हो गए थे, उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उनके पूज्य माता पिता जी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सतीश जी पर देश को गर्व है। मैं उनके परिजनों को नमन करता हूं जिन्होंने अपने पुत्र के रूप में देश को ऐसा वीर दिया। सतीश जी सदैव युवाओं को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करते रहेंगे।तत्पश्चात सांसद जयंत सिन्हा ने ग्राम बानादाग के पहाड़ी समीप सांसद मद से बन रहे सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद मद की ?7 लाख की राशि से यह निर्माण किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों संग जनसंवाद कर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण हेतु अधिकारिओं को निर्देश दिए।अंत में सांसद जयंत सिन्हा ने ग्राम बेस में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया।

## चंद्रयान की सफलता पर पेंशनर समाज ने बधाई दी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गोला प्रखंड की बैठक एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला परिसर में प्रखंड अध्यक्ष दुख हरण चंद्र पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चंद्रयान-3 की सफलता पर पेंशनरों ने खुशियां जाहिर करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। पेंशनरों ने कहा कि भारत से पहले भी कई देश चांद पर जा चुके है, परंतु चांद के ऐसे दुर्लभ स्थान पर चंद्रयान 3 का लैंड करना ऐतिहासिक है। हमारा चंद्रयान 3 ने इससे अन्य देशों को पीछे छोड़ दिया है। बैठक में पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों ने पेंशन पुनरीक्षण का कार्य किए जाने पर सेंट्रल बैंक के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि अभी कई पेंशनरों का पुनरीक्षण का कार्य बाकी है। बैठक में रामस्वरूप लाल खन्ना, नरेश चंद्र पोद्दार, बाल गोविंद राम करमाली, यूसुफ मियां, पारस नाथ बेदिया, भगतु नाया, गोपी प्रसाद, महेश्वर राम, बलराम करमाली, रामचंद्र राम, पवन महतो, नेली सोरेन,बिसुन कुजूर, मधु चौधरी मौजूद थे।

## महंगाई को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव रामगढ़ जिला प्रभारी ने की मीडिया से बातचीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव रामगढ़ जिला प्रभारी तनवीर आलम के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बढ़ती महंगाई के खिलाफ के गैस सिलेंडर के दाम में ?200 की कटौती कर कर बीजेपी के द्वारा चुनाव के समय एक चुनावी एक्सटेंड खेला गया है इसको लेकर आगामी 4 सितंबर 2023 को रामगढ़ जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा । तनवीर आलम ने कहा कि आप लोगों को ज्ञात होगा कि 2014 से लगभग दोगुना से ज्यादा गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी केंद्र सरकार के द्वारा की गई है लेकिन वर्तमान समय में केंद्र में शासित मोदी सरकार के द्वारा 17त्न गैस के दाम में कटौती कर आम जनता को चुनाव के समय लुभाने का काम किया है आज वर्तमान स्थिति में देश में महंगाई चरम सीमा पर घरेलू गैस से लेकर सरसों तेल दाल सब्जी सभी चीजों में लगातार मूल्य की वृद्धि होते जा



रही है आज आम जनता महंगाई से ट्रस्ट बेरोजगारी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है आज इस वक्त केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा ?200 घरेलू गैस में कटौती कर देश की भोली भाली जनता को ठगने का काम किया है आज ?200 कटौती करने के उपरांत भी घरेलू गैस की कीमत 960 रुपए है 2020 के बाद से मोदी सरकार के द्वारा सब्सिडी भी खत्म कर दी गई है यह सोचने का विषय बढ़ती महंगाई के खिलाफ केंद्र की तानाशाह सरकार के इस रवैया पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदेश के सचिव रियाज अंसारी प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा , स्टेट चीफ कोऑर्डिनेटर जवाहरलाल तारिक अनवर, राजकुमार यादव अध्यक्ष दिनेश मुंडा, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव, महिला अध्यक्ष मंजू जोशी, पिंकी देवी, मिना देवी, शिप्रा राय, नगर अध्यक्ष बलराम साव, दिगंबर गुप्ता ,दीपक राकेश गगन करमाली अमर भैया ,टिंकू खान सहित सौकडो कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने राजदेव कुमार एवं सचिव बने सोनू पंडित, 13 सदस्यीय कमिटी का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रेस क्लब का चुनाव पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में रविवार को संपन्न हो गया। गोपनीय एवं लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में राजदेव कुमार अध्यक्ष पद , सोनू पंडित सचिव पद पर एवं कुनकुन स्वर्णकार एवं अमित कुमार सोनी निर्वाचित हुए। मतगणना का कार्य हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों के पर्यवेक्षण में सम्पन्न किया गया। इसके पहले उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार एवं कृष्णा कुमार यादव , संयुक्त पद पर कमल शंकर पंडित एवं कोषाध्यक्ष पद पर जयदीप सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए है। इसके साथ भी योगेंद्र प्रजापति, शोएब अख्तर एवं पंचम पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए है। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही सभी का उत्साहवर्धन किया गया। निर्वाचन अधिकारी के तौर पर श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति एवं दयानंद चौरसिया ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। पर्यवेक्षक की भूमिका डॉ संजय वर्णवाल ने निभाया।

## रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में संकल्प यात्रा को लेकर बैठक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी 11 सितंबर को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में होने वाले संकल्प यात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वुथ हर पंचायत में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता संकल्प यात्रा के लिए रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड लिए जाएंगे रामगढ़ ग्रामीण मंडल इस संकल्प यात्रा को जय भाजपा विजय भाजपा के संकल्प के साथ ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राज सौरभ शेखर ने किया बैठक में मुख्य रूप से संकल्प यात्रा के प्रभारी एवं एससी मोर्चा अध्यक्ष विनोद राम विशिष्ट रूप से मंडल प्रभारी एवं मन की बात प्रभारी जिला मंत्री वसूध तिवारी कार्यक्रम में रामगढ़ ग्रामीण के महामंत्री ललन सिंह ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संतोष केसरी एससी मोर्चा अध्यक्ष दिनेश राम किसान मोर्चा अध्यक्ष तिलेश्वर महतो आदि थे ।

## चुनावी लॉलीपॉप है रसोई गैस के दाम में कटौती और चीजों के दाम घटाकर दिखाएं पीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कांग्रेस प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम ने केंद्र सरकार के द्वारा रसोई गैस के दाम में कटौती को चुनावी लॉलीपॉप बताया है। उन्होंने रविवार को कांग्रेस भवन में मीडिया कर्मियों से कहा कि सामने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होना हैं। अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव भी होने जा रहा है। इसी परिपेक्ष में आम जनता को राहत देने के नाम पर रसोई गैस की कीमतों में कमी की गई है। यह सिर्फ और सिर्फ चुनावी लॉलीपॉप है। अगर मोदी जी को आम जनता की चिंता है तो अन्य सामानों के भी दाम घटाकर दिखाएं। लोग रोजमर्रा के सामानों के कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से त्रस्त है। आटा, चावल, चीनी, तेल, मसाला, सब्जियां, फल तमाम सामानों में आग लगी हुई है। प्रधानमंत्री जी को इन सामानों में भी दाम घटकर दिखाना चाहिए। अगर रसोई गैस की



कीमतों में कटौती की बात करें तो कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल की तूलना में अभी भी दो गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को मूर्ख समझना बंद करें। देशवासी भाजपा और नरेंद्र मोदी की नीयत को अच्छी तरह समझ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ देश के चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए काम कर रहे हैं। आम जनता की परेशानियों से उन्हें कोई मतलब नहीं है। जब जब चुनाव का समय आता है, तब तब उनकी जुमलेबाजी और ज्यादा बढ़ जाती है। आगामी चुनाव में देश की जनता इन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे।

## गणेश पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर की बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मनईटांड़ हरि मंदिर स्थित श्रीश्री गणेश पूजा समिति ने गणेश पूजा का आयोजन धूमधाम व उत्साह में मनाने के लेकर रविवार को बैठक किया। अध्यक्षता रवि सोनी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी सप्पू महतो उपस्थित हुए। रवि सोनी ने बताया कि गणेश पूजा आयोजन को लेकर मंदिर परिसर व सड़कों को आकर्षक तरीके से पुष्प सज्जा व विद्युत साज-सज्जा किया जाएगा। 19 सितंबर को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर सुबह नौ बजे पुजारी के सानिध्य में भगवान गणेश की पूजा किया जाएगा। सप्पू महतो ने बताया कि इस बार भगवान को 251 किलो लड्डू अपित किया जाएगा। 20 व 21 अगस्त को दोपहर से भोग वितरण किया जाएगा। 21 अगस्त की संध्या को भगवान गणेश की विशेष आरती की जाएगी। 22 अगस्त को धूमधाम से प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। मौके पर सोनू सिंह, बिकाश भगत, मनीष साह, शुभम साह, अरित्रा साहा, पीयूष सिंह, दीपक प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हवा को स्वच्छ रख सकते हैं : अखलाक



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वच्छ वायु सप्ताह को लेकर झरिया में चला डोर टु डोर जागरूकता अभियान धनबाद नगर निगम की सहयोगी संस्था असर के पहल पर ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में अंतराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस को लेकर सप्ताहव्यापी जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। रविवार को डोर टू डोर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को वायु की गुणवत्ता एवं प्रदूषण से नुकसान की जानकारी दी गई। संस्था के लोग काला फेफड़े का मॉडल को दिखा कर दूषित प्राणवायु का प्रभाव को बता रहे थे। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि वायु की गुणवत्ता में सुधार हेतु हमें हवा में धूल कण की मात्रा को कम करना होगा और इसके लिए कोयला कंपनी, अधिकारी, प्रतिनिधि व आम नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। धूल युक्त सड़कों पर पानी का छिड़काव जरूरी है। डॉ मनोज ने कहा कि अपने आस पास कूड़ा कचड़ा जमा न होने दें।

## झारखंड सब जूनियर बालिका टीम ने धमाकेदार जीत से की शुरुआत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अमृतसर पंजाब में सब जूनियर बालिका (अंडर 14) नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड 16-1 से गोवा टीम को पराजित कर प्रतियोगिता में धमाकेदार शुरुआत की। मैच की शुरुआत में गोवा टीम एक गोल कर बढ़त हासिल कर ली थी। झारखंड टीम मैच में वापसी करते हुए मध्यांतर के पहले नौ गोल एवं मध्यांतर के बाद सात गोल कर 16-1 की जीत हासिल की। झारखंड टीम के अनुष्का कुमारी हैट्रिक सहित सात गोल, प्रीति कुमारी तीन गोल, दीपिका कुमारी दो गोल, रीमा कुमारी, बिना कुमारी, आरती कुमारी महतो, आयशा कच्छप ने एक-एक गोल की। टीम की शानदार जीत पर झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, प्रेसिडेंट झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, धनबाद जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारीयो ने टीम के खिलाड़ियों के साथ-साथ चीफ कोच गोविंद साहा, असिस्टेंट कोच दीपक कुमार खटीक, मैनेजर शारदा कुमारी, फिजियो अनिंदिता बोस को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिए।

# धनबाद गोविंदपुर जीटी रोड पर ट्रक व टैंकर की भीषण टक्कर, दो की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के जीटी रोड पर एक बार फिर से रफ्तार का कर देखने को मिला। एक ट्रक और एक टैंकर की जोरदार टक्कर हुई है। इस टक्कर में लोड ट्रक का कोयला नीचे सड़क पर गिर गया है। बताया जा रहा है कि इस मलबे में कई लोग दबे हैं। हालांकि कितने लोग दबे हैं। इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। लेकिन कहा जा रहा है कि बाइक पर सवार तीन लोग दब गए हैं। जिन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है। जिनमें से दो लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। एक अन्य की फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कालाडीह मोड जीटी रोड पर एक ट्रक और एक टैंकर की जबरदस्त टक्कर हुई है। इस हादसे में तीन लोगों के दबे होने की बात स्थानीय लोग कह रहे हैं। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। जिनमे से दो लोगों को बाहर निकाल लिया गया है।बताया जा रहा है कि सड़क पर चल रहे एक बाइक पर सवार तीन लोग हादसे का शिकार हुए हैं। तीनों बाइक पर सवार होकर सड़क पर चल रहे थे। इस दौरान ट्रक और टैंकर की टक्कर हुई है। इन तीनों के दबे होने की बात कही जा रही है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है। इसके साथी NHAI के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। रेस्क्यू की जा रही है फिलहाल दबे हुए लोगों का सही-सही आंकड़ा नहीं मिल सका है। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जुटी है। लोगों के द्वारा भी रेस्क्यू में सहयोग किया जा रहा है। दबे लोगों को निकालने की कोशिश चल रही है। लोगों की माने तो सड़क पर कई जगह अवैध कटिंग है। जिसके कारण लगातार लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क निर्माण का कार्य भी चल रहा है। वैसे स्थान पर निर्माण सामग्री गिरी हुई है।हादसे के होने की यह भी एक वजह है।

## गैस सिलेंडर में 200 रुपये की कटौती चुनावी स्टंट : रविन्द्र



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर नरेंद्र मोदी की सरकार पर जमकर प्रहार किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दुमका प्रभारी सह महासचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्री रवींद्र वर्मा ने कहा की मन की बात करने वाले प्रधानमंत्री इंडिया गठबंधन की दो बैठक के बाद कुनमुनाने शुरू किया और मुंबई के तीसरी बैठक के बाद गैस के दाम में ?200 प्रति सिलेंडर कम किया जो चुनावी स्टंट से ज्यादा कुछ भी नहीं है। आगे श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा को बहुत घमंड था कि हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले में काफी ईमानदारी दिखलाई है लेकिन उनकी यह ईमानदारी कैग के रिपोर्ट में साफ दिख रही है की किस प्रकार से देश में भ्रष्टाचार हुआ है। आने वाले 2024 में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार देगा और इनको मुंह की खिलाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामल किशोर सिंह, प्रेम कुमार शाह, संजीत कुमार सिंह, अरविंद कुमार, सत्यनारायण यादव, अली इमाम, टिंकू पौलुस मुर्मू, खुर्शीद आलम, दशरथ मंडल, अमित कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### बिना अनापत्ति प्रमाण-पत्र के मेला लगवाने का प्रयास

## बिनोद मरांडी ने जोड़ापोखर थाना में की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डिगवाडीह गणेश पूजा महोत्सव 18 सितम्बर से शुरू हो रहा है। पूजा महोत्सव में जिस जमीन पर मेला लगता है, जमीन को लेकर अभी से विवाद शुरू हो गया है वैसे कमिटी के स्पष्ट कहना है कि जिसका जमीन है, उससे अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाएगा। इधर जमीन को लेकर डिगवाडीह मांझी बस्ती के रहने वाले बिनोद मरांडी ने जोड़ापोखर थाना प्रभारी सहित अन्य को शिकायत किया है। बिनोद का कहना है कि आदिवासी के जमीन पर जबरन कब्जा कर मेला लगाने की तैयारी चल रही है। बिनोद ने बताया कि मेरी पैतृक जमीन मौजा 110, खाता संख्या 664,प्लॉट 6462 और 6463 रकवा एक एकड़ 61 डिसमिल मेरे पिता स्व लखू मांझी के नाम पर ऑनलाइन दर्ज है। इसके बावजूद कमेटी के एमके ठाकुर, उत्सव राम, दिनेश यादव, गोगा पांडेय, अवध बिहारी राम व अन्य बलपूर्वक मेरे जमीन पर बिना मेरे अनापत्ति प्रमाण पत्र के मेला लगवाने के प्रयास किया जा रहा है। बिनोद ने बताया कि किसी भी हालत में आदिवासी समुदाय के जमीन पर कब्जा कर नही लगाने दिया जाएगा, दूसरी तरफ गणेश पूजा कमेटी के सचिव दिनेश यादव ने कहा कि जमीन के दो दावेदार बिनोद मरांडी और अशोक दत्ता सामने आया है। प्रशासन जिसका जमीन बतायेगा उसी से कमेटी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेगी।

# संकटों के दौर से गुजर रही है जनता : टाईगर जयराम महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के हाई स्कूल मैदान पहुंचे टाइगर जयराम महतो को आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत टाइगर जयराम महतो 3 सितंबर रविवार को हाई स्कूल मैदान टुंडी पहुंचे जहां आदिवासी भाई बहनों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया गया एवं भारी बारिश होने के बावजूद अपार भीड़ को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि सुदूर वर्ती क्षेत्र से आए हुए सभी ग्रामीण जनता को तहे दिल से बहुत-बहुत आभार की भारी बारिश में भी लोग एकता का परिचय देते हुए पूरा मैदान जनता से भरा पड़ा है। आगे उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि झारखंड सरकार की गलत नीतियों के कारण आज जनता काफी संकटों के दौर से गुजर रहे हैं नियोजन नीति एवं स्थानीय नीति को जब तक लागू नहीं किया जाएगा तब तक बैठने वाले नहीं हैं आज झारखंड को बहारियों द्वारा खुलेआम लूटा जा रहा है बाहरी आदमी को नियोजन दिया जा रहा है जो किया वह इस तरह का कारनामा चलने नहीं देंगे। आज के युवाओं को नौकरी नहीं होना बहुत बड़ी दुख की बात है यहां के बेरोजगार पढ़ लिखकर घर बैठे हैं उन्हें रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन दिन-ब-दिन हो रहा है यह बहुत दुखद घटना है। मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता, चिंतामणि मंडल, रविकांत मंडल,सुनील मंडल, मुकेश दास, लालजीत राय, सुनील मंडल, राजकुमार, भूपेन मंडल, कीर्तन मंडल, कि इस सभा में मुख्य भूमिका रही ।

## पंचायत कमिटी की विस्तार को लेकर बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के नगर केशवारी पंचायत में पंचायत कमिटी गठन के लिए जेबिकेएसएस का बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रभारी के रूप में शशि ठाकुर, जगदीश महतो, चंदन पासवान, आंनद सोनी करण भंडारी, धर्मपाल महतो उपस्थित थे इस दौरान धर्मपाल महतो ने कहा कि अब ओ दिन चला गया है जब अपने हक अधिकार के लिए हम लोग आंदोलन करते थे अब शासन हो या प्रशासन सबसे आंख मिलाकर बात करने का समय है क्योंकि हर जगह थाना,प्रखंड,अनुमंडल और जिले में पैसे वालो की ही बोल बाला हैं सारे जगह करप्शन से संलिप्त अधिकारी बेलगाम हो गए हैं जब तक कोई पैसा नही देता काम ही नही होता,जमीन किसी और का कागज किसी और का,सरिया प्रखंड की धरती अधिकारी सेवा नही बल्कि मेवा खाने आते हैं अब ये सब नही चलेगा। हमर पानी हमर पसीना और बिजली जलेतो शेख हसीना वाली कहावते हैं यही सब पूरे राज्य में चल रहा है पर ये सब अब नए चलतों यह पंचायत के लोगो मे जिस प्रकार जगरूकता देखने मिल रहा है जिससे आने वाले दिनों में जयराम महतो के हाथों को मजबूत कर और झारखंड की कमान सौंपने का काम करेंगे इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं लाल मंडल एवं संचालन सुभाष मण्डल, पंचायत के अध्यक्ष के रूप में टेकलाल मण्डल, सचिव दशरथ मण्डल, कोषाध्यक्ष मुकेंद्र मण्डल, को सर्वसम्मति से चुना गया। मौके पर उपस्थित सचिन मंडल,संजय पंडित, संदीप मण्डल, जयनाथ मंडल, राहुल मंडल, बिजेंदर मंडल, विजय मंडल, दिलीप मंडल, राहुल मंडल, श्रवण मंडल, संदीप मंडल दर्जनों युवा मौजूद थे।

# बिजली करेन्ट लगने से बच्ची की हुई मौत, जिप सदस्य ने जताया दुःख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखण्ड के मुंडरो पंचायत के कोल्हवरीया में एक बच्ची की करेन्ट लगने से मौत हो गई। मृतक बच्ची राजू कोल्ह की पुत्री आशा कुमारी है पिता का साया पहले ही उठ चुकी थी। घर की स्थिति अच्छी नही है। घटना की सूचना मिलते ही पश्चिमी जॉन के जिप सदस्य दुर्गेश कुमार मृतक के घर पहुँच कर पीड़िता के परिजनों से भेंट कर घटना के प्रति दुःख जताते हुए कहा की ऐसी घटना से रुह कपती है । विभाग के लापरवाही के कारण एक बच्ची की जान चली गई । मैं हमेशा बिजली विभाग के जर्जर पॉल तार को बदलने की बात को लेकर कई उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिख कर बदलने की बात कहीं थी । लेकिन विभाग के उदासीनता के कारण नही बदली गई । वहीं जिप सदस्य ने कहा की विभाग के अधिकारियो से बात कर बच्ची को पोस्टमार्टम के लिए बगोदर पुलिस को सूचना दी गई है ताकि सरकारी सुविधा के तहत गरीब परिवार को लाभ मिले । मौके पर पंस प्रतिनिधि मनोज सिंह रवि सिंह जगदीश महतो पंसस टेकनारायन साव रंजित मेहता धनंजय सिंह अजित मण्डल अडवारा पंचायत के मुखिया पति धानेश्वर मरांडी सहित कई लोग ने घटना के प्रति दुःख जताये ।

## पत्रकार विमल चक्रवर्ती के परिजनों को दिलाया गया सात लाख मुआवजा

### लिलौरी मंदिर में हुआ अंतिम संस्कार, नम आंखों से पत्रकारों ने अपने साथी को दी बिदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** सड़क दुर्घटना में घायल वरीय पत्रकार विमल चक्रवर्ती का इलाज के दौरान शनिवार को निधन हो गया। निधनोपंरात रविवार को प्रेस क्लब, कतरास एवं ग्रामीण पत्रकार संघ के पत्रकार साथी सलानपुर उनके पैतृक घर पहुंचे, जहां धक्का मारने वाले गाड़ी मालिक को बुलाया गया। जहां काफी लंबा बातचीत के उपरांत मृतक विमल चक्रवर्ती के परिजन को 7 लाख रुपया देने पर सहमति बनी। मामले में क्लब के संरक्षण उमेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान एवं कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे के तल्ख तेवर के बाद गाड़ी मालिक ने सम्मान जनक सहयोग राशि देने पर सहमति जताया, जिसके बाद मृतक की पत्नी को तत्काल नगदी 50 हजार नगद एवं 6 लाख 50 हजार का चेक सौंपा। जिसके बाद विमल चक्रवर्ती को लिलौरी मंदिर मुक्त धाम में अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर प्रेस क्लब, कतरास के संरक्षण उमेश श्रीवास्तव, मुस्तकीम अंसारी, अजय राणा, ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष ऐहसान फ़ैज, प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडे, महा सचिव विनोद रंजक, सचिन अजय तिवारी, उपाध्याय मो. अब्दुल हमीद अंसारी, विनय वर्मा, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र पासवान, मुन्ना यादव, रौशन ज़मील, कामदेव सिंह, अविनाश मिश्रा, राजा खान, निवेक पांडेय, संतोष दे, अमरेंद्र झा, शेखर खां, रमेश सिंह, मुन्ना सिंह के अलावे समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इक़बाल, उमेश ऋषि, पंकज सिन्हा, बबलू बनर्जी, निमाई मुखर्जी, अमित राय, अरविंद सिन्हा, सकलदेव प्रमाणिक जयदेव बनर्जी आदि मौजूद थे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली थी नाबालिक, कुएं में मिला शव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद में एक नाबालिग किशोरी का शव मिला है। शव होने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंची। इस दौरान नाबालिग किशोरी की पहचान अरविंद सिंह की 13 वर्षीय पुत्री सनिषा कुमारी के रूप में की गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सनिषा कुमारी शहरी क्षेत्र स्थित एच ई हाई स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा थी। रविवार की सुबह वह मॉर्निंग वॉक करने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। इसके बाद एक कुएं के पास उसका चप्पल मिला। मौके पर सशंकित परिजनों ने जब कुएं में रस्सी झगड़ डाला तो शव कुएं से मिला। इसके बाद बेंगाबाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। इस दौरान पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है।

## केन्द्र सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है : संतोष कुमार सिंह



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में मोदी सरकार के छद्म राजनीतिक स्टंट को आम जनता के बीच पर्दाफाश करने को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया, मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है, केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर एवं खाद्य सामग्रियों में बेहताशा वृद्धि कर लोगों को कमर तोड़ने का काम किया है, गैस सिलेंडर के दाम में ?200 की कटौती कर मोदी सरकार ने लोगों को दिगभ्रमित करने का काम किया है, यह बिल्कुल ही एक चुनावी स्टंट है लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर-गरीबों को व गरीब बना रही है ।

# वन नेशन वन इलेक्शन जल्दबाजी में कराने की जरुरत क्यों : ब्रजेंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की भाजपा की सरकार एक नंबर की नकलची का काम करती है। कांग्रेस पार्टी ने जो भी अच्छा काम किया है, उसी का नाम बदल कर केवल अपना चेहरा चमकाने के लिए आतुर रहती है। वन नेशन वन इलेक्शन कोई मोदी जी देश में पहली बार नहीं ला रहे हैं। देश जब आजाद हुई तो पूरे देश में 1952 में पहली बार जवाहरलाल नेहरू जी के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा दोनों का चुनाव साथ-साथ हुआ था। उसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी अंतिम बार देश में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ हो चुका है लेकिन 1968 से देश की कई विधानसभा में सरकार गिरने लगे और बारी-बारी से मध्यवर्ती चुनाव होने लगे जिसके चलते धीरे-धीरे एक साथ चुनाव संभव नहीं हो पाया। अभी जो मोदी सरकार 5 दिनों का संसद का सत्र बुलाया है, इसके लिए सरकार ना तो विपक्षी पार्टियों को ना तो किसी से राय मशवरा की और ना ही अपने पार्टी के किसी नेताओं को जानकारी तक दी, ईसी को तो हिटलर साही कहा जाता है।

असल बात यह है की इसी वर्ष देश में पांच राज्यसभा का चुनाव होने जा रहे हैं, और पांचो राज्य से भाजपा का सफाया होना तय है। इसी के चलते भाजपा विचलित हो गई है और एन केन प्रकारें वह हर साल में चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है लेकिन संभव नहीं दिखता है।

# झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला सचिव धनबाद के इरफान खान ने बताया कि झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राम रंजन कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में प्रथम संशोधित नियमावली 2019 के खिलाफ हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर कर रखी है। जहां से संगठन के सभी सदस्यों को इस नियमावली के खिलाफ हाई कोर्ट ने दिनांक 21/10/2019 को मान्यता लेने हेतु शिक्षा सचिव एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा किसी भी विद्यालय को परेशान ना किया जाए। जब तक यह मामला हाई कोर्ट में लंबित है उसके बावजूद सरकार के शिक्षा सचिव एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी जिले में गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को इस नियम को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। इसके आलोक में प्रदेश महासचिव राम रंजन कुमार सिंह ने अपने वकील सुमित गडोरिया के द्वारा हाई कोर्ट में अवमानना का केस दर्ज कराया। जिसकी सुनवाई 22 अगस्त को हुई जिसमें संगठन के वकील सुमित गडोरिया ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के पारित आदेश के बावजूद भी याचिकर्ताओं के सदस्यों के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारी अभी भी कुछ मामलों में याचिका कर्ताओं को कथित रूप से परेशान कर रहे हैं। मामले को ध्यान में रखते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने कहा की हम यह दोहराते हैं कि रीत याचिकाओं के समूह के लंबित रहने के दौरान याचिका करता संघ के सदस्यों के खिलाफ कोई भी कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा।

# झारखंड में चल रही तालिबानी सरकार, अपराधी बेखौफ : बाबूलाल मरांडी

➲जनता के समर्थन से संकल्प यात्रा बनी जन संकल्प यात्रा
➲प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहारदगा विधानसभा क्षेत्र के संकल्प सभा को लोहरदगा में संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को भ्रष्ट व निकम्मी सरकार करार दिया। उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने वीर बुद्धू भगत व पांडेय गणपत राय की भूमि को नमन करते हुए वर्षा के बीच जनसभा को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। क़ानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चोरी,डकैती,हत्या अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक हेमंत सरकार में हुए है। अपराधी बेख़ौफ़ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को अपराधियों को धर दबोचना था वे सरकार के इशारे पर हेमंत सरकार के ख़िलाफ़ बोलने वालों पर केस करना व वसूली कार्य में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और सरकारी पदाधिकारी मोबाइल रिचार्ज की तरह वसूली के माध्यम से रिचार्ज कर रहे। अधिकारी बोलते हैं देकर आए हैं, लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन पाँच से ज़्यादा हत्या, पाँच से ज़्यादा दुष्कर्म, पाँच से ज़्यादा अपहरण के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबसे हेमंत मुख्यमंत्री बने हैं तबसे बेतहाशा अपराध बढ़ा है। अपराधियों में हिम्मत बढ़ गई है। आम लोग डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में जिस प्रकार से कोर्ट में सरेआम पेसकार को पीटा गया इससे प्रतीत होता है कि प्रदेश में तालिबानी शासन है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना राज्य की जरूरत है। श्री मरांडी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लालक़िले के प्राचीर से कहा था कि भ्रष्टाचार को समाप्त करना है और भ्रष्टाचारियों को जेल में डालना है। किंतु हेमंत सरकार ख़ुद भ्रष्टाचार फैलाने में व्यस्त है। पैसे के बिना इस सरकार में कोई काम नहीं होता है। कोयला बालू पत्थर की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने दिल्ली मुंबई वालों को बालू घाट व खनिज संपदा को लूटने की खुली छूट दे दिया है। उन्होंने कहा कि महाजनों से लड़ते लड़ते सोरेन परिवार ख़ुद महाजन हो गये। झारखंड में सर्वाधिक ज़मीन सोरेन परिवार के पास है। यह ज़मीन ग़रीब गुरबा, मुंडा, उराँव, संथाल आदिवासियों की ज़मीन हड़प कर ले लिया है। उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गाँव, ग़रीब, किसान युवा महिलाओं की चिंता करते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर गैस में दो सौ और उज्जवला योजना के तहत मिले गैस पर चार सौ की सब्सिडी देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष मनीर उराँव व महामंत्री संचालन बालकृष्णा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन नीरज नलिन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत,एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक शिव शंकर उराँव, पूर्व मंत्री सधनू भगत, पूर्व विधायक दिनेश उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह,प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, ज़िला प्रभारी मनोज मिश्रा, विनय लाल, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, अजातशत्रु, बजरंग उरांव,हर्ष नाथ महतो, समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, भारती सिन्हा, सुरेश बैठा, विश्वजीत शाहदेव, ओम प्रकाश गुप्ता,अजय मित्तल, अमरेश भारती, सूरज कुमार दसोंधि, सुदामा प्रसाद, मुकेश साहू, लखन उरांव, विवेक सोनी,भरत किसान, नवीन कुमार साहू, कैलाश साहू, मनिष शिखर, सजल कुमार, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, कलावती देवी,विवेक चौहान, बाल्मीकि कुमार,मिथुन तमेड़ा, पवन कुमार, यदुनंदन तिवारी, रितेश साहू, दुबराज वर्मा, सरजू साहू, राजेश प्रसाद, राजेश महत्यारे, शंभु सिंह, राजेश महतो, प्रदीप सिंह, रामवतार वर्मन, परमेश्वर भगत जागेश्वर साहू, अमित लोहरा, अनूप कुमार वर्मा, अनंत महतो, केदार महतो, विवेक प्रजापति, गौरीशंकर नाथ शाहदेव, भूषण साहू, विवेक चौहान, सुधांशु कुमार, संजय महतो, कुलदीप कुमार, तन्मय कुमार, शंकर प्रजापति, ज्ञानेश गुप्ता, सहित अन्य शामिल थे।

## प्रवीण सिंह ने प्रतिभा केंद्र के खिलाड़ियों का किया मार्गदर्शन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार विधान पार्षद और झारखंड बीजेपी के दिग्गज नेता प्रवीण सिंह ने लोहरदगा प्रतिभा केंद्र के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका मार्गदर्शन किया । उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वही खिलाड़ी सफल होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पता है जो नियम और अनुशासन का पालन करते हुए खेल खेलता है। प्रवीण सिंह ने कहा कि खेल का मैदान खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम पाठशाला है, इसलिए खिलाड़ियों को चाहिए कि अपने कोच के द्वारा बताए गए हर नियम एवं निर्देश का पालन करें और लक्ष्य हासिल करने का मन में संकल्प लेकर पूरी ईमानदारी के साथ खेल खेलें। उन्होंने कहा कि यदि आप लोगों को सचमुच खेल को अपने जीवन में अपना कर आगे बढ़ना है तो खस्सी मुर्गा के टूर्नामेंट मैच से दूर रहे और निरंतर सकारात्मक ढंग से प्रयास जारी रखें। उनके साथ प्रतिभा केंद्र के निर्देशक एस सुजाउद्दीन राजा उपस्थित थे।

## प्रवीण सिंह ने शिवम इंडियन आर्ट का किया भव्य उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बी आई डी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास जी पी एस कम्पलेस में शिवम इंडियन आर्ट का उद्घाटन पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह के हाथों संपन्न हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवम इंडियन आर्ट के निदेशक और मशहूर चित्रकार घाघरा निवासी शिवम कुमार सिंह ने बताया कि इस संस्थान में पेंटिंग, क्राफ्ट, मेहंदी डिजाइन, क्लेवर स्कल्पचर, 3ष्ठ वॉल पेंटिंग आदि सिखाए जाएंगे । इस अवसर पर लव प्रसाद सिंह, कुश प्रसाद सिंह, शिरीष केसरी, रामचन्द्र गिरि,बाल्मीकि कुमार, विपुल तमेडा,संजय सिंह,त्रिपुरारी सिंह, अजय सिंह, प्रदीप सिंह, अवनीत कुमार पांडे, मोनू पांडे, शारदा पांडे,इंद्रपुरी देवी, सुभद्रा देवी, विद्या कुमारी, अभिषेक कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, एस सुजाउद्दीन राजा, कौस्तुभ पांडे, पंकज विश्वकर्मा, विकास सहदेव, राहुल रंजन, मधु कुमारी, धनेश मास्टर,रवि कुमार सहित भारी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

# जन मुद्दों को लेकर आन्दोलन करना आजसू पार्टी की पहचान है : विलियम कुजूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड अंतर्गत बाघा पंचायत के नदी नगडा में आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र पहान की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला महासचिव विलियम कुजूर और विशिष्ट अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी उपस्थित हुए। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने और केंद्रीय समिति द्वारा निर्देशित सभी संगठनात्मक कार्यो को शत-प्रतिशत पूरा करने पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विलियम कुजूर ने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है और जन मुद्दों को लेकर हमेशा आंदोलन करना हीं आजसू पार्टी की पहचान है। उन्होंने कहा कि देश आजाद हुआ और झारखंड बिहार से अलग हुआ,किंतु झारखंडियों की हालत में कोई सुधार नहीं हुई। झारखंड की जनता भ्रष्टाचार की बलीबेदी पर चढ़ती गई। आज झारखंड की जनता आशा भरी निगाहों से आजसू पार्टी की ओर देख रही है,इसलिए हम सबों का कर्तव्य बनता है कि भ्रष्टाचार,व्यभिचार जैसे मुद्दों को लेकर हम फिर से एक जोरदार आंदोलन करें और गरीब जनता की आवाज बने। शाहिद अंसारी ने कहा कि आज झारखंड राज्य पूरे देश के लिए भ्रष्टाचार का एक नमूना बनकर रह गया है। यहां के नेता और पदाधिकारी करोड़ों रुपये जनता की कमाई को अपनी झोली में डालने के लिए व्यस्त हैं। जनता त्रस्त और नेता, पदाधिकारी मस्त हैं। उन्होंने कहा कि हम झारखंडियों के लिए इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है कि खनिज संपदा के मामले में देश का सबसे धनी राज्य झारखंड की जनता सबसे गरीब है। वीरेंद्र पहन ने कहा कि आजसू पार्टी को लोहरदगा प्रखंड के लोगों से जो भी उम्मीदें हैं उसपर हम खरा उतरेंगे और पार्टी के लिए हम सबकुछ न्योछावर करने के लिए तत्पर रहेंगे।

# भाईचारा, प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है टूर्नामेंट : वीरेंद्र उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** एकागुड़ी में नवयुवक संघ के द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन अतिथियों ने विजेता उपविजेता एवं तृतीय व चतुर्थ स्थान की टीम को सांत्वना पुरस्कार दे कर खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के एकागुड़ी स्थित खेल मैदान में नव युवक संघ द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में 32 टीम भाग लिया था। वही सभी टीम के खिलाड़ियों ने अपना खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वी टीम को पराजित कर हुए फाइनल में प्रवेश किया। आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उराँव, उप मुखिया सधनु लोहरा मुख्य संरक्षक नरेश उराँव, शंकर लोहरा एवं गणमान्य लोग संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को आरम्भ कराया। वहीं ख़िलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर अनुशासन का परिचय देते हुए प्रथम स्थान ए जे स्टाइल द्वितीय स्थान सरना स्पॉटिंग क्लब तृतीय स्थान आर्मी जोन एवं चतुर्थ स्थान मामा स्पॉटिंग क्लब लोहरदगा की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। इसके अलावे अन्य टीम को अतिथियों द्वारा सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल समापन के दौरान विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उराँव ने कहा खेल भाईचारा,प्रेम व अनुशासन का संदेश देता है। जिसे आपसी सौहार्द कायम रहता है?। साथ ही उन्होंने कहा खेल के माध्यम से खिलाड़ी गण अच्छे मुकम हासिल कर रहें है। अवसर को परखने वाले खिलाड़ियों को मंजिल अवश्य मिलता है। मौके पर अध्यक्ष धर्मदेव मुंडा, सचिव बिमल उराँव, कोषाध्यक्ष संतोष उराँव अर्जुन उराँव रतिया उराँव सूरज उराँव के अलावे कमिटी के कार्यकर्ता और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बेहद प्रभावकारी है हवन के साथ योग अभ्यास : शिव शंकर सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में विशेष योग कक्षा का आयोजन किया जा रहा है। लोहरदगा के सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्र कर के साथ हवन कर योगाभ्यास कराया जा रहा है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह एवं पतंजलि जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में योगाभ्यासियों को विशेष योग प्रशिक्षण जड़ी बूटी के द्वारा हवन की आहुति कराकर उसके लाभ व बीमारी आधारित योग का अभ्यास कराया जा रहा है। ताकि जल्द से जल्द पीड़ित व्यक्ति स्वस्थ हो सके। इस अवसर शिव शंकर सिंह ने कहा कि योग वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर किया जाय तो और बेहतर लाभ मिल सकता है। नियम सम्मत योग प्राणायाम, यौगिक क्रियाओं को निरंतरता के साथ योग्य योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया जाय तो लाभ जल्द व स्थाई मिलेंगे। मौके पर प्रीति जायसवाल,मंजू जायसवाल, किरण कुमारी, सरिता जायसवाल, प्रदीप अग्रवाल, रघुनंदन शर्मा, बंधी साहू, कृष्णा राम, सतीश जायसवाल, पतंजलि के जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, रामसुभग राय व अन्य मौजूद रहे।

# पशु तस्करी मामले में पशु के साथ तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** गौवंशीय पशु तस्करी मामले में सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए तीन दर्जन पशुओं को इचरी टेंगरिया के रास्ते से ले जाते हुए किया जब्त अग्रतर कारवाई जारी। सेन्हा थाना क्षेत्र के इचरी टेंगरिया रास्ते से गौवंशीय पशु तस्करी का मामला प्रकाश में आते ही सेन्हा पुलिस ने वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी कर तीन दर्जन गौवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना लाया और थाना परिसर में सुरक्षित रख कर आगे की कारवाई में पुलिस जुट गई है। एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर पशु तस्करी के विरुद्ध कारवाई किया गया है। विदित हो कि गुमला जिला क्षेत्र के लरंगो बाजार से बाहर ले जाने के नाम पर गौवंशीय पशु तस्करी की गुप्त सूचना पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुआ था। जिसके बाद सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए 36 पशु के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। गौवंशीय पशु तस्करी मामला में थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा जांच पड़ताल जारी है। जबकि स्थानीय लोगों द्वारा बताया जाता है कि प्रत्येक शनिवार को बहुत ज्यादा संख्या में पशु तस्करी के लिये ले जाया जाता है। जानकारी के अनुसार बता दें कि पुलिस प्रशासन के जांचोपरांत जब्त मवेशीयों को ग्रामीण किसान के बीच वितरण किया जाएगा या वस्तविक मालिक की पहचान होने पर पशुओं को सुपुर्द किया जाएगा।

### गैस सिलेंडर के दामों में 200 रू. की कटौती चुनावी स्टंट : शकील अहमद

# नौ वर्षों में ईंधन टैक्स द्वारा मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी : नेसार अहमद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है, केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। उक्त बातें कांग्रेस के लोहरदगा जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकिल अहमद रविवार को राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है, कि प्रधानमंत्री मोदी जी, जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 रूपये कम कर दी। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 07 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। वर्ष 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया है। पिछले 02 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आँखें खुल जाएँगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है, उन्होंने जनता की जेब से रू. 8,33,640.76 (आठ लाख तैंतीस हजार, छः सौ चालीस करोड़ रूपये) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी ने रू. 68,702.76 (अड़सठ हजार सात सौ, दो करोड़ रूपये ) से अधिक की लूट किए। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रु0 की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में 05 राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकचुनाव में मतदाताओं को लुभाने का एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अब भी महंगा ( 960 रु) है, मगर भाजपा यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है। प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गई है कि प्यास से गला सूख जाए फिर दो बूंद पानी पिला कर कहो कि सबको पानी मिल गया है, प्यास से राहत मिल गई है। पिछले साढ़े 09 वर्षों में ईंधन में टैक्स द्वारा मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ की मुनाफाखोरी की है। 2014 से अब तक मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम में 185 प्रतिशत की वृद्धि की गई और अभी घटाया कितना गया मात्र 17.5 प्रतिशत।

## योगी सेना द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता 9 सितंबर को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** योगी सेना के बैनर तले प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योगी सेना के अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने बताया कि शहर के गुदरी बाजार स्थित शोक विनायक संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप 9 सितंबर को संध्या 7:00 बजे से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जहां मटकी फोड़ प्रतियोगिता के अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर योगी सेना के पदाधिकारी और सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे है। बताया कि आयोजन में जिले के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में अलग-अलग टोलों के युवा शामिल होंगे। उन्होंने सनातन धर्म के समस्त लोगों से आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। आयोजन को लेकर जिला अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन भी सौंपा गया है। जिसके माध्यम से आयोजन के दौरान मेडिकल टीम और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है।

## झापा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में पहले दिन खेले गये चार मैच



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी द्वारा आयोजित स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा खस्सी फुटबॉल कप प्रतियोगिता के पहले दिन कुल चार मैच खेले गये । इस प्रतियोगिता का प्रारंभ 12ः00 बजे से कोलेबिरा के स्टेडियम में हुआ । उद्घाटन मैच राम रहीम फुटबॉल टीम अघरमा और पटिया टोली फुटबॉल टीम के बीच खेला गया । इसके उद्घाटन मैच में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रखण्ड प्रमुख दुतामी हेमरोम झारखंड पार्टी के अल्पसंखयक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बदरुद्दीन अहमद और पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष के साथ और भी पदाधिकारी उपस्थित रहें । मैच का प्रारंभ सभी अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को किक मारकर किया गया । खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देना चाहूंगा की झारखंड पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं ।साथ-साथ मैं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से कहना चाहूंगा कि आप इस प्रतियोगिता के सभी मैच को खेल भावना के साथ खेले और अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों के दिल को जीते और अपना भविष्य को खेल के माध्यम से उज्जवल बनाने में आगे बढ़े । झारखंड पार्टी शुरू से खेल को बढ़ावा देती आई है और आगे भी जो भी अच्छे खिलाड़ी होंगे उनका सहयोग करने के लिए हमेशा आगे रहेगी और झारखंड पार्टी इस प्रकार का खेल प्रत्येक प्रखंड में करवा रहे हैं जिससे कि हर प्रखंड के खिलाड़ी अपने प्रखंड में खेल का प्रदर्शन कर सके पहला मैच पटियाटोली फुटबॉल टीम और राम रहीम फुटबॉल टीम अघरमा के बीच खेला गया।

# निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 52 लोग अपना स्वास्थ्य जांच व इलाज कराकर हुए लाभान्वित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रांगण मे लगातार आज 64 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ एवं जनरल चिकित्सक डॉ मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शिविर का शुभारंभ करते हुए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 52 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ मृत्युंजय कुमार को पुष्प देकर सम्मानित करते हुए कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही हम सबों का सबसे बड़ा कर्तव्य है इनकी जितनी सेवा की जाए कम है। डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देते हुए समय-समय पर अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए,और दीपक सर्राफ के द्वारा अपने अस्तर से प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर सेवा करना काफी प्रशंसनीय है और मैं इनके कार्य से काफी प्रभावित हूँ। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 से 8:30 बजे तक 1 घंटा के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे,आज लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल,आदि का चेकअप करवाते हुए डॉ मृत्युंजय से अपने बीमारियों का चेकअप करवाते हुए परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ मृत्युंजय कुमार, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, बनारसी प्रसाद, उदय कास्यंकार, राम प्रसाद कास्यंकार, नवल कुमार, अशोक महतो, तुलसी उरांव, नंदलाल कास्यंकार, ज्ञानचंद्र बड़ाईक, तारा राय आदि उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को ले कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न

➲भ्रष्ट राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू : विमला प्रधान
➲सिमडेगा जिला में संकल्प यात्रा होगी ऐतिहासिक : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा-20 सितंबर को कोलेबिरा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री का आगमन होगा जहाँ वे कोलेबिरा बिधानसभा के कार्यकर्ताओं एवं जनता को संकल्प यात्रा के तहत संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता हेतु कोलेबिरा में कोलेबिरा बिधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने स्वागत भाषण कर अथितियों का स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लक्मन बड़ाईक ने कहा कि पूरे राज्य में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा हो रहा है कोलेबिरा और सिमडेगा में भी संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं। बैठक को संबोधित करते हुए संकल्प यात्रा के जिला संयोजक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की पूरे झारखंड में संकल्प यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है झारखंड सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार रहें कोलेबिरा विधानसभा एवं सिमडेगा विधानसभा की संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होनी चाहिए यह 2024 लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बिगुल है। संकल्प यात्रा के जिला सहसंयोजक केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी इसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है और इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है सभी कार्यकर्ता संकल्पित है की 2024 में इस भ्रष्टाचारी राज्य सरकार को उखाड़ फेंकना है, सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम की सफलता को लेकर तैयारी शुरू कर दें। कार्यक्रम की सफलता हेतु विभाग वार कार्यकर्ताओं को जिमेवारी सौपी गयी, एवं तैयारी की समीक्षा हेतु अगली बैठक 10 सितंबर को कोलेबिरा विधानसभा एवं सिमडेगा विधानसभा में पुनः करने का निर्णय लिया गया।

## चलते चलते एक नजर

### नकली आर्मी ऑफिसर गिरफ्तार



**मुंबई :** पुणे की रेलवे पुलिस टीम ने नकली आर्मी ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। वह इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले में भी दाखिल हुआ था। पकड़ा गया फर्जी अधिकारी नीरज विक्रम विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का मूल निवासी है। पुणे रेलवे पुलिस के अनुसार नीरज विश्वकर्मा पुणे रेलवे परिसर में आर्मी आफिसर की वर्दी में टहल रहा था। रेलवे पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो पहले उसने गोलमोल जवाब दिये। इसके बाद उससे परिचय पत्र मांगा, लेकिन उसके पास परिचय पत्र नहीं था। नीरज की वर्दी पर नेमप्लेट, पैरा बैच, लेफ्टिनेंट का बैच लगा हुआ था। जीआरपी ने सैन्य खुफिया अधिकारियों को बुलाकर जब नीरज के बारे में छानबीन की, तो वह फर्जी साबित हो गया। इसके बाद रेलवे पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि नीरज विश्वकर्मा एक सैन्य अधिकारी की वर्दी पहनकर दिल्ली छावनी क्षेत्र में भी घूमता था। इसके अलावा वह 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर पर झंडा फहराने के दौरान भी नीरज सैन्य वर्दी पहनकर बिना पास के दाखिल हुआ था। इतना ही नहीं नीरज ने वहां सैन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की थी और उनके साथ फोटो खिंचवाई थी। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### आदिवासी समन्वय समिति ने किया बैठक

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी समन्वय समिति की एक बैठक सेलेस्टीन कुजुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस अवसर पर एडवोकेट बिरसा मुंडा ने कहा कि जिले के आदिवासियों को एक सूत्र में लाने के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म की जरूरत है और इस प्लेटफार्म के तौर पर आदिवासी समन्वय समिति मजबूत तरीके से काम कर रही है। इस बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा अपने-अपने विचार दिए और समिति को प्रत्येक प्रखंड में समिति गठन करने पर बल दिया गया और सभी प्रखंडों में आदिवासी समन्वय समिति का गठन करने के लिए तिथि तय किया गया। मौके पर लाल मोहन सिंह, रंथु उरांव, गणेश अगेरिया, संदीप उरांव ,कमलनाथ अगेरिया ,विमला उरांव, पिंटू लोहरा, विश्वनाथ सिंह, सरोज लोहरा, जानकी सिंह खरवार, बिरसा मुंडा, धनेश्वर उरांव ,जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ,गोपाल सिंह चेरो ,मोहन लोहरा ,निर्मला उरांव, मुखिया सुनिता उरांव ,सकेन्द्र अगेरिया इत्यादि लोग मौजूद रहे।



पलामू चैंबर महिला विंग के द्वारा उद्यमी विकास संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# बहनों का व्यावसायिक क्षेत्र में प्रवेश करना शुभ संकेत : प्रथम महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग के द्वारा उद्यमी विकास संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम महापौर अरुणा शंकर, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला सूमी, रांची से आई मुख्य वक्ता के रूप में आस्था किरण,मोटीवेटर रेनू गोपीनाथ पाणिकर, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, नवल तुलसियान, कृष्ण अग्रवाल, उद्यमी संध्या जायसवाल, पिंकी वर्मा,सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं अब जागरूक हो चुकी है। अब हमारी बहनें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है । खुद नौकरी करने की जगह अपना व्यवसाय करने की और अग्रसर है जो देश के इकोनामिक के लिए शुभ संकेत है। एक व्यवसाय करने वाला व्यक्ति जहां खुद के लिए रोजगार सृजन करता है, वहीं भारत की सबसे बड़ी समस्या रोजगार पैदा कर कई लोगों को रोजगार भी देता है। प्रथम महापौर ने कहा कि जब हमारा बुरा दौर कोरोना में चल रहा था उस वक्त कई परिवार को महिलाएं अपने पास चोरी छुपे संचित पैसे से अपने पूरे परिवार को संभाला। हमारे शहर एवं गांव की भी महिलाएं अब जागरूक हो चुकी है। तभी इतनी संख्या में चेंबर द्वारा आयोजित व्यावसायिक संगोष्ठी में भाग लेने यहां आई है। मैं सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूं। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला विंग की सचिन प्रियंका सिंघानिया ने कार्यक्रम के शुरू में अतिथियों को बुके देकर प्रारंभ किया। कार्यक्रम में कृष्ण अग्रवाल,प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान इंद्रजीत सिंह डिंपल ने अपनी बातें राखी। चैंबर के इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं के साथ चेंबर के सदस्य उपस्थित थे।

### पलामू की महिलाओं में है साहस : आस्था किरण

झारखंड चैंबर से आई पैसे से ड्रेस डिजाइनर आस्था किरण ने कहा कि यहां की महिलाओं से मिलकर आज मुझे महसूस हुआ कि पलामू में उद्योग के लिए सबसे बड़े जो चीज की आवश्यकता होती है वह है साहस। जो यहां के महिलाओं में कूट-कूट कर भरा हुआ है। अगर इन्हें दिशा दी जाए तो पलामू झारखंड का नंबर वन जिला महिला उद्यमियों का बन सकता है। प्रशासन से अनुरोध करूंगी यहां की महिला उद्यमियों को हर सुविधा और सरकारी योजनाओं का लाभ दी जाए।

### व्यवसाय एवं उद्योग विकास का सहयोगी है चैंबर : शर्मिला सूमी

शर्मिला सुमी ने कहा कि पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा आयोजित सॉगोष्ठी में इतनी संख्या में आई महिला चेंबर के प्रति अपनी आस्था बता रहा है। और चेंबर का भी प्रयास है ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को व्यवसाय करने में या कुटीर उद्योग लगाने में उनके सहयोगी बने। मैं व्यवसाय एवं कुटीर उद्योग करने वाली महिलाओं से अनुरोध करूंगी की वह चेंबर के साथ जुड़े ताकि उन तक आने वाली कठिनाइयों को यथासंभव दूर किया जा सके।



### डर के आगे जीत है : पिंकी वर्मा

महिला उद्यमी पिंकी वर्मा ने कहा कि मैं वर्षों से कार्य करते आ रही हूं।कोरोना काल भी देखा। लेकिन उससे कुछ सीखने को मिला। अब उस डर से निकल चुकी और सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रही हूं। बहनों को भी कहूंगी कि आप भी आगे आए। डरे नहीं कि कौन क्या कहेगा। क्योंकि डर से आगे जीत है।

### जिस चीज में पैशन वही काम करें : संध्या जायसवाल

शहर की चर्चित आरएस रेशम बुटीक जो शिवाय ब्लू होटल के नीचे तल्ले में संचालित है, की संचालिका संध्या जयसवाल ने बताया कि महिलाओं में हर वह क्षमता है जो कुशल व्यवसाई में होना चाहिए। मैं भी काम शुरू करने से पहले डरी थी। लेकिन आज कुशलतापूर्वक संचालन कर रही हूं। संध्या जायसवाल ने कहा कि इंसान को जिस चीज में पैशन हो, वही काम करना चाहिए,दबाव में अधिकतर कार्य सफल नहीं होते।

### सबसे बड़ा रोग, क्या कहेंगे लोग : रेनू पाणिकर

मोटीवेटर रेनू पानीकर ने कहा हम बहनों का सबसे बड़ा रोग है क्या कहेंगे लोग द्य मैं बहनों से कहना चाहूंगी कौन क्या रहेगा यह मत सोचिए आपको क्या करना है उसे दिशा में सोचिए आपकी सफलता सबों का जवाब होगा।

### बिजनेस में महिलाओं को पूरा सहयोग किया जाएगा : आनंद शंकर

चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, प्रियंका सिंघानिया एवं सदस्यों को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी और कहा कि महिलाओं को आज व्यवसाय करने हेतु फाइनेंस की मुख्य समस्या आती है। जब की बैंकों और सरकार द्वारा कई फाइनेंस योजनाएं चलाई जा रही है। परंतु जानकारी के अभाव में महिलाएं व्यवसाय नहीं कर पाती है। आज महिला विंग द्वारा झारखंड चैंबर से आई आस्था किरण एवं रेनू गोपीनाथ पाणिकर को चैंबर द्वारा आमंत्रित कर महिलाओं को व्यापार की जानकारी दिलाना एक शुभ संकेत है। अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि महिला समूह का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। जिसमें एक्सपर्ट रखे जाएंगे। किसी भी महिला को कोई भी जानकारी व्यवसाय संबंधित लेनी हो तो ग्रुप में डालें। जानकारी मिलेगी और सहयोग भी मिलेगा। श्री शंकर ने यह भी कहा मैं उपायुक्त से जितने भी मॉल डाल्टनगंज में खुल रहे हैं उसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री रखने की मांग करूंगा।



# सबसे ज्यादा झारखंड में मॉब लिंचिंग की घटनाएं कानून नहीं बनना दुखद : काशिफ रजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजाद समाज पार्टी का द्वितीय राज्य स्तरीय प्रदेश कार्यकारिणी समिति का मिलन समारोह का आयोजन रांची प्रेस क्लब में किया गया। इस मौके पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश और सभी 24 जिला के भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारी गण उपस्थित हुए। बैठक में बताया गया कि बीते 18 अगस्त को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के द्वारा आजाद समाज पार्टी झारखंड प्रदेश की 17 सदस्य कार्यकारिणी सदस्यों का घोषणा की गई थी । जिसमें जमशेदपुर के काशिफ राजा सिद्दीकी को प्रदेश अध्यक्ष, रांची के मधुसूदन कुमार को मुख्य महासचिव और नसीम शाज को संगठन सचिव बनाया गया है ।




**मॉब लिंचिंग की घटनाएं बढ़ी :** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ राजा ने पत्रकारों से कहा कि झारखंड को बिहार से अलग 23 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन आज भी झारखंड के तमाम दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के समाज को शिक्षा, रोजगार ,व्यापार, न्याय अधिकार से वंचित रखा गया है । उन्होंने झारखंड में मोब लिंचिंग की घटनाएं बढ़ी है। बावजूद इसके अब तक मोबाइल लॉन्चिंग पर कोई कानून नहीं बन पाया है । आगे उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर ईसाई समाज पर अत्याचार और शोषण बढ़ता जा रहा है। झारखंड आजाद समाज पार्टी को पूर्णता स्थापित का राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखा गया। दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज को सत्ता मे लाकर ईमानदार और पढ़े-लिखे युवाओं, महिलाओं, शोषित , वंचित समाज के लिए आवाज उठाने वाले आंदोलनकारी को प्रतिनिधित्व का मौका देंगे । इस मौके पर भीम आर्मी राष्ट्रीय संगठन सचिव त्रहू राम आजाद, समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ राजा सिद्दीकी, भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज ,आजाद समाज पार्टी के प्रदेश मुख्य सचिव मधुसूदन कुमार , उपाध्यक्ष मुमताज खान, नागमणि रजत, सिराज अहमद, रंजीत दास, नवीन मुर्मू ,अजय वर्मा , सिराजुद्दीन खान, यदुनंदन नायक, तरणी सेन मांझी, मोहम्मद नसीम , अयाजउद्दीन, दीपक कुमार , प्रभुनाथ , बौद्ध , परवेज खान , हीरोधार दास सहित भीम आर्मी नेता आकाश मुखी ,उत्पल विश्वास, महेंद्र कुमार दास , विकास यादव, लक्ष्मी हरी , शंकर कुमार दास , कमल किशोर दास, राजेश कुमार दास, शाहिद गोवर्धन दास , आफताब अंसारी , शशि रंजन , भारतीय विकास, अंबेडकर कृष्णा नायक , वीरेंद्र भगत , मधुराव, ललित राम, सहित 24 जिला के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

### सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन के बयान की हो रही चौतरफा आलोचना

**नई दिल्ली/डूंगरपुर/सतना :** तमिलनाडु की द्रमुक सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान का देशभर में विरोध शुरू हो गया है। भाजपा और विहिप समेत कई संगठनों ने इस बयान की कड़ी आलोचना की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम में एक जनसभा में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के घटक दल द्रमुक और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक पुराने बयान को इससे जोड़ते हुए कहा कि अपनी राजनीति के लिए कांग्रेस और द्रमुक सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन का राज लोगों के दिलों में है, जिसे कोई हटा नहीं सकता।

# सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में लगाया जनता दरबार

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के दिन की शुरुआत पूजा-पाठ और गौ सेवा से हुई। इसके बाद वे गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवा आश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे। यहाँ पहले से ही बैठाये गये समस्याओं से पीड़ित लोगों से मिले। एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या निवारण का निर्देश देते रहे।



**एजेंसी**

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर में हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की समस्याओं को जाना सुना और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के दिन की शुरुआत पूजा-पाठ और गौ सेवा से हुई। इसके बाद वे गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवा आश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे। यहाँ पहले से ही बैठाये गये समस्याओं से पीड़ित लोगों से मिले। एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या निवारण का निर्देश देते रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायतें भी दी और कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता न बरती जाए। हर समस्या का त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण होना चाहिए।

# किसान दंपत्ति ने मासूम के साथ की आत्महत्या



**एजेंसी**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश में निवाड़ी जिले में शनिवार की रात एक किसान दंपत्ति ने अपने पांच वर्षीय मासूम बेटे के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर रविवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसान कर्ज के तले दबा हुआ था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार, पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र के केशरीगंज गांव निवासी 35 वर्षीय आंनद उर्फ चौकी पुत्र प्रभु केवट खेती-किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी पत्नी राखी पत्नी चौकी केवट भी खेती के कार्य में हाथ बंटाती थी। शनिवार की रात चौकी केवट अपनी पत्नी राखी केवट के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके पहले उन्होंने अपने पांच वर्षीय पुत्र मनीष केवट को फंदे पर लटकाया। रविवार सुबह जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां बच्चे का शव अलग मिला है, जबकि दंपत्ति के शव एक ही फंदे पर झूलते हुए मिले। पुलिस ने एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर बुलाया और पंचनामा बनाते हुए शवों को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है।


निवाड़ी एसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि किसान दंपत्ति ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह सामने आई है। पुलिस पूरी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई करेगी।

# आर्म्स लाइसेंस लेना हुआ मुश्किल, 2023 में 18 को ही मिला स्वीकृति

**परवेज़ कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** रांची जिला में जमीन संबंधित विवादित घटनाएं बढ़ रही है। हाल के दिन में माले नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद कई लोगों ने जिला उपायुक्त और अपने स्थानीय थाना में आर्म्स लाइसेंस के लिए आवेदन दे रहे हैं। कुछ लोगों का आवेदन काफी सालों से लंबित पड़ा हुआ है , हालांकि तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन के समय में आर्म्स लाइसेंस के मामले में काफी विवाद हुआ था । उस दौरान रांची विधायक सीपी सिंह ने भी पत्रकारों से कहा था कि उपायुक्त छवि रंजन लाइसेंस पर रिश्वत मांग रहे हैं। इसके बाद तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन ने अपने कार्यालय के बाहर आर्म्स संबंधित मामले में नहीं मिलने का एक बोर्ड भी लगा दिया था , जो काफी समय तक बोर्ड दीवार पर लगा हुआ रहा।

**कौन कर रहा है आवेदन:** जमीन से जुड़े, ठेकेदार, व्यापारी, बिल्डर, डॉक्टर, नेता, अफसर, सैनिक और पत्रकार ने भी आर्म्स के लिए आवेदन किया है। लेकिन वर्तमान में आर्म्स लाइसेंस मिले यह संभव नहीं लग रहा है। बीतें 2017 से अगस्त 2023 तक कुल 354 लोगों को ही आर्म्स लाइसेंस जारी किया गया है। अपने आवेदन में अपने व्यापार के बढ़ते दायरे का हवाला देते हुए भविष्य में आनेवाले संभावित खतरों का जिक्र किया है। सबसे खास बात यह है कि मौजूदा समय में आ रहे आवेदनों में पिस्टल और रिवाल्वर की मांग सबसे अधिक किया गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इन हथियारों को पास रखना और इनका इस्तेमाल करना बेहद आसान है, हालांकि, पहले राइफल और दोनाली बंदूक आवेदकों की पसंद थी। कई आवेदन स्वीकृत हुए हैं। लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी करने के बाद करीब 12 फीसदी लोगों को ही हथियार के लाइसेंस जारी किये गया है। रांची जिले में बीते 2017 से अब तक 3,016 लोगों ने अपराधियों से मिल रही धमकी और आत्मरक्षा का हवाला देते हुए हथियार के लाइसेंस के लिए अर्जी दी है। इनमें से मात्र 354 लोगों के आवेदन पर विचार करते हुए इन्हें लाइसेंस जारी किया गया।



**उपायुक्त ने कहा:** रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बताया कि आर्म्स लाइसेंस बहुत विवादित है, इस पर हमलोग कुछ नहीं कर रहे हैं।रोज आवेदन लेकर लोग आ रहे हैं हर किसी को लाइसेंस लेना संभव नहीं है। अपनी ओर से अब तक उन्हीं कुछ लोगों को हथियार के लाइसेंस जारी किये गये हैं, जिनके जान को बहुत ज्यादा खतरा है, कभी भी इसके साथ घटना हो सकती है उसे ही दिया गया है। ऐसे किसी तरह की आशंका है तो स्थानीय पुलिस थाना,एसपी से मिलकर अपनी बात रख सकते हैं। लेकिन फिलहाल आर्म्स लाइसेंस जारी करना थोड़ा मुश्किल है।

**2017 से 2023 तक आर्म्स:** 2017 में 507 आवेदन आए थे 88 आर्म्स राइफल को स्वीकृति मिली थी, 2018 में 518 आवेदनों में 37 को स्वीकृति दी गई , 2019 में 228 में 50 को स्वीकृत किया गया, 2020 में 554 में 56 को और 2021 में 546 में 60 और 2022 में 338 में से 45 और 2023 में 275 आवेदन आए थे जिसमें से 18 लोगों को ही अब तक अगस्त महीने तक आर्म्स की लाइसेंस दी गई है।

**कोरोना काल में लाइसेंस :** कोरोना काल के दौरान 2020 में 554 आवेदन में 56 स्वीकृति मिली थी वहीं 2021 में 546 आवेदनों पर 60 को स्वीकृति दी गई थी। वर्ष 2014 में वर्ष 2014 में सबसे ज्यादा 101 लोगों को हथियार का लाइसेंस दिया गया था। इस वर्ष 468 लोगों ने लाइसेंस के लिए अर्जी दिये थे। इनमें से 101 के आवेदन पर विचार कर प्रशासन से लाइसेंस जारी किया। वर्ष 2014 चुनाव का वर्ष रहा, जिसमें लोकसभा और विधानसभा का चुनाव हुआ था। ऐसे में चुनावी साल में ज्यादा लाइसेंस दिये गये।

**ऐसे मिलता है हथियार का लाइसेंस:** जिला प्रशासन के पास हथियार का आवेदन आने पर उसे संबंधित थाना को भेजा जाता है। आवेदन पर थाना के इंस्पेक्टर द्वारा आवेदन की जांच की जाती है। इसके बाद इसकी जानकारी डीएसपी, एसपी और एसएसपी को दी जाती है। एसडीओ के यहां समय लगता है इस दौरान यह देखा जाता है कि आवेदन पर 107 और 144 के अलावा सीपीसी की धाराओं में कोई मामला तो दर्ज नहीं है। आवेदन में त्रुटि होने पर उसे संबंधित थाना को लौटा दिया जाता है।